रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 38.0 | अधिक. 38.6°
न्यून. 23.0 | न्यून. 23.8°
रांची, रविवार
27 अप्रैल 2025
वर्ष-26, अंक-85, पृष्ठ-12

वैशाख कृष्ण पक्ष 30, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

### धनबाद के वासेपुर में एक महिला समेत चार संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

## आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' के झारखंड मॉड्यूल का खुलासा

- इसका मकसद इस्लामिक स्टेट की स्थापना करना है
- भारत सरकार ने इस कट्टरपंथी संगठन को किया है प्रतिबंधित

**नवीन मेल डेस्क**



रांची। आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने शनिवार को एक बड़े आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' के झारखंड विंग का खुलासा किया। एटीएस ने धनबाद के वासेपुर में एक महिला समेत चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार भी किया। सभी गिरफ्तार संदिग्ध प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' से जुड़े हुए हैं। छापेमारी का नेतृत्व एटीएस के एसपी ऋषभ झा स्वयं कर रहे थे।

झारखंड एटीएस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद जिले में छापेमारी कर इस मॉड्यूल का खुलासा किया है। झारखंड एटीएस के अनुसार, हिज्ब उत तहरीर को विधि-विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण (यूएपीए) अधिनियम-1967 के तहत भारत सरकार की ओर से प्रतिबंधित किया गया है। इस संगठन के प्रतिबंधित होने के बाद यह देश का पहला आपराधिक कांड है। झारखंड एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हिज्ब उत तहरीर, अलकायदा अकीस (अलकायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट), आईएसआईएस और कुछ अन्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े कुछ व्यक्ति राज्य के अन्य युवकों को अपने नेटवर्क से जोड़कर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए गुमराह कर रहे हैं।

शेष पेज 11 पर

### इनकी हुई गिरफ्तारी

- गुलफाम हसन (21), धनबाद के बैंकमोड़ थाना के अलीनगर।
- आयान जावेद (21), धनबाद के भूली थाना के अमन सोसाइटी।
- मो. शहजाद आलम (20), धनबाद के भूली थाना के अमन सोसाइटी।
- शबनम परवीन (20) धनबाद के भूली थाना के शमशेर नगर गली नंबर-03।

### यरुशलम में हुआ था 'हिज्ब उत तहरीर' का गठन

आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' का गठन वर्ष 1953 में यरुशलम में हुआ था। इस संगठन का मकसद विश्व में खलीफा यानी इस्लामिक स्टेट की स्थापना करना है। वर्ष 2010 में भारत सरकार ने इस्लामी कट्टरपंथी समूह 'हिज्ब उत तहरीर' पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस संगठन का मुख्य काम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें विभिन्न आतंकी संगठनों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। आतंकी संगठन आतंकी गतिविधियों के माध्यम से लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को उखाड़ कर भारत सहित दुनिया भर में इस्लामी राष्ट्र और खिलाफत स्थापित करने के लिए काम करता है।

## अलविदा पोप फ्रांसिस...



- बेसिलिका डी सांता मारिया मैगीगोर में दी गई अंतिम विदाई

**वेटिकन सिटी (हि.स.)**

वेटिकन में इस महीने की 21 अप्रैल से चिरनिद्रा में लीन पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को कैथोलिक चर्च के रीति-रिवाज के साथ सेंट पीटर बेसिलिका के स्थान पर बेसिलिका डी सांता मारिया मैगीगोर में किया गया। अंतिम संस्कार की प्रार्थना सभा पूरी होने के बाद यहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ ईसाई कैथोलिक धर्मगुरु के ताबूत को दफनाया गया। करीब ढाई लाख लोग इसके साक्षी बने। लगभग 170 देशों के प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने पोप को अंतिम विदाई दी।

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### सड़क हादसे में तीन की मौत, सात गंभीर

**चतरा।** पेड़ से टकराई श्रद्धालुओं से भरी स्कार्पियो में तीन महिला की दर्दनाक मौत होने के साथ दो बच्चों समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना इटखोरी-चतरा मुख्यमार्ग पर स्थित सदर थाना क्षेत्र के गंधरिया गांव की है। ग्रामीणों ने पुलिस के सहयोग से उपचार के लिए सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सभी इटखोरी माता भद्रकाली मंदिर से पूजा कर लौट रहे थे। इस दौरान स्कार्पियो अचानक अनियंत्रित हो पेड़ से जा टकराई।

### बीएसएफ ने पकड़ा पाकिस्तानी ड्रोन व ड्रग

**चंडीगढ़ (हि.स.)।** बीएसएफ ने सीमा पार से होने वाली हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई कर पंजाब के अमृतसर व तरनतारन से हथियार व ड्रग बरामद किया है। बीएसफ से मिली जानकारी के अनुसार, पंजाब में कई समन्वित सर्च अभियानों के दौरान मैगजीन के साथ एक पिस्तौल, एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन और संदिग्ध हेरोइन के 4 पैकेट (कुल वजन लगभग 1.935 किलोग्राम) बरामद किए गए। बीएसएफ ने अमृतसर के गांव दाओके में एक खेत से 302 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

### सीएम सोरेन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन व स्वीडन में निवेशकों को दिया पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन

## झारखंड में निवेश का न्योता

**निवेशकों को बताया**

- झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज संसाधनों का है प्रचुर भंडार
- राज्य में है खनिज ब्लॉकों की नीलामी और अन्वेषण का अवसर
- झारखंड के पास है पूरे देश के खनिज की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नवीन मेल डेस्क**



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन व स्वीडन के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों को खनन क्षेत्र में विशेषकर खनिज उपकरण निर्माण व खनिज ब्लॉक की नीलामी में निवेश का न्यौता दिया। खान सचिव अरवा राजकमल व खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने निवेशकों के समक्ष पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

प्रतिनिधिमंडल में गए अधिकारियों ने पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से निवेशकों को बताया कि झारखंड भारत के उन राज्यों में से एक है, जो प्राकृतिक खनिज संपदा से समृद्ध हैं। यह राज्य भारत के कुल खनिज संसाधनों का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा समेटे हुए है। झारखंड खनिज उत्पादन के क्षेत्र में देश में पांचवें स्थान पर है और इसकी खनिज संपदा भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। राज्य कोयला, लोहा, तांबा, बॉक्साइट, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वाट्र्जाइट, मैंगनीज, यूरेनियम

शेष पेज 11 पर

### खनन उपकरण निर्माण में निवेश के अवसर

अधिकारियों ने निवेशकों को जानकारी दी कि खनन क्षेत्र के विकास के साथ खनन उपकरण निर्माण में भी झारखंड में अपार संभावनाएं हैं। ड्रिलिंग रिग, आर्टिकुलेटिंग ट्रक, बुलडोजर, ड्रैगलाइन, ड्रिल मशीन, हॉल ट्रक, लोडर, मोटर ग्रेडर और एक्सकेवेटर जैसे खनन अन्वेषण वाहनों और उपकरणों का निर्माण एक बड़ा उद्योग क्षेत्र बन सकता है। इसके अलावा, खनिज प्रसंस्करण एवं शुद्धिकरण उपकरण जैसे कि ग्राइंडिंग इक्विपमेंट, मैग्नेटिक सेपरेटर, थिकनर, क्लैरिफायर आदि के निर्माण में भी निवेश के सुनहरे अवसर हैं। वाहन उपकरणों के निर्माण के साथ-साथ परिवहन साधनों जैसे कि बेल्ट कन्वेयर, मोटर स्क्रैपर आदि के निर्माण में भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

### झारखंड में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण

निवेशकों को बताया गया कि झारखंड एशिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल निर्माण क्लस्टरों में से एक है। राज्य की सरकार ने निवेश को आकर्षित करने के लिए कई आकर्षक प्रोत्साहन योजनाएं लागू की हैं। बड़ी परियोजनाओं और एमएसएमई के लिए विशेष रियायतें दी जा रही हैं। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने झारखंड इंटीग्रेटेड माइंस एंड मिनरल्स मैनेजमेंट सिस्टम (जिम्स) लागू किया है, जिससे खनन कार्यों का डिजिटलीकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है।

## सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : पीएम



**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और नवाचार से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। वहीं हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नई नियुक्ति पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्थानों से जुड़े जनसमूह को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य है- 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रॉडक्ट बनाने का मौका देना है। इससे ना केवल देश के लाखों छोटे उद्योंगो और लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स 2025) का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है और आज देश में युवाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं। कुछ ही दिन बाद मुंबई में वेव्स 2025 का आयोजन होगा। इस आयोजन के केंद्र में देश के युवा क्रिएटर्स हैं। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट से जुड़े नवाचारियों को पहला बड़ा मंच मिलेगा। स्टार्टअप्स को निवेशकों और इंडस्ट्री लीडर्स से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा।

शेष पेज 11 पर

### युवा भागीदार बनता है, तो तेजी से आगे बढ़ता है देश : संजय सेठ

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** रोजगार मेला में शनिवार को रांची के सीसीएल स्थित सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 172 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। इन युवाओं को जिन क्षेत्रों में नियुक्ति पत्र दिया गया, उसमें केंद्र सरकार के जीएसटी, सेंट्रल एक्साइज, बैंक, बीएसएफ, सीआरपीएफ, पोत, रेलवे, जल आयोग, सीएससी, पीसीआई शामिल है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी नवनियुक्त युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त युवाओं पर अब देश की आर्थिक मजबूती की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब युवा देश निर्माण में भागीदार बनता है, तो राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ता है। उन्होंने सभी नवनियुक्त युवाओं से राष्ट्र प्रथम के भाव से काम करने की बात कही। सेठ ने कहा आप सभी युवा भारत के धरोहर हैं। आप सभी भारत के 2047 के विकसित भारत के ब्रांड एंबेसडर हैं।

## रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करे मीडिया

- सूचना प्रसारण मंत्रालय ने जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली (हि.स.)**



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने का परामर्श जारी किया है। सोमवार को मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए।

पिछली घटनाओं को रेखांकित करते हुए परामर्श में कहा गया है कि रक्षा अभियानों या आवाजाही से संबंधित 'स्रोत-आधारित' जानकारी के आधार पर कोई वास्तविक समय कवरेज, दृश्यों का प्रसार या रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए।

शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### रिटायर्ड आदिवासी अफसरों के संगठन ने उठाए आदिवासियों के मुद्दे

## जमीन के ऑनलाइन रिकार्ड त्रुटिपूर्ण रहने से झारखंड परेशान

- टीएसी से राज्यपाल को बाहर करने से कमजोर हुआ झारखंड
- आरक्षण रोस्टर का माखौल उड़ रहा झारखंड में
- बंद हो आरक्षण विरोधी आउटसोर्सिंग अनुबंध आधारित नौकरी

**नवीन मेल संवाददाता**




रांची। पड़हा समन्वय समिति, भारत ने रांची प्रेस क्लब में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन किया। उच्च पदों से सेवानिवृत्त पदस्थ सदस्यों ने झारखंड से जुड़े मुद्दे पर खुलकर बात की। सेल्स टैक्स के उपायुक्त रहे राणा प्रताप उरांव ने कहा कि पूरे राज्य में भूमि के रिकार्ड ऑनलाइन किए जा रहे थे, तो जानबूझकर या लापरवाही से बिना जांच किए त्रुटिपूर्ण एंट्री की गई, जिससे एक भी रिकॉड संदेह से परे नहीं है। इस कारण रातों-रात सरकारी जमीन, आदिवासियों की जमीन और सार्वजनिक जमीन मनमाने ढंग से हस्तांतरित किया जा रहा था, या बेचा जा रहा था, जिससे उत्पन्न विवाद में गरीब और आदिवासियों लेकर सरकारें तक उलझी हुई हैं। सरकार को विशेष अभियान चलाकर इन सारे रिकॉड को पूर्व के लिखित रिकॉड का अनुसरण करना चाहिए, ताकि अनावश्यक हिंसा न हो।

पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि सीएनटी, एसपीटी एक्ट को आधुनिक युग के हिसाब से परिवर्तित कर आदिवासियों के कहीं भी जमीन खरीदने की छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भीली कोड, गोंडी कोड जैसी मांगों से लेकर सरना कोड की मांग पूरी नहीं हो पा रही है।

सरकार को कम से कम आदिवासी कोड अवश्य देना चाहिए। एलएम उरांव
सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर एलएम उरांव ने कहा कि झारखंड में आरक्षण रोस्टर की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की भी अवहेलना हो रही है।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## बेलगाम सोशल मीडिया व घातक होती टीआरपी पत्रकारिता



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कहावत है कि जिसके मूर्ख दोस्त हों उन्हें दुश्मनों की जरूरत ही क्या है ! लगभग यही स्थिति अति उत्साही यूट्यूब के कथित उत्साही पत्रकारों,सोशल मीडिया वीरों और कुछ गैर जिम्मेदार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोगों का है जो हाथ में आई कलाम और शुक का दफ्तर खुला वाले अंदाज में मोबाइल या कैमरे से टीआरपी या लाइक्स की दौड़ में अनजाने में देश के दुश्मनों की मदद कर रहे हैं। कश्मीर से लेकर भारत के विभिन्न हिस्सों से सेना की गतिविधियां शत्रु देशों को रणनीति बनाने के बहुत काम आती है और जब भी ऐसी मूवमेंट की खबर हम सोशल मीडिया पर या किसी भी प्रचार माध्यम से चलाते हैं तो उन जासूसों या स्लीपर सेल जैसा कृत्य करते हैं जो पैसे लेकर ऐसी खबरें भेजते हैं। हमें याद रखना चाहिए यही गलती हमारे देश के टीवी चैनलों ने 26/11 के सामी की थी जिसे पाकिस्तान में मॉनिटर कर वहां से निर्देश दिए जा रहे थे और नतीजा हुआ कि अनेक पुलिसकर्मियों सहित निर्दोष नागरिकों की जानें गईं और कमांडों ऑपरेशन में बाधा आ गई जिसके बाद इसकी जांच और समीक्षा में यह बात सामने आई जिसके बाद सभी टीवी चैनलों को सलाह दी गईं कि वे किसी भी आतंकी घटना का जीवंत प्रसारण न करें। कश्मीर में ही यह प्रयोग सफल रहा और घंटे भर बाद प्रसारण से अनेक आतंकी इन सूचनाओं के आधार पर भ्रमित होकर या तो मारे गए या पकड़े गए।

पत्रकारिता को साहित्य का ही अंग माना जाता है जिसे सत्यम शिवम सुंदरम की अवधारणा पर काम करना चाहिए यानी सत्य हो,आकर्षक भी हो पर शिव की तरह जनकल्याण के लिए हो। कुछ अति उत्साही लोगों ने भारत की सुरक्षा और सुरक्षाकर्मियों को जाने अनजाने खतरे में डाल दिया है या डाल सकते हैं जिस कारण सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा



प्रसारण न करने की अडवाइजरी जारी की है। अडवाइजरी में कहा गया है, "राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का प्रयोग करें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।" यह सच है कि सच को छुपाया नहीं जा सकता या छुपाना उचित नहीं पर हमारी गतिविधियां मोबाइल रूपी हथियार से अपने ही देश का अहित करने वाला नहीं होना चाहिए। अभी किसी भी घटना को देखते ही उसक वीडियो बनाने वालों की भीड़ लग जाती है और अनेक उत्साही फेसबुक लाइव तक कर देते हैं जिनकी अधूरी या गलत जानकारी से जातीय धार्मिक तनाव बढ़ जाता है।


पत्रकारिता की पढ़ाई या प्रशिक्षण के बिना एकतरफा,भ्रामक या अधूरी जानकारी फैलाने के खतरों को हम समझ महीन पाते और सुरक्षा एजेंसियों की ऐसी सूचनाओं को फैलाने वालों की जाने वाली कार्रवाई के शिकार हो सकते हैं। इसलिए सोशल मीडिया पोस्ट में आतंकियों पर सेना या पुलिस की कार्रवाई की मनमानी रिपोर्टिंग से बचना चाहिए क्योंकि इससे आतंकी सतर्क हो छिप सकते हैं या भाग सकते हैं जिससे अंतोगत्वा नुकसान समाज का ही होगा। आजकल एक्स,इन्स्टा और फेसबुक पेज पर पड़ोसी देश की कुख्यात एजेंसी आईएसआई एक नया अभियान चला रही है जिसमें भारतीय नामों वाली फर्जी महिलाओं की कामुक फोटो और मैसेज रहते हैं। आश्चर्य नहीं कि इनके फोलोवर्स लाखों में होते हैं । इनकी छानबीन आप स्वयं भी कर सकते हैं जिसमें भारती सिंह,कोमल शर्मा,भाभीजी जैसे फर्जी नामों से हजारों प्रोफाइल हैं और इनके आईएसआई से लिंक का अकाट्य सबूत यह है कि इनके अधिकांश फ्रेंड या या जिन्हें ये प्रोफाइलधारी फॉलो करते हैं सभी या अधिकांश पाकिस्तानी हैं। इनसे जुडने वालों पर आईएसआई की नजर रहती है और फिर इन्हें ये हानी ट्रैप में फंसाते है जिन्हें ब्लैकमेल कर देश विरोधी काम कराए जाते हैं। अनेक सेना का अधिकारियों तक को इसमें फंसाया गया है।

यदि यूट्यूब और बिना रजिस्ट्रेशन के ऐसी गैर जिम्मेदार पत्रकारिता चलती रही तो वह दिन दूर नहीं जब सरकार मजबूर होकर कड़े कानून बनाएगी या सभी ऐसे चलंत पत्रकारों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर देगी तब शोर उठेगा कि चौथे स्तंभ को रोका जा रहा है। अभी इसका असर यह हुआ कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी के पर्यटन पर भारी असर पड़ा है। होटल बुकिंग रद्द हो रही हैं और स्थानीय व्यवसायियों को नुकसान हो रहा है। कश्मीर ही नहीं देश के पर्यटन उद्योग और इसकी शान्तिप्रिय छवि को नुकसाना पहुंचेगा इसलिए सरकार कड़े कदम उठाएगी ही इसमें कोई संदेह नहीं।

### पहलगाम आतंकी हमला मामला

## ट्रंप पूरी तरह भारत के साथ नहीं!

**- ब्यूरो**




ट्रंप और उनकी सरकार के अधिकारियों के बयान में नहीं है एकरूपता

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमला मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह से भारत के साथ नहीं हैं, उनका रवैया बहुत ढुलमुल है। पहलगाम हमले के बाद से ट्रंप व उनकी सरकार के जो बयान आए हैं, उनमें बिल्कुल एकरूपता नहीं है। अमेरिका एक तरफ पूरी तरह से भारत के साथ खड़े होने की बात कर रहा है, लेकिन इसी दौरान ट्रंप का पाकिस्तान प्रेम भी उभर आया है। शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप समेत अमेरिकी सरकार की ओर से इस आतंकी घटना को लेकर तीन तरह के बयान आए हैं और इनमें जमीन आसमान का फर्क है। इसकी पोल पट्टी पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आतंकवाद के मसले पर अमेरिका व ब्रिटेन के असली चरित्र को बेनकाब करके कर दिया। पहलगाम हमले से शुरू में हाथ खींचने वाले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक इंटरव्यू में मान लिया है कि वह तीन दशकों से आतंकवाद को पाल रहा है। उनका दावा है कि पाकिस्तान यह 'गंदा काम' 'अमेरिका और ब्रिटेन समेत पूरे पश्चिम के लिए करता रहा है। यह गलती थी और हम इसका खामियाजा भुगत चुके हैं।'

शेष पेज 11 पर



गोथेनबर्ग पहुंचने पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वीडन स्थित भारतीय दूतावास में स्वागत करते चार्ज डी'अफेयर और प्रथम सचिव (राजनीतिक) राकेश कुमार तिवारी।



स्वीडन के गोथेनबर्ग में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वोल्वो ट्रक प्लांट का दौरा किया और प्लांट के अधिकारियों के साथ बातचीत की।

## पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में अधिवक्ताओं ने निकाला मार्च, दी विनम्र श्रद्धांजलि



**रांची।** रांची जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने 26 अप्रैल शनिवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में तथा मारे गए निर्दोष पर्यटकों के प्रति सहानुभूति में शांतिपूर्ण जुलूस निकाल कर अपनी संवेदना प्रकट की। आरडीबीए के महासचिव संजय कुमार विद्रोही के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता नए बार भवन परिसर में दोपहर 12 बजे एकत्र हुए। वहां से अधिवक्ताओं ने पाकिस्तान मुदार्बाद का नारे लगाते हुए पैदल मार्च करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक गए। आंतकी हमले में मारे गए 26 नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संजय विद्रोही ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन इस आतंकी घटना से बहुत दुखी है। मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। घटना को अंजाम देनेवालों को जल्द से जल्द सफाया किया जाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से लेकर देश भर के जस्टिस और न्यायिक पदाधिकारियों कम से कम एक दिन का वेतन आतंकी हमले में शहीद हुए परिवार के सदस्यों के लिए दान कर महानता का परिचय दें।

# संविधान बचाओ रैली के लिए कांग्रेस की तैयारी जोरों पर

### तीन मई को होगी रैली, कांग्रेस के बड़े चेहरे हो सकते हैं शामिल




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर झारखंड प्रदेश मीडिया विभाग, कांग्रेस कोटे के बोर्ड निगम के अध्यक्ष और सदस्यों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। उपस्थित सदस्यों को अध्यक्ष कमलेश ने विभिन्न कार्यों का प्रभार देकर विशेष दिशा निर्देश दिया। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के अनुसार पूरे देश में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में आगामी 3 मई को रांची में पुराना विधानसभा मैदान में रैली आयोजित की जा रही है। रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस के वरीय नेताओं को आमंत्रित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजेश लिलोठिया, विक्रांत भूरिया, अनिल चंद्रा ने सहमति प्रदान कर दी है। इसके अलावा, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, इमरान प्रतापगढ़ी सहित अन्य नेताओं की सहमति मिलने की भी उम्मीद जताई जा रही है।

आज की बैठक में पूरे प्रदेश स्तर पर मीडिया, सोशल मीडिया सहित अन्य प्रचार-प्रसार माध्यमों के द्वारा रैली के मुद्दों को व्यापक स्तर पर जनता के बीच प्रमुखता से रखने का निर्णय लिया गया।

सोनाल शांति ने बताया कि देश में केंद्र सरकार द्वारा ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग आदि संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता छिनने के प्रयास, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड के झूठे केस में फंसाने, न्यायपालिका को परोक्ष रूप से धमकाने, संविधान के बदलाव के प्रयास का विरोध रैली का मुख्य मुद्दा है। कांग्रेस किसी भी परिस्थिति में जनता को संविधान द्वारा प्रदत अधिकारों को छिनने नहीं देगी। संघर्ष का जो भी रास्ता नेतृत्व तय करेगा, उसे पर नेता-कार्यकर्ता चलेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से रवींद्र सिंह, संजय लाल पासवान, राजीव रंजन प्रसाद, कुमार गौरव, राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुजनी, अभिलाष साहू, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, उज्ज्वल तिवारी, सूर्यकांत शुक्ला, खुर्शीद हसन रूमी, कृतिका पांडे, राजन वर्मा अमरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

### राजधानी के दरभंगा हाउस में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

# झारखंड के 270 युवाओं को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

### पीएम मोदी ने ऑनलाइन किया संबोधित, सबको दी बधाई

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बतौर मुख्य अतिथि रहे मौजूद





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस के सभागार में शनिवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के 51 हजार 236 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया।

झारखंड सहित भारत के कुल 47 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। रांची में कुल 270 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ऑनलाइन संबोधन में नियुक्ति पाने वाले युवाओं से कहा कि उनके कार्य का मकसद सिर्फ पद प्राप्त करना नहीं है, बल्कि पद का उपयोग भारत की सेवा करने और देश की प्रगति में अपना योगदान देने में करना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने नियुक्ति पाने वालों में महिलाओं की संख्या देखकर प्रसन्नता जाहिर की।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हाल ही में यूपीएससी द्वारा जारी रिजल्ट में टॉप पांच में तीन महिलाएं हैं। उन्होंने नागरिक सेवा को देव सेवा बताते हुए अभ्यर्थियों को बधाई दी। नियुक्ति पत्र पाने वालों में कल्पना कश्यप, रीतेश राज लकड़ा, श्याम सुंदर तिवारी, प्रियांशु विनायक, आनंद राज, बसंत मेहता, अर्पित सिन्हा, नवीन कुमार, रीतेश सिकरवार, सुरेंद्र उरांव सहित कई अभ्यर्थी शामिल थे। इन युवाओं को बैंक, ईपीएफओ, केंद्रीय उत्पाद, रेलवे, पोस्टल विभाग सहित केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में पोस्टिंग मिली है।

### खुशी की बात है, नियुक्ति पत्र पाने वालों में 28 प्रतिशत महिलाएं हैं : संजय सेठ

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह 15वां रोजगार मेला है। इसके माध्यम से 47 स्थान पर देश के करीब 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का संकल्प पूरा हो रहा है। खास बात यह है कि आज के रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र पाने वाले 51 हजार युवाओं में 28 प्रतिशत महिलाएं हैं। यह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ के संकल्प को पूरा करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा पीएम मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं।

### निशा सिंह

नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों में काफी खुशी दिखी। रांची में सीजीएसटी में पोस्टिंग पाकर खुशी जताते हुए हजारीबाग की निशा सिंह ने कहा कि आज का दिन उनके लिए खास दिन है। उन्होंने कहा लंबा संघर्ष रहा है इस नौकरी को पाने के लिए।

### अमित कुमार

धनबाद जिले के अमित कुमार महतो ने सीजीएसटी हवलदार का पद हासिल किया है। उन्होंने कहा, मेहनत करने वाले अपने लक्ष्य को हासिल कर ही लेते हैं। आज अपना रोजगार पाकर काफी खुश हूं।

### रितेश सिकरवार

पलामू के रितेश सिकरवार ने कहा, मुझे सीजीएसटी हवलदार का पद मिला है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा, थोड़ा नर्वसनेस था, लेकिन नियुक्ति पत्र हासिल करने के बाद गर्व महसूस हो रहा है।

### सुलेंद्र उरांव

लोहरदगा पतरा टोली के सुलेंद्र उरांव ने कहा मुझे काफी अच्छा लग रहा है। काफी लंबे समय से तैयारी कर रहे थे। कई परीक्षाएं दीं, जिसके बाद अंत में यहां मुझे रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि रिजल्ट आने के बाद से ही इंतजार कर रहे थे, आखिरकार वह समय आ गया, जब हम अपने सपने को पूरा करने में सफल हुए हैं।

# रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी वित्तीय पदाधिकारी डॉ. दिलीप प्रसाद का शिष्टाचार सम्मान



**रांची।** आज रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी वित्तीय पदाधिकारी डॉ. दिलीप प्रसाद का शिष्टाचार भेंट के अवसर पर सम्मान किया गया। कार्तिक उरांव महाविद्यालय के बीएड संकाय के सहायक आचार्य एवं वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. दीपक प्रसाद तथा कुरुख विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेमचंद उरांव ने डॉ. प्रसाद को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया। इस अवसर पर आपसी संवाद के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा वित्तीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। डॉ. दिलीप प्रसाद ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका को मजबूती से आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। शिष्टाचार मुलाकात के इस सौहार्द्रपूर्ण माहौल में भावी सहयोग और समन्वय को लेकर सकारात्मक आशाएँ व्यक्त की गईं।

# जिला परिवहन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**रांची।** जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने प्रत्येक शनिवार की तरह कल भी समीक्षा बैठक की। इस दौरान लंबित मामलों की जानकारी ली गई और उनपर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के मामलों पर तुरंत बात करते करते हुए त्वरित कारवाई करें। ताकि बेवजह किसी को परेशान न होना पड़े। मौके पर कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए।

# कांग्रेस-झामुमो ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है : बाबूलाल

- झारखंड में विकराल रूप ले रही विदेशी घुसपैठ की समस्या
- सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच रुकवाने सुप्रीम कोर्ट तक जाती है



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशान साधा है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि विदेशी घुसपैठ की समस्या झारखंड में विकराल रूप लेती जा रही।

वोट बैंक के लालच में कांग्रेस-झामुमो ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए संथाल परगना से बाहर अब कोल्हान में भी तेजी से बसते जा रहे हैं।

पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया स्थित गांव में जहां कोई भी मुस्लिम परिवार नहीं रहता, वहां तीन हजार मुस्लिम बच्चों का आधार कार्ड बन जाना झारखंड की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। मस्जिद-मदरसों में घुसपैठिए को शरण देकर उनके अवैध दस्तावेज तैयार किए जाने की सूचना कई बार सामने आ चुकी है। इसके बावजूद हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच रुकवाने सुप्रीम कोर्ट तक चली जाती है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वोट बैंक और सत्ता के लालच में झामुमो-कांग्रेस ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए घुसपैठ के खिलाफ अपनी निर्णायक लड़ाई जारी रखेगी, जिससे मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे हालातों से झारखंड को बचाया जा सके।

# निर्माणाधीन मानगो फ्लाईओवर के डिजाइन में परिवर्तन पर बनी सहमति

- विधायक सरयू राय, फ्लाईओवर निर्माता कंपनी और पथ निर्णाण विभाग के बीच हुई बैठक
- व्यवसायियों और निवासियों से मिले सुझाव के आधार पर यह परिवर्तन किया गया



### सड़क जाम दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा : सरयू राय

विधायक सरयू राय ने कहा कि मानगो फ्लाईओवर को अधिक उपयोगी बनाने के लिए आज लिया गया यह निर्णय यातायात जाम को दूर करने की दिशा में काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। मानगो चौक-पायल सिनेमा फ्लाईओवर को दोतरफा (टू लेन) बनाना और टिमकेन गोल चक्कर के ऊपर से एक अतिरिक्त फ्लाईओवर का निर्माण करने पर बनी सहमति निमाणार्धीन मानगो फ्लाईओवर को उपयोगी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो फ्लाईओवर के डिजाइन में परिवर्तन करने पर सहमति बन गई है। डिजाइन में परिवर्तन करने से मानगो चौक से पायल सिनेमा तक फ्लाईओवर के भाग को उपयोगी बनाया जा सकेगा। यहां के निवासियों-व्यवसायियों को भी कठिनाई नहीं होगी। यह सहमति विधायक सरयू राय, फ्लाईओवर निमार्ता कंपनी के मुख्य डिजाइन प्रभारी संजय भार्गव और पथ निर्णाण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय के बीच हुई बैठक में बनी।

बैठक शुक्रवार की रात विधायक सरयू राय के आवासीय कार्यालय पर हुई और शनिवार की सुबह इन सभी ने क्षेत्र का भ्रमण किया। निमार्ता कंपनी के मुख्य डिजाइनर संजय भार्गव इसके लिए विशेष रूप से अहमदाबाद से जमशेदपुर शुक्रवार की शाम आए, पूर्व में बने डिजाइन पर पुर्नविचार किया और शनिवार की सुबह क्षेत्र भ्रमण कर फ्लाईओवर निर्माण की प्रगति और इसके डिजाइन में प्रस्तावित परिवर्तन का जायजा लिया।

विधायक सरयू राय ने बताया कि मानगो चौक से पायल सिनेमा की ओर जाने वाला फ्लाईओवर पूर्व की डिजाइन में प्रावधान था कि फ्लाईओवर का यह भाग एकतरफा (वन लेन का) होगा। अर्थात, साकची की ओर से आने वाला यातायात फ्लाईओवर के इस भाग से पायल सिनेमा की ओर केवल उतरेगा। शनिवार की बैठक में निर्णय हुआ कि फ्लाईओवर के इस भाग को भी दोतरफा (टू लेन) बनाया जाए, ताकि इस पर से होकर यातायात पायल सिनेमा तक आए और पायल सिनेमा से होकर यातायात आगे जाए भी। इसके लिए सड़क के किनारे वन विभाग की जमीन को लेने का प्रस्ताव रखा गया। सरयू राय ने बताया कि पायल सिनेमा के पास, जहां फ्लाईओवर खत्म होगा, वहां एक गोल चक्कर बनाया जाएगा, ताकि फ्लाईओवर के इस भाग से होकर आने-जाने वाले यातायात को मुड़ कर यूटर्न लेने की सुविधा हो। टू लेन फ्लाईओवर के दोनों तरफ सर्विस रोड बनाई जाएगी। पुल के नीचे के भाग को वाहन पड़ाव के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

विधायक सरयू राय ने मानगो चौक से पायल सिनेमा के बीच के व्यवसायियों और निवासियों से मिले सुझाव के आधार पर यह परिवर्तन फ्लाईओवर के डिजाइन में कराया। उन्होंने इसकी सूचना व्यवसायियों और निवासियों को दे दी कि उनकी मांग मान ली गई है। इसके बाद दो दिन से रुका हुआ फ्लाईओवर पायलिंग का काम शुरू होने का रास्ता खुल गया। फ्लाईओवर के इस भाग के निर्माण में दो दिन से चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया और फ्लाईओवर की पायलिंग का रुका हुआ काम फिर से आरंभ करने का निर्देश दे दिया गया।

विधायक राय ने फ्लाईओवर निमार्ता कंपनी के मुख्य डिजाइनर संजय भार्गव और पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय के साथ हाथी घोड़ा मंदिर, साकची से लेकर शमशान घाट, भुईंयाडीह तक का दौरा किया। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि एक फ्लाईओवर टिमकेन गोल चक्कर के ऊपर से इस रास्ते पर भी बनाया जाए।

# 'पहलगाम हमले के तार झारखंड से जुड़ने से कलंकित हुआ राज्य'



आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य सरकार पर बोला हमला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पहलगाम आतंकी हमले के तार झारखंड से जुड़ने से राज्य कलंकित और झारखंडी समाज शर्मशार हुआ है। ये बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने केंद्रीय एजेंसी एटीएस द्वारा शनिवार को झारखंड के धनबाद में सघन छापेमारी के दौरान कुछ लोगों को गिरफ्तार करने पर कही है। उन्होंने शनिवार को राज्य सरकार पर जोरदार बड़ा हमला करते हुए कहा कि आज झारखंड में बड़ी संख्या मे आतंकी संगठन ने अपना स्लीपर सेल का जाल बिछा दिया है। आज स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि केंद्रीय जांच एजेंसी आतंकी घटना के बाद झारखंड के रांची, लोहरदगा, जमशेदपुर, कोडरमा को ही अपने राडार पर रखती है और जांच में इसके सार्थक परिणाम भी आते रहे हैं। नायक ने कहा कि आज आतंकी संगठनो का साफ्ट कार्नर झारखंड बनता जा रहा है। आतंकी संगठन सिमी के कुछ स्लीपर सेल यहां काफी सक्रिय रहे हैं। झारखंड के साहेबगंज, पाकुड़, दुमका जिला मे इनका मुखिया सक्रिय है। झारखंड के अधिकांश स्लीपर सेल आतंकी संगठन के लिए मोटी रकम पर देश मे खुनी विध्वंस की घटना मे अपनी सहभागिता निभाते है। झारखंड, बिहार में जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल से लगे बांग्लादेश के आतंकी संगठनों ने पैठ बना ली है। झारखंड में अवैध बांग्लादेशियों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार इन विषयो पर गंभीरता दिखाए नहीं, तो झारखंड के लिए यह शुभ संकेत नही है । नायक ने भाजपाई लोगों पर आरोप लगाया कि उन्हें सिर्फ झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिए नजर आते हैं। गुजरात की भाजपा सरकार ने सूरत, अहमदाबाद में करीब 500 से अधिक बांग्लादेश के निवासियों को गिरफ्तार किया है, जो उन्हें दिखाई नहीं दे रहा है।

### पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# मारवाड़ी समाज ने निकाली आक्रोश रैली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी नृशंसता हमले के विरोध मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में रांची के संपूर्ण मारवाड़ी समाज के द्वारा आज शाम 6 बजे अप्पर बाजार दुर्गा मंदिर (बकरी बाजार)से कैंडल शांति मार्च एवं आक्रोश रैली निकाली गई। निर्दोष हिंदू नागरिकों की निर्ममता से की गई हत्या पर रैली में शामिल सभी लोग भारी आक्रोशित थे। उन्होंने कहा कि पूरा सनातन समाज इस निर्दोष हत्या से मर्माहत एवं आक्रोश में है। रैली में लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर, हाथों में काला पट्टी बांधकर तथा कैंडल जलाकर कहा की आतंकवादियों द्वारा हिन्दूओं के साथ जिस तरह का कुकृत्य किया गया है, हत्याएं की गई है, वह अत्यंत दुखदायी है। केंद्र सरकार आतंकी हमले का तुरंत करारा जवाब देते हुए आतंकी देश पाकिस्तान का नेस्तनाबूद करें। नृशंस आतंकी हमले में दिवगंत आत्माएं देश की एकता व अखण्डता को जागृत कर रही है। तथा उनकी हुतात्माएं चित्कार कर ललकार रही है कि हिन्दुओं एक हो जाओं, हिन्दुस्तान से आतंकी हमले समाप्त करो। आतंकवाद मुक्त भारत का निर्माण करो।

आतंकी हमले का हम सब मिलकर डटकर मुकाबला करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि आतंकियों ने कयरतापूर्ण एवं धृणित कृत्य हमला कर देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने की दुस्साहस की है। जो कि कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार त्वरित कठोर कार्रवाई करते हुए इसका मुंह तोड़ जवाब दें। तथा समाज के हर वर्ग को आतंकवादी के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा। कैंडल शांति मार्च एवं आक्रोश रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक गई। जहां विरोध प्रदर्शन किया गया। आक्रोश रैली एवं शांति कैंडल मार्च में मारवाड़ी समाज के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों में कमल कुमार केडिया, भागचंद पोद्दार, ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, मनोज कुमार चौधरी, पवन शर्मा,पवन पोद्दार, अनिल कुमार अग्रवाल, संजय सर्राफ, प्रमोद सारस्वत, चंडी प्रसाद डालमिया, पवन मंत्री, गोपाल मुरारका, सज्जन पाड़िया, कौशल राजगढ़िया, अशोक नारसरिया, निर्मल बुधिया, अंजय सरावगी, कमलेश संचेती, राजेंद्र केडिया, आशीष अग्रवाल, सौरभ बजाज, आनंद जालान, प्रमोद बगड़िया, अजय खेतान, आशीष डालमिया, उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।



● जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी नृशंसता हमले में निर्दोष हिंदू नागरिकों की हत्या

### आतंकी हमले के विरोध में रांची में गूंजा आक्रोश

आतंकी हमले का हम सब मिलकर डटकर मुकाबला करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि आतंकियों ने कयरतापूर्ण एवं धृणित कृत्य हमला कर देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने की दुस्साहस की है। जो कि कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार त्वरित कठोर कार्रवाई करते हुए इसका मुंह तोड़ जवाब दें। तथा समाज के हर वर्ग को आतंकवादी के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा। कैंडल शांति मार्च एवं आक्रोश रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक गई। जहां विरोध प्रदर्शन किया गया। अल्बर्ट एक्का चौक में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया एवं आतंकी हमले में शहीद हुए सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने बेटी को शिक्षित करने की ली जिम्मेदारी

- प्रतिभाशाली बेटियों को शिक्षा के लिए लिया गया गोद
- कन्या भ्रूण हत्या पर ड्राइंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत बेटी को शिक्षित करने की जिम्मेदारी ली है। रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन शनिवार को प्रतिभाशाली बेटियों को शिक्षा के लिए गोद लिया गया। मौके पर प्रभारी स्मिता अग्रवाल एवं संयोजिका आशा सराफ ने कहा कि यह न केवल एक प्रेरणादायक पहल है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सोच को सकारात्मक दिशा देने का एक मजबूत प्रयास भी है।




मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल, आशा सराफ, कोमल पोद्दार, सपना सिंघानिया, कृष्णा अग्रवाल, सोनल शर्मा, दीपिका मोतीका एवं अन्य सदस्य मौजूद थीं। इससे पहले, कन्या भ्रूण संरक्षण कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को कन्या भ्रूण हत्या पर ड्राइंग प्रतियोगिता करवाई गई। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चार दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या मध्य पाठशाला गाड़ीखाना में बच्चियों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता हुई। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बच्चियों को सर्टिफिकेट और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए बच्चियों के बीच जूस का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम को रांची समर्पण शाखा की कन्या भ्रूण प्रभारी स्मिता अग्रवाल एवं संयोजिका आशा सराफ ने बहुत ही अच्छे तरीके से आयोजित किया। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, सपना सिंघानिया, स्मिता अग्रवाल, आशा सराफ, वेदिका सिंघानिया, दीपिका मोतीका, वर्षा धानुका, पिंकी शर्मा, सोनल शर्मा, पूजा लाडिया एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बाबा मनकामेश्वर संकटमोचन धाम की प्रथम वर्षगांठ पर हुई पूजा-अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बाबा मनकामेश्वर संकटमोचन धाम रघुनाथपुर में प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर रुद्राभिषेक, बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार और शाम को महाआरती की गई। आचार्य नीरज त्रिपाठी और पुजारी सतीश प्रसाद ने रुद्राभिषेक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समिति के संरक्षक मिथलेश सिंह, सीताराम साहू, अवधेश सिंह और शंभू पाठक भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

बाबा भोलेनाथ की पूजा और रुद्राभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। शाम को महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। शिव मंदिर के अध्यक्ष मुकेश बैठा के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। समिति के संरक्षक और सदस्य कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में श्री श्याम में 153 वें भंडारा का भव्य आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 153वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, उपमंत्री अनिल नारनौली, अरुण निशांत बंका, पल्लवी बंका, नैवेद्य बंका ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। बंका परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, रतन शर्मा, अनुज मोदी, पंकज सरावगी, आशीष डालमिया, पवन केडिया, कमलेश सावा, संकेत चौधरी, कौशल चौधरी, वेद भूषण जैन, रणधीर जायसवाल, विश्वनाथ मुरारका, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।


● 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्राप्त किया प्रसाद

### अमावस्या महास्नान आज

रविवार को खाटूनरेश का वैशाख अमावस्या महास्नान प्रात: 6:00 बजे से मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में किया जाएगा। बाबा श्याम को स्नान कराके नवीन पोशाक पहनाकर फूलों की मोटी माला से सजाया जाएगा एवं बाबा श्याम भक्तों को श्यामल रूप में दर्शन देंगे। वहीं, मंगलवार को 151वां सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया जाएगा। ये सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# कोकर स्थित साधु मैदान के पास से बाइक चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोकर के साधु मैदान के पास स्थित वेदिका क्रेडिट कैपिटल के सामने से 23 अप्रैल की शाम अभिषेक कुमार की बाइक चोरी हो गयी थी। शुक्रवार की सुबह कोकर के भाभा नगर निवासी युवक संजय कुजूर के यहां बाइक लगी होने की सूचना पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस उसके घर पहुंची. वहीं, बाइक मालिक और स्थानीय लोगों की मदद से सदर थाना की पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार वह पहले भी दो बार बाइक चोरी कर चुका है। वहीं पुलिस ने पूछताछ के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए शनिवार को आरोपी को जेल भेजा।

# आरपीएफ ने रांची स्टेशन से की शराब जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन सतर्क के तहत रांची स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 से शराब जब्त की है। निरीक्षक शिशुपाल कुमार ने शनिवार को बताया कि रांची रेल मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ शराब तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चला रहा है।



इसी क्रम में निरीक्षक शिशुपाल कुमार के नेतृत्व मे रांची स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर तलाशी के दौरान एक सफेद रंग का थैला संदिग्ध स्थिति में पाया गया। इसके आसपास कोई मालिक नहीं था। काफी प्रयासों के बावजूद जब कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया, तो मौके पर उपस्थित गवाहों के समक्ष थैले की जांच की गई। इसमें शराब की 20 बोतलें बरामद की गईं। बरामद शराब की अनुमानित मूल्य छह हजार 800 रुपए आंकी गई है।

## विस समिति ने किया खूंटी जिले का दौरा

**खूंटी।** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति ने शनिवार को खूंटी जिले का दौरा किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य सह माननीय विधायक कोलेबिरा नमन विक्सल कोनगाड़ी ने परिसदन भवन के सभागार में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में समिति के सदस्य सह विधायक खूंटी विधानसभा क्षेत्र, राम सूर्या मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की कार्रवाई प्रारंभ होने से पूर्व उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में समिति की ओर से जिले में लंबित अनागत प्रश्नों के समाधान और विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

# बीआइटी मेसरा में काली पूजा आज मंदिर परिसर में आकर्षक मेला लगेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शिव और काली पूजा समिति की ओर से मेसरा में काली पूजा इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। पूजा 27 अप्रैल को (वैशाख अमावस्या) रात 10.00 बजे से शुरू होगी। 28 अप्रैल (सोमवार) की सुबह पांच बजे मां काली के महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा और संध्या शाम छह बजे विसर्जन किया जाएगा। मंदिर परिसर में आकर्षक मेला लगेगा।



शिव और काली पूजा समिति के अध्यक्ष गंगा कारमली, सचिव अरविंद साहू, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार महतो, संरक्षक टीपू महतो, प्रीत साह लोहरा, रामकिशुन महतो (मुख्य पुजारी) जलेश्वर महतो, सुरेंद्र महतो, राजा महतो, तारकेश्वर महतो, अरविंद महतो पूजा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष गंगा कारमली ने दी।

# इंसानियत मिले तो लोकेशन भेजिएगा...

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डोरंडा कॉलेज में आयोजित अंतर महाविद्यालय कवि सम्मेलन के समापन समारोह में शनिवार को शहर के प्रसिद्ध कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। सम्मेलन के प्रारंभ में पहलगाम की घटना पर दो मिनट का मौन रखा गया। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए नरेश बंका ने अपनी कविता प्रस्तुत की, 'सुना है सब कुछ मिल जाएगा गूगल पर, इंसानियत मिले तो लोकेशन भेजिएगा...।' संगीता कुजारा ने अपनी क्षणिकाओं में ज्ञान विज्ञान का चित्रण किया। माधवी मेहर ने देशभक्ति गीत द्वारा उपस्थित श्रोताओं में जोश भर दिया। राजीव थेपडा ने वर्तमान माहौल पर अपना गीत प्रस्तुत किया। अपने शहर की खूबसूरती का बखान करते हुए डॉ साक्षी शर्मा ने 'रांची की तो बात अलग है' कविता पढ़ी। कार्यक्रम की शुरुआत में मीना बंधन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कॉलेज के प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी कवियों का पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। हिंदी विभाग की डॉ मंजू लाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


● डोरंडा कॉलेज में अंतर महाविद्यालय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



## एक नजर

### पोक्सो अधिनियम मामले में आरोपी को अदालत ने जारी किया समन

**चाईबासा।** चाईबासा की अपर सत्र न्यायाधी सह-विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम कराईकेला पीएस. केस संख्या 10/2025 के संबंध में फरार आरोपी लौली गांव निवासी सुसरन पूर्ति को अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। आरोपी पर 2012 पोक्सो अधिनियम और बीएनएस की धारा 64(1)/115(2)/126(2)/351(3) और 4/6 के विभिन्न धाराओं के तहत अपराध करने का आरोप है।जानकारी के अनुसार अदालत ने आरोपी को 24 मई 2025 को प्रातः 10:30 बजे अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। यदि आरोपी उपस्थित नहीं होता है, तो अदालत आगे की कार्रवाई कर सकती है।

### वक्फ संशोधन कानून 2025 के विरोध में कांफ्रेंस

**चान्हो।** वक्फ संशोधन कानून 2025 के विरोध में शनिवार को बालसोकरा में वक़्फ़ बचाओ संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमे चान्हो, मांडर, कुड़ु, खेलारी, बुढ़मू समेत आसपास के हजारों लोग वक्फ कानून को वापस लेने की मांग को लेकर शामिल हुए।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और बिहार झारखंड उड़ीसा बंगाल के अमीर ए शरीयत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी समेत कई मुस्लिम संगठनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में वक्फ संशोधित कानून लागू नहीं किया जाएगा। भाजपा मुसलमानों को परेशान करने के लिए इस बिल को लाकर संसद से पास कराई है। उन्होंने कहा कि भाजपा बताए कि पहाड़ी मंदिर और अन्य मंदिरों का कागज है।

### चान्हो में सीखने की कला और जीवन कौशल विषय पर कार्यशाला

**चान्हो।** बाघवार एकेडमी में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका संचालन शिक्षा-समाधान के मार्गदर्शक उपेंद्र कुमार ने किया। कार्यशाला का विषय था सीखने की कला और एक सफल जीवन के लिए आवश्यक जीवन कौशलह्व,* जिसका उद्देश्य छात्रों को आत्मविकास और महत्वपूर्ण जीवन कौशल से सशक्त बनाना था।कार्यक्रम की शुरूआत अजय उरांव के स्वागत भाषण से हुई। जिसमें उन्होंने आत्म-शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।

पहलगाम की घटना से आक्रोशित लोगों ने मशाल जुलूस निकाला

# पाकिस्तानी झंडे को पैरों तले रौंदा, आज बेड़ो बंद




**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
पहलगाम में हुई आतंकी घटना और नरसंहार से पाकिस्तान के प्रति बेड़ो के ग्रामीणों में भारी आक्रोश और उबाल व्याप्त है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सहित अन्य संगठनों के संयुक्त बैनर तले शनिवार की देर शाम सनातनियों ने आतंकवादी घटना के खिलाफ विशाल मशाल जुलूस निकाली और पाकिस्तानी झंडे को पैरों तले रौंदा और अपने गुस्से का इजहार किया। इस दौरान शशि ने रविवार को बेड़ो बंद करने का आह्वान किया। बेड़ो के कारगिल चौक से विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शशी टाईगर के नेतृत्व में शनिवार की शाम मशाल जुलूस निकाली। इस दौरान आक्रोशित युवकों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पाकिस्तान मुदार्बाद का नारा लगाया और कहा कि पाकिस्तान सुधर जाए अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। इस मौके पर शशि टाइगर ने कहा कि भारत के हिंदुओं को धर्म पूछ कर उनका नरसंहार करना कायरता पूर्ण कार्य है। यह पाकिस्तान की विकृत मानसिकता को दशार्ती है। वहीं डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पाकिस्तानियों को सबक सिखाना ही भारत का एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए। वहीं मुकेश कुमार रॉय ने कहा कि भारत को अब पाकिस्तान में छुपे आतंकवादियों को ढूंढ कर नेस्तनाबूद करने की जरूरत है। वहीं बजरंग दल के संयोजक ज्वाला सिंह ने कहा कि छुपकर हिंदुओं पर हमला करना कायरता पूर्ण कार्य है। अब देश के गद्दारों को सीधे गोली मारने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह से कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया जाए। इस मौके पर शशि टाइगर, सुरजीत भगत, मुकेश कुमार रॉय, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, सौमित्र शर्मा, साधन कुमार रॉय, कैलाश कुमार, मनोज कुमार सिंह, बुद्धू महली, मनोज साहु, ज्वाला सिंह, सत्यनारायण साहु रोहन सिंह, संजीव कुमार दुबे, सतीश सोनी, अभिनव गुप्ता,धर्मेंद्र कुमार, जटु महली, राजेश महली, भगत महली, प्रेम महतो, रवि सिंह सहित सैकड़ों सनातनियों का जत्था

कुएं में संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

# परिजनों ने पड़ोसियों पर लगाया हत्या का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राहे थाना क्षेत्र के दोकाट गांव में गुरुवार देर शाम गांव के ही 22 वर्षीय मनोरंजन स्यांसी का कुएं से संदिग्ध हालत में शव मिला। परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाए, और थाने में यूडी केस किया है।
पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम तकरीबन 6:30 बजे तक मनोरंजन घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की इसी दौरान मृतक की मां कुएं के पास पहुंची, जहा उसने देखा कि मनोरंजन स्वांसी कुए के अंदर गिरा हुआ है। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए और उसे बाहर निकाला, बहार निकालने के बाद युवक की सांसें हल्की चल रही थीं। जिसके बाद तत्काल एबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल पहुँचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को देर रात मिली जिसके बाद पुलिस रात लगभग 1 बजे घटनास्थल पर पहुंची पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पड़ोसियों में पुराने जमीन विवाद के कारण उनके बेटे की हत्या कर शव को कुए में फेंक दिया गया। परिजनों ने कहा कि विवाद को लेकर पहले भी कई बार झगड़े हो चुके है, बावजूद इसके पुलिस ने अब तक किसी भी संदिग्ध से पूछताछ नहीं की है और न हीं किसी को हिरासत में लिया है। वहीं, मामले पर पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की जांच की जाएगी फिलहाल गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

## न्यूज | बॉक्स

### परिवहन विभाग के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए गए जावेद अंसारी



खलारी। खलारी के कांग्रेस कार्यकर्ता जावेद अंसारी को खलारी प्रखंड क्षेत्र के लिए परिवहन विभाग का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। स्थानीय विधायक सुरेशकुमार बैठा ने उनकी निष्ठा, मेहनत और कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए यह दायित्व दिया है। जावेद अंसारी ने क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इस नए दायित्व के लिए कांग्रेसजनों ने जावेद को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में गोपाल तिवारी, राजनसिंह राजा, अब्दुल्ला अंसारी, इंदिरा तुरी, रोशन लाल, राजेशसिंह मिंटू, तनवीर आलम, प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, डा इरशाद, समीम बडियार, विक्की सिंह, वीरेंद्र यादव, लखन गंझू, शशि मुंडा, भोला यादव, गोपाल सिंह, रमेश चौहान, सुरेंद्र यादव, इकबाल खान, बाबू खान, बबलू सिंह, मोनू सिंह, मुबारक अंसारी, इसराइल अंसारी आदि शामिल हैं।

### हथियार के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को विगत 24.04.2025 को गुप्त सूचना मिली कि संगठित अपराधिक गिरोह के जागरनाथ मुण्डा उर्फ जालेश्वर उर्फ जिरूवा उर्फ मोटका के द्वारा उरीमारी क्षेत्र के कोलियरी के कंपनियों में रेकी करने एवं कंपनियों के मैनेजरों को रंगदारी मांगने के लिए उरीमारी कोलयरी क्षेत्र में जा रहे थे। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव के नेतृत्व में प्रभारी, उरीमारी के साथ एक टीम का गठन किया। गठित टीम के द्वारा विगत 24.04.2025 को शाम में पिछे जंगल के बीच मोड़ के पास चेकिंग लगाई गई। चेकिंग के क्रम में एक बिना नंबर का मोटरसाईकिल आ रही थी, जिसे रोककर मोटरसाईकिल चालक को चेक किया गया तो उसके पास एक हथियार पाया गया। उक्त व्यक्ति को नाम पता पूछे जाने पर अपना नाम जागरनाथ मुण्डा उर्फ जालेश्वर उर्फ जिरूवा उर्फ मोटका, पे.-मुनेश्वर मुण्डा, सा.-नापोखुर्द, पुरना पानी, थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग बताया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से गहराई से पूछ-ताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि श्री कुमार गौरव, डी०जी०एम० हत्याकाण्ड में रेकी कर रहा था।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'स्पलैश बैश'- किड्स पूल पार्टी का आयोजन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने प्री-प्राइमरी विंग के छात्रों के लिए एक मजेदार ह्यस्पलैश बैशह्य- पूल पार्टी का आयोजन किया जो नन्हे-मुन्नों के लिए एक आनंददायक और तरोताजा कर देने वाला अनुभव था। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। नन्हे-मुन्नों ने चमकीले स्विम सूट पहनकर जल के छींटों से सराबोर, ठंडे-ठंडे पानी का आनंद लिया। शिक्षकों ने छात्रों को रोमांचक एवं संगीतमय खेलों में शामिल किया। इस कार्यक्रम ने बच्चों में सामाजिक कौशल विकसित करने के साथ-साथ एक आरामदायक माहौल में शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित किया। ह्यस्पलैश बैशह्य गर्मी को मात देने और स्थायी यादें बनाने का एक बेहतरीन तरीका साबित हुआ जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि नन्हे-मुन्नों को खेल-खेल में सीखते हुए आनंद लेते देखना दिल को छू लेने वाला क्षण होता है। इसके अलावा इस तरह के आयोजन रचनात्मकता, आत्मविश्वास और मित्रता को बढ़ावा देते हैं, जो बाल्यवस्था के समग्र विकास के लिए एक आवश्यक तत्व हैं।

### एकल विद्यालय परिवार ने आतंकवादी घटना में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की



**बेड़ो।** पहलगाम के बेसरन घाटी में 26 सनातनी हिन्दू भाइयों की हत्या के विरोध में एकल अभियान संच बेड़ों के आचार्यों एवं बेड़ों संच समिति के सदस्यों ने महादानी मन्दिर परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया । सभी एकल विद्यालय समिति के सदस्यों एवं आचार्यों ने इस घटना का कड़ा विरोध एवं निन्दा किया। उसके बाद मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आतंकवादी घटना में मृत हिंदुओं के आश्रितों एवं परिवार वालों को भगवान दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। वहीं इस मौके पर सभी आचार्यों ने सभी गांवों के एकल विद्यालयों में अलग-अलग इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर उपस्थित संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार रॉय, बंटी रौनियार विकास गुप्ता, संच प्रमुख सुषमा देवी समेत सभी आचार्य मौके पर मौजूद थे।

### शहीद परिवार से मिले सुदेश कहा, घटना पर पूरा झारखंड दुखी



**रांची।** शहीद मनीष रंजन के अंतिम संस्कार के दूसरे दिन शनिवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो पश्चिम बंगाल के झालदा पहुंचकर शहीद के परिवार से भेंट कर संवेदना प्रकट की। मौके पर सुदेश ने शहीद मनीष रंजन के परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह सिर्फ एक परिवार का नहीं, पूरा झारखंड दुखी है। शहीद मनीष रंजन की शहादत को कभी भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी आपके साथ परिवार की तरह मजबूती से खड़ा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार से मिलकर शहीद के परिवार को हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी और मनीष रंजन की शहादत को सम्मान और न्याय दिलाने के लिए हर कदम उठाया जाएगा। इस दौरान महतो ने शहीद मनीष रंजन के 10 वर्षीय पुत्र से भी मुलाकात की। मौके पर उन्होंने कहा कि अब धैर्य की सीमाएं टूट चुकी हैं। निदोर्षों के रक्त का हिसाब लिया जाना चाहिए। सरकार को निर्णायक और कड़े कदम उठाना चाहिए, ताकि ऐसे कायरतापूर्ण हमलों का करारा जवाब दिया जा सके। मौके पर आजसू पार्टी के जयपाल सिंह, संजय सिद्धार्थ, चितरंजन महतो, जितेंद्र बड़ाइक सहित अन्य, मौजूद थे।

पहलगाम आतंकवादी घटना के विरोध में कैंडल मार्च

# जनता का विश्वास भारत सरकार से उठता जा रहा : धर्मेंद महतो




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पूरे भारत के हर नागरिकों को एकजुट होकर केंद्र के साथ डटकर मजबूती के साथ साथ देने की जरूरत है और यही वक्त की नजाकत है। आतंकियों केन्द्र सरकार दे कड़ी सजा। उक्त बातें राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ने कैंडल मार्च के दौरान बिरसा चौक में प्रेस बयान के दौरान कहा। आज रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में पहलगाम आतंकी घटना में मारे गए निर्दोष नागरिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कार्यालय से बिरसा चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया और इस घटना की कड़ी आलोचना करते हुए निंदा किया गया कि ऐसी घटना दोबारा नहीं घटे इसके लिए केंद्र सरकार को गारंटी देने की जरूरत है। जनता का विश्वास भारत सरकार पर से उठता चला जा रहा है उसके बावजूद जनता देश के सुरक्षा के लिए भारत सरकार के साथ मजबूती से खड़ी है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजद के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र शर्मा, आबिद अली, भास्कर वर्मा, प्रणव कुमार बबलू , सुरेंद्र प्रसाद, मनोज अग्रवाल, मुर्शीद आलम, सूरज कुमार, यशवंत यादव, राम भजन यादव, कमलेश यादव, हरेंद्र कुमार सिंह, नवीन कुमार, विशाल कुमार, चंचल कुमार, गायत्री देवी, सज्जाद अंसारी, अजय यादव, विजय राय सहित काफी शहर संख्या में नेता और कार्यकताओं ने भाग लिया।

### राजधानी के इटकी में गोलीबारी, एक युवक घायल

**रांची।** इटकी थाना क्षेत्र में शनिवार को गोलीबारी की घटना घटी। जिसमे एक युवक को गोली लगी है। घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा जहां देर शामउसकी स्थिति गंभीर बनी रही। स्थानियों ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार अपराधियों के द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की सुचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गोलीबारी की वजह खंगालने और अपराधियों की जानकारी जुटाने में जुट गई है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, युवक सड़क किनारे किसी से बात कर रहा था तभी दो बाइक पर सवार तीन अज्ञात हमलावर वहां पहुंचे और बिना किसी चेतावनी के गोलीबारी शुरू कर दी। एक गोली युवक के पेट में लगी जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीरनगर में शुक्रवार को ह्यस्कूल रूआर 2025ह्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि 5 साल उम्र के सभी बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना है। वहीं 05 से 18 साल आयुवर्ग के नामांकित सभी बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने व स्कूलों में बच्चों का ठहराव कराना है। वहीं शिक्षकों को जनप्रतिनिधि, समाजसेवकों, शिक्षा विभाग के सदस्यों का सहयोग लेकर स्कूल रूआर 2025 कार्यक्रम सफल बनाने कहा गया। जानकारी दी गई कि ह्यस्कूल रूआर 2025ह्य कार्यक्रम 21 अप्रैल से शुरू किया गया है, जिसे 10 मई तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम को बीडीओ संतोष कुमार, सीओ प्रणव अम्बष्ट सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा सरवरीनाथ चौरसिया, श्याम चौबे, दीपक कुमार, मनोज मिश्रा, राजेश वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग गोपाल सिंह, जावेद अंसारी, शमीम अंसारी, मुखिया पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, नूरजहां आरा आदि उपस्थित थे।

### ऑक्सब्रिज स्कूल में छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**मांडर।** ऑक्सब्रिज स्कूल में शनिवार को सत्र 2025-26 के लिए चुने गए छात्र परिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। समारोह की शुरूआत नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों की परेड से हुई जिसके बाद विद्यालय की प्राचार्या इवोन ई एक्का द्वारा उन्हें बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी छात्र प्रतिनिधियों ने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यालय के मूल्यों का पालन करने की शपथ ली तथा जिम्मेदारी को एक अवसर के रूप में स्वीकार करते हुए विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।



बेडो.में बिजली की स्थिति बदहाल, परेशान उपभोक्ता

# बिजली की स्थिति नहीं सुधरी तो सब स्टेशन का घेराव किया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो विधुत सबस्टेशन से नियंत्रित और संचालित बेडो. फीडर की बंदरबांट का नतीजा लो वोल्टेज के रूप में विद्युत उपभोक्ता भोगने के लिए विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बेड़ो का फीडर पहले बिल्कुल अलग था जिसके कारण लो वोल्टेज की समस्याएं नहीं थी। लेकिन बेड़ो फीडर को मानो बेच दिया गया हो। इसका इतना विस्तार हो गया कि अच्छे वोल्टेज और नियमित विद्युत आपूर्ति के लिए लोग तरसने को मजबूर हो गए हैं। बेड़ो शहरी क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में लो-वोल्टेज से विद्युत उपभोक्ता भारी परेशान हैं। लोगों के घरों में चलने वाले पंखा, कूलर सहित मोटर पंप कम वोल्टेज के कारण जल रहे हैं। खेतों में लगे मोटर पंप कम वोल्टेज के कारण सिंचाईं का कार्य बाधित है। घरों में लगे मोटर पंप एवं समरसेबल भी काम नहीं कर रहे हैं। इसके कारण पानी घरों की टंकी में भी नहीं चढ़ पा रहे हैं जिसके कारण पेयजलापूर्ति भी बाधित है। इसका सीधा असर सैकड़ो परिवारों पर पड़ रहा है। बूंद बूंद पानी को लेकर हाहाकार मची है। कई परिवार रात में जाग-जाग कर वोल्टेज बढ़ने का इंतजार करते हैं। रात तो रात दिन में भी वोल्टेज का नहीं रहने से पंखा और कूलर नहीं चल रहे जिससे भीषण गर्मी में लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। घरेलु उद्योग धंधे खासकर कुटीर उद्योग ठप्प पड़ गए हैं। वोल्टेज की कमी से पंखा और मोटर पंप के जलने से लोगों को हजारों का नुकसान हो रहा है। लोगों ने कहा कि ऐसी विकट परिस्थिति कभी नहीं आयी थी। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग के के द्वारा पूर्व में बेडो. शहरी क्षेत्र का फीडर को सिंगल फीडर बनाया था। तब वोल्टेज भी अच्छी थी और विद्युत आपूर्ति भी बिलकुल दुरुस्त थी। लेकिन पिछले कई महीनो से बेड़ो फीडर को दर्जनों गांवों से जोड़ दिया गया है और बेड़ो फीडर में लोड बढ़ने के कारण वोल्टेज की भंयकर समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बेडो. विद्युत सब स्टेशन के कर्मियों ने बेडो.फीडर की बिजली का बंदरबांट कर दिया है।

# आर्थिक गतिविधियों को मिलकर बढाएंगे झारखंड और बिहार चेंबर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चेंबर पूर्वी भारत में आर्थिक विकास की संभावनाओं को गति देने के केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए झारखंड चेंबर और बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक पटना स्थित बिहार चेंबर के कार्यालय में शनिवार को हुई। पूर्वी भारत में व्यापारिक विकास, नये निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में झारखंड और बिहार के उद्यमियों की भागीदारी को रेखांकित करते हुए चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने इस प्रयास में बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ साझा रणनीति बनाकर प्रयास करने पर बल दिया। बैठक में बिहार चेंबर के अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने इस साझा प्रयास में बिहार चेंबर की सशक्त भागीदारी के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस वार्ता के क्रम में केंद्रीय बजट 2024 में भारत के पूर्वी क्षेत्र के ओडिसा, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए घोषित पूर्वोदय योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के इस क्रम में बिहार और झारखंड में उद्योगों के विकास के लिए सरकार की वर्तमान नीतियों, निवेश संबंधित प्रोत्साहन, चुनौतियों एवं दोनों ही चैंबर की कार्यप्रणाली पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

### न्यू मीडिया के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा शनिवार को न्यू मीडिया के साथ एक संवादऱ कार्यक्रम में वेब पत्रकारों से सीधी बातचीत की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न डिजिटल मीडिया के मीडियाकर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाज में डिजिटल मीडिया के प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा गया कि आज के समय में पूरे विश्व में डिजिटल मीडिया खबरों के संकलन और पाठकों तक पहुँचाने का सबसे मजबूत माध्यम है, तेजी से खबर लोगों तक पहुँचाने के साथ इंटरनेट के माध्यम से कई अलग प्लेटफॉर्म भी मौजूद है। उन्होंने सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावशाली तरीके से आमजन तक पहुँचाने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि डिजिटल मीडिया तेज जरुर है।

# आतंकवादी हमले में शहीद हुए अधिकारी के परिजनों से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
शुक्रवार के दिन दिल्ली से रांची पहुंचने पर पहलगाम के आतंकवादी हमले में बलिदान हुए आईबी अधिकारी मनीष रंजन के परिजनों से झालदा (पश्चिम बंगाल) में उनके घर जाकर मुलाकात किया। परिवार जनों से मिलकर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा दुःख की इस घड़ी में पूरा भारत मनीष जी के परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवादी हमले का दुस्साहस करने वाले और परदे के पीछे की साजिश में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। नागरिकों का बलिदान हम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उन आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने को भारत तैयार है। इस घटना के जिम्मेदारों पर कठोरतम कार्रवाई मोदी सरकार की दृढ़ प्रतिज्ञा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनके परिवार वाले को हर संभव सहायता करने की बात कही। इस दुख की घड़ी में ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो एवं पुरुलिया जिला अध्यक्ष शंकर महतो भी मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सम्मान समारोह का आयोजित

# बुजुर्गों को सम्मान दिलानेवाली शिक्षा ग्रहण करें : शिवदयाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में दादा-दादी, नाना-नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रो शिवदयाल सिंह एवं समिति के अधिकारीगण डॉ प्रदीप कुमार सिंह,डॉ अमिता कुमारी, डॉ जयप्रकाशआनंद, रमेश सिंह, पूर्व प्राचार्य,जयनारायण पांडे व उपस्थित दादा दादी, नाना नानी के द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती, ओमकार व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। दादा-दादी, नाना-नानी को उनके नाती पोते एवं विद्यालय के भैया बहनों द्वारा पैर प्रक्षालन, आरती, तिलक लगाकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों का परिचय व सम्मान प्रभारी आचार्य अनिल कुमार ने करवाया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रो शिवदयाल सिंह ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी ईश्वर के रूप होते हैं। उन्हें हमें सदैव सम्मान देना चाहिए। संस्कार,सदाचार, नैतिकता, आदर्श, संस्कृति एवं व्यवहारिक शिक्षा दादा दादी एवं नाना नानी ही देते हैं। आप सभी भैया बहन बुजुर्गों का सम्मान कर उनसे व्यवहारिक शिक्षा ग्रहण करें। उपाध्यक्ष डॉ अमिता कुमारी ने कहा कि दादा, दादी, नाना, नानी सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कारों के प्रति रुचि व अपने से बड़ों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव विकसित करना है। कार्यक्रम में आए सभी दादा दादी, नाना नानी को अंग वस्त्र एवं हनुमान चालीसा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 दादा-दादी नाना, नानी ने भाग लिए।

### आने वाला समय मजदूरों का होगा : मोहन महतो

**रामगढ़।** जिस प्रकार वेस्ट बोकारो के मजदूरों ने हमारे ग्रुप पर भरोसा करते हुए हमारे सभी दसों प्रत्याशियों को एतिहासिक जीत दिलाई है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आने वाला समय मजदूरों का होगा। उक्त बातें राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन वेस्ट बोकारो शाखा के रिकार्ड मतों से नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहन महतो ने शुक्रवार की रात्रि ड्राइवरहाट न्यू नमाजगाह में फलाहुल मुस्लमीन कमेटी के आयोजित स्वागत समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी मजदूरों के आश्रितों के नियोजन का काम किया था और आगे भी आश्रितों के नियोजन का प्रयास करुंगा। उन्होंने टीम पर विश्वास बरकार रखते हुए 30 अप्रैल को कार्यालय प्रवेश समारोह और 1 मई को मजदूर दिवस पर शामिल होने की अपील की। वहीं नवनिर्वाचित सचिव डॉ योगेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि यह टीम जब भी सत्ता में रही मजदूरों के हक हुकूक की रक्षा की है। आगे भी मजदूरों के हक अधिकार से कोई समझौता नहीं होने का विश्वास दिलाया। इस मौके पर फलाहुल मुस्लमीन कमेटी के सदस्यों ने बारी बारी मोहन महतो एवं डॉ योगेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी दसों नवनिर्वाचित पदाधकारियों को बुके देकर स्वागत किया। इससे पूर्व पहलगाम में मारे गए भारतीयों के आत्मा की शांति के लिए दो मीनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फलाहुल मुस्लमीन कमेटी के अध्यक्ष शमीम अख्तर और संचालन तुफैल अहमद ने किया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रुप से कमेटी के सचिव अहमद हुसैन, कोषाध्यक्ष सुहैल खान, सरपरस्त शेख बेलाल, हामिद अंसारी सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

## न्यूज | बॉक्स

### स्कूल परिवार ने यूपीएससी सफल अभ्यर्थी का किया स्वागत



**बरही।** सिविल सेवा सर्विसेज में 354वें स्थान प्राप्त कर यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने वाली जरहिया की आस्था शरण के अभिनंदन का दौर जारी है. इसी क्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ की अगुवाई में स्वागत किया गया. इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने पूरे सैनिक सम्मान के साथ आस्था को सलामी दी. प्राचार्य डॉ मैढ़ ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने काम किया. उन्होंने बताया कि असफलता ही सफलता की कुंजी है. इसके लिए निष्ठतापूर्व मेहनत और नियमित संघर्ष आवश्यक है, क्योंकि संघर्ष ही सफलता का द्वार है. उन्होंने बच्चों को सफलता के सूत्र बताते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, लगन और प्रयास सफलता के तीन मूल मंत्र है. जिसका आस्था ने भी सदुपयोग किया और देश की सर्वश्रेष्ठ परीक्षाओं में अपना परचम लहराया. मौके पर विद्यालय की पूर्व छात्रा तपस्या ने नीट की तैयारी के कई टिप्स बताए. वहीं डीएवी के पूर्व शिक्षक शशि कुमार यादव ने भी विद्यार्थियों को सफलता के रहस्य बताए.

### सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में उपायुक्त से एसी लगाने की मांग की गई




**रामगढ़।** रामगढ़ सदर अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में एयर कंडीशनर की सुविधा न होने के कारण किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को गर्मी के मौसम में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। यह बात शनिवार को सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने विज्ञप्ति जारी कर कही । उन्होंने बताया की रामगढ़ उपायुक्त को इस संबंध में आवेदन देकर मामले से अवगत कराया है। उपायुक्त को दिये आवेदन में धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि मरीजों की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल रामगढ़ के डायलिसिस सेंटर में आवश्यकता अनुसार शीघ्र एयर कंडीशनर लगाए जाने की आवश्यकता है। मरीजों के स्वास्थ्य और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बताया की सदर अस्पताल का डायलिसिस वर्तमान में प्रतिदिन लगभग नौ किडनी रोगी डायलिसिस की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन गर्मी के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन से शीघ्र समाधान की अपेक्षा की जा रही है। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा मरीजों की सेवा ही सच्ची सेवा है। डायलिसिस सेंटर में उचित तापमान बनाए रखना मरीजों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। प्रशासन से आग्रह है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कर मरीजों को राहत प्रदान करें।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स के बंदी को सांसद का मिला समर्थन, अपना कार्यालय करवाया बंद



**हजारीबाग।** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर, पहलगाम में हिंदू सैलानियों की इस्लामिक आतंकियों द्वारा हुई निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार को हजारीबाग बाजार पूर्णतः बंद रहा। इस बंदी का समर्थन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भी किया और अपने झंडा चौक के समीप स्थित सांसद सेवा कार्यालय को बंदी के दौरान एक दिन के लिए बंद करवा दिया । सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग में किया गया यह बंद न सिर्फ एक शांतिपूर्ण विरोध है, बल्कि उन निदोर्षों के प्रति हमारी श्रद्धांजलि और आतंक के खिलाफ हमारी एकजुटता का प्रतीक भी है। उन्होंने यह भी कहा कि मानवता के विरुद्ध किए गए ऐसे कृत्यों का हम कड़ा विरोध करते हैं ।

### हमले के विरोध में विधायक का कार्यालय रहा बंद



**हजारीबाग।** पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में शनिवार हजारीबाग शहर पूरी तरह बंद रहा। फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर आयोजित इस बंदी में शहर के समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठानों, व्यावसायिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों ने एकजुटता के साथ भाग लिया। पूरे शहर में पूर्ण बंदी का माहौल रहा, केवल आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, एंबुलेंस, दवा दुकान और दूध वितरण सेवाओं को छूट दी गई थी। बंद के समर्थन में विधायक सेवा कार्यालय को विशेष निर्देश देकर अपने कार्यालय को पूर्ण रूप से बंद करवाया। इस प्रतीकात्मक कदम के माध्यम से उन्होंने बंदी को अपना नैतिक समर्थन और आतंकवाद के प्रति विरोध दर्ज कराया।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में चैंबर के आह्वान पर बाजार रहा बंद

# बाजार में सन्नाटा, आक्रोश चरम पर



हजारीबाग । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए जघन्य आतंकी हमले में 26 निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या ने समूचे राष्ट्र को गहरे आघात और पीड़ा में डुबो दिया है। इस अमानवीय एवं निंदनीय कृत्य के विरोध में तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए, फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, हजारीबाग के आह्वान पर शनिवार को एकदिवसीय बंद का आयोजन किया गया। सुबह से ही बंद का व्यापक असर देखा गया। सुबह से ही बाजार में सन्नाटा छाया रहा और जनाक्रोश चरम पर दिखा गया। शहर के पूरे दुकानें और प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहीं। व्यापारियों, उद्यमियों एवं आमजनों ने स्वतः बंद में भाग लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन किया। करीब 9:00 बजे से ही चेंबर के पदाधिकारी और व्यापारीगण झुलूस के रूप में बाजारों में निकले। 11 बजे से 11:30 बजे के बीच, देखते ही देखते पूरा बाजार सन्नाटे में बदल गया। प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद कर दिए गए और व्यापारी जुलूस में सम्मिलित हो गए। चेंबर सदस्यों ने झंडा चौक पर जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया, जहां पाकिस्तान के खिलाफ उग्र नारों के साथ जनभावनाओं का विस्फोट हुआ। शहीदों अमर रहें, आतंकवाद मुदार्बाद जैसे नारों से समूचा वातावरण गूंज उठा। हर नागरिक के चेहरे पर आतंकवाद के खिलाफ गुस्सा और मृतकों के प्रति संवेदना साफ झलक रही थी।

सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद का समर्थन हजारीबाग के लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी बंद का पूर्ण समर्थन किया। वर्तमान में हजारीबाग से बाहर होने के बावजूद, सांसद अपने झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यालय एवं विधायक अपने झांझरिया पुल स्थित विधायक सेवा कार्यालय को पूर्णतः बंद रखा.कार्यालय के सभी कर्मचारी चेंबर के आह्वान के समर्थन में रहे। सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद ने संदेश प्रेषित कर कहा की आतंकवाद के विरुद्ध हम सभी एकजुट हैं। निर्दोष सैलानियों की हत्या मानवता पर हमला है। इसका समुचित और निर्णायक उत्तर दिया जाना चाहिए। मैं चेंबर के इस पहल का समर्थन करता हूँ और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

#### पूरा शहर बंद, आम जन ने भी दिया समर्थन

दोपहर तक टोलियों में लोग शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते रहे और दुकानों को बंद करने का आह्वान करते रहे। हर छोटे-बड़े प्रतिष्ठान, मॉल, शोरूम, ठेले-पटरी व्यवसाय तक ने स्वतःस्फूर्त बंदी में भाग लिया। हजारीबाग बाजार का हर कोना इस एकजुटता का साक्षी बना। चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की पहलगाम की घटना ने समूची मानवता को झकझोर दिया है। निदोर्षो की हत्या को हम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कर सकते। आज का हजारीबाग बंद इस बात का प्रतीक है कि देश की जनता आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आतंकियों और उनके संरक्षक पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाए। चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर एवम उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल ने कहा की हजारीबाग की जनता ने आज यह साबित कर दिया कि वह हर राष्ट्रविरोधी गतिविधि के विरुद्ध खड़ी है। हम मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए हम एकजुट हैं। उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल एवम सहसचिव अहमद तारीक राजा ने कहा कि हजारीबाग स्वर्णकार संघ का चेंबर विशेष रूप से आभार प्रकट करता है जिन्होंने शुक्रवार को भी बंदी रखा और शनिवार को चैंबर की बंदी आह्वान पर पूर्ण रूप से समर्थन दिया एवं हजारीबाग के सभी व्यवसाईयों का आभार जताया जिन्होंने पूर्ण रूप से बंदी का समर्थन किया

#### चेंबर ने सांसद मनीष जायसवाल व विधायक प्रदीप प्रसाद ने लोगों का जताया आभार

फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, हजारीबाग ने सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद का समर्थन और संवेदनशीलता के लिए दुकानदारों और जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह यह घटना हुई वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। केन्द्र सरकार आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दे।

### जिलाध्यक्ष व जिला सचिव पहुंचे प्रेस क्लब

## निष्ठित व समर्पित पत्रकारिता ही संगठन का मुख्य उद्देश्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** सदस्यता अभियान और संगठन विकास को लेकर प्रेस क्लब हजारीबाग का पूरे प्रखंड में बैठक जारी है. इसी क्रम में शनिवार को जिलाध्यक्ष उमेश प्रताप व जिला सचिव मिथिलेश मिश्र का प्रेस क्लब बरही में आगमन हुआ. जिनका क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बुके देकर स्वागत किया. बैठक अध्यक्ष अनुज यादव की अध्यक्षता व सचिव अनुज सिंह के संचालन में आयोजित की गई. जिसमें सदस्यों ने अपने विचार रखे. वरिष्ठ सदस्य अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि प्रेस क्लब बरही के सभी सदस्य चट्टानी एकता से बंधे है और जिला के द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के लिए कटिबद्ध हैं. कुछ सदस्यों ने जिलाध्यक्ष से पत्रकारिता को निखारने के लिए प्रशिक्षण व्यवस्था का भी प्रस्ताव रखा जिसे जिला के अधिकारियों ने भी उचित बताते हुए शीघ्र व्यवस्था का आश्वासन दिया. जिला सचिव ने प्रेस क्लब के सिद्धांतो की चर्चा करते हुए सबों को एक बार फिर कर्तव्य बोध से अवगत कराया. इसके साथ ही उन्होंने नए सदस्यों का स्वागत किया. जिलाध्यक्ष श्री प्रताप ने दो टूक कहा कि उन्हें भीड़ नही रीढ चाहिए. सिद्धांतो के साथ समझौता नही किया जा सकता है.

### भागवत ज्ञान कथा में भक्तों की उमड़ रही भीड़



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर ग्रामवासियों द्वारा रविवार से श्री श्री 108 श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ व आध्यात्मिक उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है ।महायज्ञ 20 से 26 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है जिसमें कथावाचक छोटे सरकार,ज्योति शास्त्री,आचार्य ओमकार पांडेय,गौतम पांडेय के द्वारा यज्ञ को संपन्न किया जा रहा है ।इस दौरान शुक्रवार रात्रि कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत किया गया वहीं कथावाचक छोटे सरकार ने मधुर भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का खुब मनोरंजन किया । पूजा समिति के अध्यक्ष गेंदो महतो ने बताया कि शनिवार को भंडारे का आयोजन के पश्चात यज्ञ की समाप्ति की जाएगी। मौके पर, झामुमो कार्यकर्ता वासुदेव महतो, सरपंच लखनलाल महतो, वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो, पूजा समिति के अध्यक्ष गेंदों महतो, सचिव भीम महतो,कोषाध्यक्ष राकेश महतो,गोरहर गांव के राम टहल महतो,कार्तिक महतो, देवनारायण महतो,कालेश्वर प्रसाद,महेंद्र नाथ महतो,महेंद्र प्रसाद, पंचायत के प्रतिनिधि गण समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### वेश-बस्ता व स्वच्छता के सफल प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में शुक्रवार को विद्यालय स्तर पर भैया-बहनों में वेश-बस्ता व स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के निर्देश में किया गया। वहीं, निर्णायक की भूमिका में राकेश कुमार सहाय,रेखा कुमारी एवं श्वेता पंडा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेश प्रतियोगिता में वाटिका खंड में प्रथम अखंड वैभव, द्वितीय अंशिका परी एवं तृतीय काव्य कुमारी तथा शिशु वर्ग में प्रथम मेघ कुमारी,द्वितीय श्रेया रानी तथा तृतीय प्रीतम कुमार रहा ।बाल वर्ग में प्रथम मिष्ठी घोषाल,द्वितीय रीत कुमारी तथा तृतीय धनराज कुमार और किशोर वर्ग में प्रथम हर्षित कुमार,द्वितीय खुशी कुमारी,तृतीय स्थान जिया कुमारी ने हासिल किया। वहीं तरुण वर्ग में प्रथम ज्योति कुमारी, द्वितीय कुमारी मानशी व तृतीय स्थान पर पुष्पा कुमारी रही। सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया ।प्राचार्य ने भैया बहनों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन एवं स्वच्छता हमारे विद्यालय का महत्वपूर्ण अंग है। अनुशासन के बल पर ही हम आगे बढ़ते हैं और हमें कामयाबी मिलती है ।हम सभी को अनुशासन और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या ज्योति राजहंस,मिथिलेश कुमार खन्ना, ललिता गिरि,अमृता चौधरी,पूनम सिंह आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### 30 घंटे से अंधेरा में डूबी रही मेनगेट कॉलोनी, गर्मी से लोगों का हाल बेहाल

**गिद्दी।** गिद्दी मेनगेट कॉलोनी के लगभग 3 सौ क्वार्टर में गुरुवार को 30 घंटा बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे चिलचिलाती गर्मी में उक्त कॉलोनी में रह रहे लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। कॉलोनी के लोगों ने बताया मेनगेट ट्रांसफार्मर से तीन फेस से बिजली आपूर्ति होता है। गुरुवार को सुबह में ट्रांसफार्मर का एक नटबोल्ट लूज हो गया। जिसके कारण ट्रांसफार्मर के दो फेस में सुबह 8 बजे से बिजली कट गई। वहीं तीसरा फेस में शाम 4 बजे से बिजली गुल हो गई। बताते हैं कॉलोनी के लोग इसकी सूचना गुरुवार को सुबह में सबस्टेशन में दिया था। ड़यूटी में तैनात बिजली कर्मी ट्रांसफार्मर के नट बोल्ट नहीं होने की बात कह कर नट टाइट नहीं किया। इसके विपरीत ट्रांसफार्मर के तीसरा फेस में जो बिजली चार्ज थी।

### दुकानदारों से 1500 रुपए का आर्थिक दंड वसूला



रामगढ़। शनिवार को सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निदेशानुसार रामगढ़ थाना अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री द्वारा कॉलेज गेट से ब्लॉक तक कोटपा 2003 के अंतर्गत छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कोटपा अंतर्गत 6ए एवं धारा 4 के अंतर्गत 8 दुकानदारों से 1500 रुपए का आर्थिक दंड वसूला गया। बहुत से दुकानदारों से उनके दुकान पर लगे अवैध बैनर को निकलवाया गया। होटल और मॉल में धूम्रपान निषेध का बोर्ड नहीं होने की स्थिति में अर्थदंड लिया गया, उन्हें प्रारूप दिया गया तथा उसे लगाने हेतु निर्देश दिया गया। तंबाकू दुकानदारों द्वारा साइनेज लगाया जाना अनिवार्य है नहीं रहने पर 200 रुपए का आर्थिक दंड लिया जाएगा। छापेमारी में तम्बाकू नियंत्रण परामर्शी, फूड सेफ्टी कर्मी एवं रामगढ़ थाना का सहयोग रहा ।

### पंचायत वीएलई संग सीओ ने की बैठक

## यूनिक कोड आधारित आवेदन लेने पर बनी सहमति



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड के पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों का अमित किस्कू के साथ एक महत्पूर्ण बैठक हुई. प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए प्रमाण पत्र निर्गत प्रक्रिया में तेजी करवाने का आग्रह किया. साथ ही झारसेवा में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पूरे अंचल क्षेत्र में यूनिक कोड पर आधारित आवेदन प्रपत्र प्रारंभ करने की बात कही. जो सिर्फ प्रज्ञा केंद्र पर ही उपलब्ध होंगे. जिसे प्रज्ञा केंद्र संचालक फार्म नंबर और मुहर के साथ ही बिक्री कर सकेगा. इससे गलत दस्तावेज एंट्री पर नियंत्रण किया जा सकेगा. जिसे सीओ ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए संचालकों के सुझाव को उचित बताया. जिसे आगामी माह से जाति, आय, आवासीय आदि के लिए यूनिक कोड पर आधारित प्रपत्र प्रयोग करने की सहमति बनी. जो सिर्फ प्रज्ञा केंद्र पर ही उपलब्ध होंगे. सीओ ने सभी संचालकों को सिर्फ स्व अभिप्रमाणित जरूरी और स्पष्ट डॉक्यूमेंट्स हीं पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया. अंचल कंप्यूटर ऑपरेटर सहोदर व सागर ने भी सभी संचालकों को डॉक्यूमेट्स अपलोड करने के पूर्व बरती जाने वाली सावधानियों को भी जानकारी दिया.

### सांस्कृतिक कार्यक्रम व संगोष्ठी का किया गया आयोजन

**रामगढ़।** झारखंड सरकार द्वारा स्थापित एवं टेक्नो इंडिया ग्रुप द्वारा संचालित मुरुबंदा स्थित रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज के संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) एवं आईपीआर क्लब में 25 अप्रैल को 10:00 बजे से कॉलेज के सीएसई स्मार्ट क्लासरूम में आईपी उत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया। रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शरबानी रॉय ने कहा बौद्धिक संपदा शिक्षा प्रणाली की संपत्ति है। हमारा कॉलेज छात्रों को उनकी बौद्धिक संपदा का आकलन करने के लिए प्रेरित करने हेतु हर वर्ष विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाता है। उप प्राचार्या डॉ. नजमुल इस्लाम ने कहा शिक्षा किसी की बौद्धिक संपदा को समझने की एक प्रक्रिया है और हमारा हमेशा यह लक्ष्य रहता है कि छात्रों की बौद्धिकता की पहचान हो। संस्थान नवाचार परिषद की समन्वयक प्रोफेसर अरुणाभ दत्ता ने बताया कि आज के कार्यक्रम में लगभग 60 छात्र उपस्थित हैं।

### विवि में मनाया गया बौद्धिक संपदा महोत्सव


## प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्विद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा महोत्सव साप्ताहिक 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को इस कार्यक्रम का समापन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने विश्व बौद्धिक संपदा महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सफल कार्यक्रम की बधाई दी। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर कौशिक कुमार द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कौशिक कुमार ने पेटेंट, ट्रेडमार्क और कॉपीराइट पर प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी साझा की। इससे पूर्व डॉ प्रियांक सक्सेना बीआईटी मेसरा द्वारा क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन पर व्याख्यान दिया। डॉ प्रियांक सक्सेना ने इस व्याख्यान में अपने विभिन्न प्रोजेक्ट्स और इनोवेशन को विस्तार से प्रतिभागियों को बताया, जिसमें माइनिंग इंडस्ट्री में स्मोक डिटेक्शन, मेडिकल इंडस्ट्री में कैंसर डिटेक्शन, डिफेंस इंडस्ट्री में बिना नेटवर्क के मेसैज भेजना, गार्बेज डिटेक्शन पर अपने इनोवेशन प्रस्तुत किया। इस पूरे सप्ताह में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमें डिबेट कम्पटीशन, क्विज, निबंध लेखन, ग्रुप डिस्कशन इत्यादि शामिल है। विजेताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया। विभाग के सभी व्याख्याता इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर विभाग के सभी व्याख्यातगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### पूर्व सांसद ने हिंसा के विरुद्ध जताया आक्रोश

## आतंकवाद का जड़ से नामों निशान मिटा देना चाहिए



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कश्मीर की पहलगाम घाटी में बीते 22 अप्रैल को आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या किए जाने से आज पूरा देश आक्रोशित हैं। हिंदुस्तान की आजादी की लड़ाई सभी लोगों ने मिलकर लड़ी और आतंकवादियों के द्वारा इस तरह के कायराना हरकत से आपसी सौहार्द को बिगड़ने की कोशिश की गई है। जिन आतंकवादियों ने इस प्रकार के कायराना हरकत को अंजाम दिया है उन सभी को चुन-चुन कर खत्म करना चाहिए। इनका नामो निशान मिटा देना चाहिए। उक्त बातें शनिवार को पगमिल रोड स्थित अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि आज पूरा देश इस घड़ी में एक साथ खड़ा है सभी आपके साथ है और सभी आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहते हैं ताकि इस घटना में मारे गए लोगों को इंसाफ दिलाया जाए।

### हाई कोर्ट की जस्टिस अनुभा रावत चौधरी ने सिमडेगा बाल सुधार गृह और मंडलकारा का किया निरीक्षण

# सुधार गृह के बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को बेहरत तरीके डेवलप करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिमडेगा।** झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी, शनिवार को सिमडेगा जिला में आगमन हुआ। सिमडेगा भ्रमण के दौरान न्यायमूर्ति ने सर्वप्रथम न्यायालय परिसर में बने उद्यान -सह- ओपन जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने उद्यान में लगाए फलदार वृक्ष का निरीक्षण भी किया। ओपन जिम को देख जिला प्रशासन से और भी स्थानों में ओपन जिम का अधिष्ठापन कराने की बात कहीं। इसके बाद न्यायमूर्ति ने बाल सुधार गृह का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने वहां की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। बाल संप्रेक्षण गृह में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मीयों संग बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। न्यायमूर्ति ने सभी कर्मी को बच्चों को अनुशासन में रहने हेतु कई बातें बच्चों को बतलाने का की बात कहीं। उन्होंने अभी हाल में बाल सुधार गृह के एक बच्चे की मौत मामले में जानकारी लिए। उन्होंने बाल सुधार गृह के बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को बेहरत तरीके डेवलप करने का निर्देश दिया। उन्होंने बाल सुधार गृह के बच्चों के रहने, खाने, खेलने और पढ़ने की सुविधाओं का जायजा लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि बल सुधार गृह में हुए मामले की जांच चल रही है। फिर से ऐसी घटना की पुनरावृति न हो इसको लेकर उन्होंने कई निर्देश दिए हैं। इसके बाद जस्टिस सिमडेगा मंडलकारा पहुंची। मंडलाकार में कारा अधीक्षक अजय कुमार एवं प्रभारी जेलर मो. यूसुफ आलम ने बुके देकर न्यायमूर्ति का स्वागत किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से वहां की वस्तु स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने जेल की सुरक्षा सहित बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने ने मंडल कारा में किचन, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, अस्पताल वार्ड सहित विडियो कॉन्फ्रेंस रूम एवं पुस्तकालय का भी निरीक्षण कर जायज लिया। उन्होंने अस्पताल वार्ड निरीक्षण के क्रम कैदियों को मिलने वाली चिकित्सक सुविधाओं की जानकारी ली। तथा महिला अस्पताल वार्ड भी बनाने का निर्देश दिया। महिला वार्ड में न्यायमूर्ति ने महिला कैदियों से उनकी केश जुड़े मामले की स्थिति की जानकारी ली। वहां पर दो महिला के बच्चे भी है। न्यायमूर्ति ने बच्चें सहित महिलाओं को शिक्षित बानाने की बात कहीं। रसोईघर का निरीक्षण कर कैदियों को मिलने वाली भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। पुस्तकालय- सह- प्रशिक्षण सेंटर का निरीक्षण के क्रम पाया गया कि कैदियों द्वारा टेडी बेयर सहित कई महत्वपूर्ण सामग्रियों का निर्माण किया जा रहा है। न्यायमूर्ति के दिशा निर्देश पर जिला प्रशासन ने आरसेटी द्वारा कैदियों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर कैदियों द्वारा अलग-अलग आकर्षित करने वाले अलग - अलग का निर्माण किया जा रहा है। न्यायमूर्ति ने इस पहल की काफी प्रशंसा की। उन्होंने कैदियों द्वारा निर्माण किए गए सामग्रियों का विभिन्न कार्यक्रमों में डिस्प्ले करने की बात कहीं। अगर सामग्री लोगों को पसंद आती है और इसकी खरीद की जाती हैं तो जिस कैदी द्वारा निर्माण किया गया राशि उसके साथ में भेजने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति ने कोर्ट परिसर एवं कारा मंडल परिसर में पौधरोपण भी की गई।मौके पर प्रधान जिला जज -सह- सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ, कारा अधीक्षक अजय कुमार, एडीजे नरंजन सिंह, डालसा सचिव मरियम हेमरोम, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज,अंचलाधिकारी मो. इम्तियाज, डिएसपी, थाना प्रभारी सहित अधिकारी गण उपस्थित थे।

## सिमडेगा में झारोटेफ के आह्वान पर आक्रोश मार्च व श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य ट्राइबल एजुकेटेड फेडरेशन (झारोटेफ) प्रदेश कमेटी के आह्वान पर सिमडेगा जिला इकाई द्वारा पहलगाम में हुई बर्बर आतंकी घटना के विरोध में आक्रोश मार्च सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।आक्रोश मार्च झूलन चौक से प्रारंभ होकर महावीर चौक तक निकाला गया। मार्च के दौरान लोगों ने देशविरोधी ताकतों के खिलाफ नारेबाजी की और निर्दोष भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की।कार्यक्रम का नेतृत्व झारोटेफ सिमडेगा के जिला संयोजक सुनील गुप्ता ने किया। श्रद्धांजलि सभा में आतंकी हमले में मारे गए सभी नागरिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं देश की अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गंभीर चुनौती हैं।

## हिंदू समाज की बैठक, आतंकवादी हमले के विरोध में पुतला दहन और आज बंद का आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो प्रखंड के हुरदा गांव में शुक्रवार को शिवशरण सिंह की अध्यक्षता में हिंदू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की गई।बैठक में वक्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए पाकिस्तानी आतंकवादियों का पुतला दहन किया और भारत सरकार से मांग की कि ऐसी कड़ी कार्रवाई की जाए कि भविष्य में कोई भी दुश्मन देश भारत की ओर आंख उठाकर देखने की हिम्मत न कर सके। उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाने का संकल्प लिया। निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल 2025, रविवार को हुरदा और आसपास के सभी गांवों में समस्त दुकानें और कार्यस्थल बंद रहेंगे। साथ ही, प्रातः 8:00 बजे से हुरदा गांव में मृतकों की आत्मा की शांति हेतु सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया जाएगा और एक रैली भी निकाली जाएगी, जिसमें स्थानीय लोग भाग लेंगे।बैठक में राजेश बड़ाइक, बालेश्वर नाग, ओमीन सिंह, मदन सिंह, टकधर साहु, फिटुग सिंह, चंदा साहु, चुमेश्वर साहु, नरेंद्र सिंह, गुरुदत्त सिंह, बालेश्वर सिंह, बाबा दुर्योधन दास, मनुएल मुंडा, संतोष साहु समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष का संकल्प लिया।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बंद, विश्व हिन्दू परिषद ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंग दल के तत्वावधान में सभी संगठनों व आयामों द्वारा आहूत सिमडेगा बंद पूर्णतः सफल और शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान नगर के समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकाने, ठेले-खोमचे पूर्णतः बंद रहे। सड़कें सुनसान दिखीं और बसों तथा अन्य यात्री वाहनों का परिचालन भी ठप रहा। स्थानीय नागरिकों ने भी बंदी का स्वतः समर्थन करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और शांति व्यवस्था में सहयोग दिया।सुबह से ही सिमडेगा के मुख्य बाज़ार, बस स्टैंड, मोहल्लों और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा रहा। कहीं से भी किसी प्रकार के उपद्रव या अशांति की खबर नहीं आई। विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने इस बंद की सफलता के लिए सभी सामाजिक संगठनों, आयामों, दुकानदारों, व्यापारियों, वाहन मालिकों और आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। परिषद् के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह का शांतिपूर्ण और स्वतः बंद इस बात का प्रमाण है कि देशवासियों के दिलों में आतंकवाद के खिलाफ गहरा आक्रोश है और वे आतंकियों द्वारा किए जा रहे बर्बर कृत्यों के खिलाफ एकजुट हैं।संगठन ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना भी प्रकट की है। विश्व हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करता है। उन्होंने कहा कि आतंकियों द्वारा किए गए इस क्रूर कृत्य को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने प्रशासन, पुलिस विभाग और मीडिया का भी धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से बंदी शांतिपूर्ण और सफल रही।

## खम्हनटांड़ चेक पोस्ट पर बस से भारी मात्रा में गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**बांसजोर।** बांसजोर ओपी अंतर्गत खम्हनटांड़ चेक पोस्ट पर शुक्रवार शाम चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली। राउरकेला से रांची की ओर जा रही अंजनी बस की जांच के दौरान दो यात्रियों ओम प्रकाश चौधरी और जोखन चौधरी के पास से कुल 13 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।इस मामले में जलडेगा बांसजोर ओपी में थाना कांड संख्या 39/25, को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।प्रेस वार्ता के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक यात्री बस में भारी मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी हो रही है। सूचना के आधार पर खम्हनटांड़ चेक पोस्ट पर बस को रोककर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें गांजा बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि लगातार बनाए जा रहे चेक पोस्ट से तस्करी पर अंकुश लगाने में पुलिस को सफलता मिल रही है। यह भी बताया कि उड़ीसा से बिहार होते हुए नेपाल तक मादक पदार्थों की तस्करी का प्रयास लगातार किया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए पुलिस सक्रियता से काम कर रही है। हाल के दिनों में कई ऐसे प्रयासों को विफल किया गया है और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाइयाँ जारी रहेंगी।

## प्रदेश प्रभारी के राजू के निर्देश पर बानो प्रखंड कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रदेश प्रभारी के राजू के निर्देशानुसार शनिवार को अजित कंडुलना की अध्यक्षता में बानो प्रखंड कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर प्रवेक्षक फुलकेरिया डांग भी उपस्थित रहीं। बैठक में संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की।पुनर्गठन के तहत नए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई।जिसमे अध्यक्ष अजित कंडुलना,उपाध्यक्ष जेम्स कडुलना, मो. रफीक अंसारी,महासचिव अनिल कुमार बागे, अभिषेक बागे, हर्षित सांगा, सालन बागे, लुथर आईंद, सैमुएल बूढ़, साबन डांग, संजीव कैथवार, जॉन कुंडुलना।सभी नवगठित पदाधिकारियों ने पार्टी के सिद्धांतों और जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। मौके पर प्रवेक्षक पुलकेरिया डांग ने कहा कि संगठन का पुनर्गठन समय की आवश्यकता है और इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। वहीं, अध्यक्ष अजित कंडुलना ने भी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी एकजुटता के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें।

## व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया गया। लोक अदालत में कुल 33 मामले रखे गए थे। जिसमें आपसी समझौते के आधार पर 29 मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही 1 लाख 84 हजार रुपए पर समझौता हुआ। लोक अदालत में सुलह योग्य अपराधिक मामले 20 और बिजली संबंधित नौ मामलों का निष्पादन किया गया। लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बैंचों का गठन किया गया। पहले बेंच में जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरंजन सिंह,चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता कैलाश प्रसाद, दूसरे बेंच में सीजेएम निताशा बारला, अधिवक्ता लुदाम बाहा सांगा, तीसरे बेंच में एसडीजेएम सुमी बीना होरो, अधिवक्ता अनूपा खलखो, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा, अधिकता सुरेश प्रसाद, पांचवें बेंच में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, सदस्य लक्ष्मीकांत प्रसाद को शामिल किया गया था।

## कुरडेग प्रखंड में स्कूल रूआर 2025 को लेकर कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** कुरडेग प्रखंड कार्यालय के सभागार में को शिक्षा विभाग द्वारा "स्कूल रूआर 2025" कार्यक्रम को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि 'रूआर' संथाली भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है "फिर से लौटना"। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ड्रॉप आउट हुए बच्चों को पुनः विद्यालय में लाना और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान 21 अप्रैल से 10 मई 2025 तक चलेगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमन कुजूर ने कहा कि बच्चों का केवल नामांकन कराना ही नहीं, बल्कि उनका ठहराव भी सुनिश्चित करना आवश्यक है। जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने शिक्षकों के साथ समान व्यवहार की आवश्यकता पर बल दिया और जनप्रतिनिधियों से विद्यालय भ्रमण करने का आग्रह किया।कार्यशाला में उप प्रमुख अजय जयसवाल, कुरडेग मुखिया उर्मिला कुजूर, खिंडा मुखिया जगेश्वर प्रधान, शिक्षक श्रवण बड़ाईक, विधायक प्रतिनिधि दीपक जयसवाल, टीआईआरएफ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नीतू सिंह, उपस्थित थे।



### कोलेबिरा प्रखंड में स्कूल रुआर कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आयोजित

**कोलेबिरा।** प्रखंड कार्यालय के प्रखंड संसाधन केंद्र में शिक्षा विभाग द्वारा "स्कूल रुआर 2025" कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो, अंचलाधिकारी अनुप कच्छप, मनरेगा लोकपाल पुष्पा सिंह, बीआरसी बीपीओ नीलिमा कुजूर, सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा, डोमटोली मुखिया अनिता जड़िया, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी हृदयनाथ पांडे और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। बीपीओ ने सभी अतिथियों को पौधा भेंटकर सम्मानित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने कहा कि विद्यालय से बाहर रह गए सभी बच्चों का नामांकन कराया जाए और उनका ठहराव सुनिश्चित किया जाए। अंचलाधिकारी अनुप कच्छप ने भी स्कूल से बाहर बच्चों के नामांकन पर विशेष जोर दिया। मुखिया अनिता जड़िया और अंजना लकड़ा ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन का आधार है और सभी को मिलकर अनामांकित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने "स्कूल रुआर" कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि 'रुआर' संथाली भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है 'फिर से लौटना'। इसका उद्देश्य ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल में वापस लाना और अभिभावकों को जागरूक कर नामांकन और ठहराव दर बढ़ाना है।

## न्यूज बॉक्स

### बानो मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में हुआ नर्सिंग वीक का समापन

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में नर्सिंग सप्ताह का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। शनिवार को सभी छात्राओं ने रैंप वॉक कर पढ़ाई के साथ साथ फैशन के प्रति जागरूकता को दिखाया वहीं स्कूल की छात्राओं के ग्रुप ने एक से एक बढ़कर नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें महिला सशक्तिकरण ,नागपुर की संस्कृति, अपने देश के प्रति सम्मान का थीम था अंत में एक हॉरर गाने एवं टीचर्स ने रैंप वॉक कर नर्सिंग सप्ताह का समापन किया गया। समापन समारोह में निदेशक प्रहलाद मिश्रा ने संबोधित करते हुए छात्राओं को कहा कि इस तरह के होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम हम सबों के बीच आत्मविश्वास बढ़ाता है जिससे हम अपने जीवन में होने वाले छोटी-मोटी समस्याओं से दूर रहकर हर समय आगे बढ़ने का जज्बा रख सके। सभी छात्राओं को नर्सिंग सप्ताह की बहुत-बहुत शुभकामना देते हुए लोगों के बीच फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तरह सेवा समर्पण और त्याग की भावना बनी रहे ऐसा उन्होंने कहा।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बानो प्रखंड के शिक्षकों ने मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

**बानो।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, बानो प्रखंड इकाई के शिक्षकों ने शनिवार को राजकीय मध्य विद्यालय बानो परिसर में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष केदारनाथ सिंह और सचिव महावीर सोनी ने कहा कि पहलगाम की दर्दनाक घटना से समूचा शिक्षक समाज मर्माहत है। घटना को याद करते हुए कई शिक्षकों की आंखें नम हो गईं। शिक्षकों ने एकमत से निर्णय लिया कि काला बिल्ला धारण कर और मौन धारण कर इस कायरतापूर्ण हमले की निंदा की जाएगी। साथ ही भारत सरकार से आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई।मौके पर प्रेम प्यारे लाल, गजेंद्र प्रसाद, शमीम अख्तर, मनोज कुमार यादव, उमेश साहू, जगन्नाथ भगत सहित प्रखंड के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बोलबा प्रखंड बंद, आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी

**बोलबा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों और उनके परिजनों की आत्मा की शांति हेतु शनिवार को बोलवा प्रखंड में आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद रखा गया। इस दौरान आक्रोशित नागरिकों ने "पाकिस्तान मुर्दाबाद", "पाकिस्तानी आतंकवादी होश में आओ" और "आतंकवादियों को फांसी दो" जैसे गगनभेदी नारे लगाए।कार्यक्रम के दौरान आतंकवाद का पुतला भी दहन किया गया। हाथों में तिरंगा थामे मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।मौके पर मुखिया सह भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक ने अपने विचार रखते हुए आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र मे बानो पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे दस केजी महुआ जावा को जब्त करते हुए नष्ट किया गया। ए एस आई शंकर बखला के नेतृत्व मे अवैध महुआ शराब को लेकर छापामारी किया गया। ए एस आइ शंकर बखला ने बताया कि बानो थाना प्रभारी सोनु कुमार के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र मे अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी कर दस केजी महुआ जावा को जब्त करते हुए नष्ट किया गया। अभियान को सफल बनाने मे पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

**सिमडेगा।** बच्चों के विकास को ध्यान में रखते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल, सिमडेगा में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, नृत्य और विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में शनिवार को साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत चारों हाउस के बीच एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को जूनियर और सीनियर दो वर्गों में विभाजित किया गया था।जूनियर वर्ग में आरोही कुमारी (बिरजानंद हाउस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुष्का जैन (दयानंद हाउस) द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं अनन्या तिर्की (श्रद्धानंद हाउस) और भूमि कुमारी (हंसराज हाउस) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।सीनियर वर्ग (कक्षा 9वीं से 12वीं) में सौम्या झा (दयानंद हाउस) प्रथम, सुरभि कुमारी (श्रद्धानंद हाउस) द्वितीय और प्रियांशु बाड़ा (हंसराज हाउस) तृतीय स्थान पर रहीं।इसके अलावा कक्षा दूसरी की नन्ही छात्रा अन्वी कुमारी ने एक सुंदर ड्रामा प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने खूब सराहा।कार्यक्रम में प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की।

### मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने महावीर चौक में जरूरतमंद लोगों के बीच किया खिचड़ी वितरण

**सिमडेगा।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा द्वारा महावीर चौक महावीर मंदिर के बाहर राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया गया। यह सेवा कार्य शनिवार के दिन के महत्व को देखते हुए और लोगों की परेशानी को समझते हुए किया गया, जब सिमडेगा पहलगांव में आतंकियों द्वारा की गई कायराना हरकत के आक्रोश में बंद है।इसी बीच, राम जानकी मंदिर परिसर में परशुराम जयंती से पूर्व कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को परशुराम जयंती के महत्व और उनके आदर्शों के बारे में जानकारी दी गई।मारवाड़ी ब्राह्मण सभा और परशुराम जयंती आयोजन समिति के सदस्यों ने समाज की एकता और सेवा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान मुख्य रूप से मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के ओम प्रकाश शर्मा, श्यामलाल शर्मा ,सुरेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में ब्राह्मण युवा समिति के सोनू शर्मा, संजय शर्मा ,रोहित शर्मा,प्रकाश शर्मा ,हरि गौतम, सोनू शर्मा , रवि नगवान ,मुन्ना शर्मा,टिंकू शर्मा,विश्नु शर्मा के अलावा युवा समिति के सदस्यों ने सहयोग किया।

### बानो में लेप्रोस्कोपिक विधि से हुआ महिला बंध्याकरण

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बानो में लेप्रोस्कोपिक विधी द्वारा महिला बन्धयाकरण एवं पुरुष नसबंदी कैम्प का आयोजन किया गया है. जिसमें 33 महिलाओं का बंध्याकरण और 1 पुरुष का नसबंदी किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि महिला बन्धयाकरण एवं पुरुष नसबंदी करा कर खुशहाल परिवार बनाये. महिला बन्धयाकरण कराने वाले लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति राशि दो हजार रुपया एवं पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को तीन हजार रुपया उनके बैंक खाता संख्या में भुगतान किया जायेगा। शिवीर को सफल बनाने मे डा मुनीरतनम, अंजना उरांव, नीली माधुरी बागे, संगीता कुमारी ज्योति कुजुर अयुमन जडिया, चंद्रशेखर, मेबल, मरसी महिमा लुगुन रम्भा सिंह सहिया और ए एन एम उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन,06 युनिट हुआ रक्तदान

**कोलेबिरा।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सदर अस्पताल सिमडेगा ब्लड बैंक की टीम ने सहयोग किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों और ब्लड बैंक के टीम के द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।रक्तदान शिविर का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ मोहित सवैयां,जोन पोल बा,विलास कुमार,प्रवीर दास, जितेंद्र कुमार,उपेन्द्र शर्मा ब्लड बैंक सिमडेगा सदर अस्पताल के सुबल बागे,राजीव कुमार,सीएचओ,एएनएम स्वास्थ्य कर्मी एवं मंच के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।शिविर में डॉ मोहित सवैयां ने कहा कि "रक्तदान एक जीवनदायी कार्य है, जो न केवल दूसरों की जान बचाता है, बल्कि स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।" लोगों ने रक्तदान को परोपकार,स्वास्थ्य लाभ और मानवता की मिसाल बताया। रक्तदान शिविर आयोजन को लेकर सामाजिक सरोकारों की दिशा में यह एक प्रेरणादायी कदम माना गया।

### प्रसव के बाद रेफर की गई महिला को एंबुलेंस चालक निजी अस्पताल ले गया, हुई मौत

# परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप, हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिले के बोड़ो स्थित कल्याण हॉस्पिटल में एक 20 वर्षीय प्रसूता की मौत इलाज के दौरान हो गई है। मृतका बेहरडीह निवासी वरुण तुरी की पत्नी रानी देवी है। घटना के संबंध में मृतका के परिजनों ने बताया कि बीते देर शाम रानी देवी ने पहले बच्चे को जन्म जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिया। इस दौरान प्रसूता के शरीर से काफी ज्यादा खून बह गया। इसके बाद जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर किया गया। जिसके बाद परिजनों ने एंबुलेंस कर प्रसूता को गिरिडीह लाने लगे। एम्बुलेंस से गिरिडीह लाने के दौरान एंबुलेंस चालक ने प्रसूता के परिजनों को बहला फुसलाकर बोड़ो स्थित कल्याण हॉस्पिटल ले गए। इस दौरान अस्पताल की ओर से प्रसूता के परिजनों को भरोसा दिया गया कि मरीज का ठीक से इलाज किया जाएगा। और वह स्वस्थ हो जाएंगी, यहां कोई समस्या नहीं है। और परिजनों से इलाज के पैसे भी लिए। जिसके बाद इलाज के दौरान प्रसूता की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और न्याय की गुहार लगाई। मामले की सूचना मिलते ही पचंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की जांच में जुट गई है।

### मुस्लिम समाज ने पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में धनबाद के झरिया स्थित शिमला बहाल बस्ती में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने शांतिसभा की. जुमे की नमाज के बाद कौमी पंचायत कमेटी व रहबर पंचायत कमेटी के सदस्य एकत्रित हुए और हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी. आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए. साथ ही समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने और दोषियों को जल्द कड़ी सजा देने की मांग की.

# कार्यालय में बीजेपी के समर्थकों के साथ हो रहा भेदभाव : बाबूलाल




**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के अधिकारियों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि यहां के जो अधिकारी हैं वे सरकारी योजना का लाभ देने में झामुमो और भाजपा के बीच पिक एंड चूज कर रहे हैं. झामुमो के कार्यकताओं को तवज्जो दी जा रही है जबकि भाजपा के लोगों को महत्व नहीं दिया जा रहा है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उन्हें यह जानकारी मिली है कि अधिकारी दलगत भावना रखकर काम कर रहे हैं. भाजपा के कार्यकर्ता हैं तो इन्हें कार्यालय में नहीं बैठने देना है, इनका काम नहीं करना है. पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने जा रहे हैं और इसके लिए वह कार्यकताओं को भी तैयार कर रहे हैं. बाबूलाल मरांडी दुमका के इंडोर स्टेडियम में भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे थे.

इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित काफी संख्या में बीजेपी कार्यकताओं ने भाग लिया. बाबूलाल मरांडी ने देश में उपजे हालात की चर्चा करते हुए कहा कि एक तरफ आतंकवादी धर्म पूछ कर गोलियां बरसा रहे हैं. वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन साफ तौर पर कह रहे हैं कि मुसलमान कब्र में नहीं बल्कि सब्र में है. कभी भी मारकाट कर सकते हैं. इन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर इन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए.बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे पर भी सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने कहा कि सीएम विदेशी इन्वेस्टर को निमंत्रण देने गए थे या फिर अपनी काली कमाई विदेश में इन्वेस्ट करने गए थे. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ जो टीम गई उसका क्या औचित्य था यह जनता को बताएं.

### 110 एकड़ में बना है देवघर का सोलर पार्क, देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहे हैं सोलर प्लेट्स



**देवघर।** लगातार बढ़ रही गर्मी और चिलचिलाती धूप में लोगों के लिए बिजली की व्यवस्था ही एक सहारा है. लेकिन देवघर जिले की यदि बात करें तो यहां पर लोगों को घर के अंदर भी राहत नहीं मिल पाती है, क्योंकि आए दिन पावर कट और लोड शेडिंग की समस्या देखी जाती है. पावर कट और लोड शेडिंग की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिले में बड़ा सोलर प्लांट लगाया गया है. 110 एकड़ में बने इस प्लांट में करीब तीन से साढ़े तीन लाख सोलर प्लेट्स लगाए गए हैं. जिससे पूरे शहर के लिए बिजली उत्पादन किया जाता है. तपोवन में बने इस प्लांट के माध्यम से करीब 14 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है, जो बैद्यनाथपुर में बने सब-ग्रिड को मुहैया कराई जाती है. बैद्यनाथपुर के सब ग्रिड से यह बिजली लोगों के घरों तक पहुंचाई जाती है. कुंडा थाना इलाके के तपोवन में बने इस सोलर प्लांट को सैमेज सहित अन्य निजी कंपनियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है. जिसकी निगरानी भारत सरकार के मिनिस्ट्री आफ न्यू एंड रिन्यूएवल एनर्जी और झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी एंड डेवलपमेंट एजेंसी के द्वारा की जाती है. तपोवन स्थित बने सोलर पावर प्लांट को लेकर बिजली विभाग के पदाधिकारी नीरज आनंद बताते हैं कि इससे प्रतिदिन 14 मेगावाट बिजली देवघर शहर को मिलती है. कुल सात यूनिट में पूरे सोलर प्लांट को बांटा गया है. प्रत्येक यूनिट से दो मेगावाट बिजली उत्पादन किया जा रहा है.

### विवि ने जारी की परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि



**बरही।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने स्नातक एफवाईयूजीपी सेमेस्टर 3 शैक्षणिक सत्र 2023-27 (एनईपी), सत्र 2023-2026 (वोकेशनल), युजी सत्र 2021-24 (विशेष) परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने की तिथि जारी कर दी है. जारी तिथि के अनुसार 25 अप्रैल से 15 मई 2025 तक ऑनलाइन प्रपत्र भरे जाएंगे. जिसे महाविद्यालय जमा किए गए पर पत्रों की जांच करते हुए 19 मई तक अंतिम रूप से स्वीकार या अस्वीकार करेगा. 16 मई के बाद 100 रुपए प्रतिदिन बिलंब शुल्क की दर से आवेदन प्रपत्र भरे जाएंगे. आंतरिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थी परीक्षा पत्र भरने के योग्य नहीं होंगे. उक्त निर्देश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक द्वारा 19 अप्रैल को जारी की गई है. आरएनवाईएम महाविद्यालय के एसआरसी ऑपरेटर नूपुर कुमारी ने कहा कि कोई भी विद्यार्थी अपना परीक्षा फॉर्म एसआरसी सेंटर में 9 बजे से 12 बजे के बीच भर सकते हैं.

### पहलगाम आतंकी कांड के विरुद्ध भाजपा का मशाल मार्च, विधायक हुए शामिल



**बरही ।** शनिवार की देर संध्या धनबाद रोड स्थित एनएचएआई डाक बंगला परिसर से भाजपाइयों ने विधायक मनोज कुमार यादव की अगुवाई में आक्रोश पूर्ण मशाल मार्च किया. जिसमें भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और सामाजिक लोग शामिल हुए. रैली में शामिल लोगो को संबोधित करते हुए विधायक श्री यादव ने कहा कि 22 अप्रैल की घटना आतंकियों एवं पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की हताशा का परिणाम है. निहत्थे पर्यटकों पर जाति और धर्म पूछ कर गोली चलाना और हत्या करना मानवता का हनन है. इस घटना से पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान का घृणित कर्म उजागर हुए है. जिसका केंद्र सरकार एक एक खून का बदला लेगी. मौके पर रैली में शामिल लोगों नेक मृतात्मा की शांति और परिजनों के लिए साहस प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना किया.

### मोहम्मदगंज में विधायक ने की समीक्षा बैठक

**मोहम्मदगंज।** विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने प्रखंड सभागार में शनिवार को आयोजित बैठक में प्रखंड में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक का संचालन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) गौरांग महतो ने किया। बैठक में अंचल अधिकारी रणवीर कुमार, प्रमुख अर्चना देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, म्यूटेशन कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, जलमीनार निर्माण और खराब चापानल की मरम्मत के कार्यों की समीक्षा की गई। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यों में शिथिलता और भ्रष्टाचार पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी कार्य में इसकी शिकायत मिलती है, तो इसे सीधे विधानसभा में उठाया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डीएफओ और रेंजर ने पौधशाला निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

# पार्क बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा : डीएफओ



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** गिरिडीह के डीएफओ ने तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित थम्भाचक में बनने वाले स्थाई पौधशाला का निरीक्षण किया। शनिवार की सुबह डीएफओ मनीष कुमार तिवारी और रेंजर अनिल कुमार थम्भाचक पहुंचे। जहाँ उन्होंने कार्य स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बाबत डीएफओ मनीष कुमार ने बताया कि यहां ढाई एकड़ भूमि पर पौधशाला का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां बनने वाले पौधशाला में आम, कटहल, बरगद, नीम, बबुल,अशोक के अलावे सागवान, शीशम,पीपल, साल जैसे कास्ट वृक्ष और सभी प्रकार के फलदार व फूलदार पौधे उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि आम जनता के लिए बाजार से बेहद कम कीमत में ये सारे प्रकार के पौधे यहां उपलब्ध होंगें, जिससे लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के इस पहल से लोग इस क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का कार्य करें, पेड़ों को बचाएं, उन्हें सहेंजे, पेड़ हैं - तो हम हैं। वहीं उन्होंने कहा कि यहां पार्क के लिए भी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जिसे सरकार को भेजा जायेगा, आदेश आने पर यहां भी एक बेहतरीन पार्क बनेगा। मौके पर वनपाल अभिमित राज के अलावे अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

**पुराना पौधशाला (नर्सरी) हो चुका है नष्ट, इस पहल से लोगों को फिर मिलेगा लाभ**

बता दें कि तिसरी में पहले भी प्रखंड मुख्यालय स्थित गेस्ट हॉउस के पीछे एक पौधशाला ( नर्सरी ) था। जहाँ बेहद कम कीमतों में पौधे मिलते थे, लोग दूर - दूर से यहां पौधे लेने आते थे। लेकिन रख - रखाव और कुछ कारणों के चलते वह नष्ट हो गया,अभी वह जगह बिलकुल वीरान पड़ी है। बहरहाल वन विभाग ने एकबार फिर इस ओर ध्यान दिया है। स्थायी पौधशाला की व्यवस्था होने के बाद यहां के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान में स्थानीय लोगों को इनसब

### पुलिस ने कब्र खोदकर निकाला महिला का शव

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना अंतर्गत तांतनगर ओपी इलाके में शनिवार को पुलिस ने मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में एक कब्र से पुराना शव निकाला है. जिसके बाद शव को फॉरेंसिक जांच के लिए चाईबासा भेजा दिया गया है. दरअसल, बरकिमारा निवासी 27 वर्षीय मेंजो पुरती की मौत 7 अप्रैल को हो गई थी. जिसके बाद गांव वालों ने आपसी बातचीत करके थाना को बिना सूचना दिए ही गांव वालों ने दफना दिया. दफनाने से पूर्व लोगों ने शव का फोटो खींच लिया था. तीन-चार दिन बाद जब लोगों ने फोटो को देखा तो लोगों को शंका हुई. लोगों ने फोटो देखकर हत्या की आशंका जताई. इसके बाद मृतका महिला के पति डुबगा पुरती ने 16 अप्रैल को थाने में शिकायत की. शिकायत में कहा कि पत्नी की सामान्य मौत नहीं हुई है बल्कि उसकी हत्या की गई है. इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की है. तांतनगर ओपी प्रभारी पीयूष नाग ने कहा कि महिला की मौत 7 अप्रैल को हो गई थी.

## न्यूज | बॉक्स

### मारे गए पर्यटकों की याद में कैंडल मार्च व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**रामगढ़।** पहलगाम जम्मू कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी. इस हृदय विधायक घटना के विरोध में आतंकवाद एवं उनके समर्थकों के प्रति जन आक्रोश प्रकट करने एवं देश की सहिष्णुता को बचाए रखने के लिए 26 अप्रैल को शाम 6:00 बजे फुटबॉल मैदान से कैंडल मार्च का आयोजन किया गया. कैंडल मार्च के शहर के सुभाष चौक पहुंचने पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया और घटना में मारे गए लोगों की याद में 1 मिनट का मान रखा गया. कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो ने किया. कार्यक्रम में के दौरान संगठन के लोगों ने कहा की .कश्मीर हो या गुवाहाटी अपना देश अपनी माटी. अब तो अंतिम प्रहार करो आतंकी का संघार करो. हिंदुस्तान जिंदाबाद, तुम जितना नफरत बांटोगे हम उतना एकजुट हो जाएंगे. भारत की हो यह नीति भय बिन होता नहीं प्रीति हम हिंदुस्तानियों का नारा है पूरा कश्मीर हमारा है.

### गोली कांड में युवक गिरफ्तार



**गोड्डा।** विगत रात्रि ग्राम बनरचुआ, थाना-महागामा, जिला-गोड्डा के निवासी श्यामा झा, पिता हरिकिशोर झा को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त सूचना को वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए घटनास्थल पर जाकर सत्यापन किया, जिसमें घटना को सत्य पाया गया। उक्त संदर्भ में महागामा थाना काण्ड सं0-89/2025 दिनांक-20.04.2025 सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी के 04 (चार) नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महागामा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर काण्ड उद्भेदन / काण्ड में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की गयी। अनुसंधान एवं छापामारी में काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त निवेदिता देवी उम्र 37 वर्ष पति-स्व० सच्चिदानंद मिश्रा सा०-बनरचुवा, थाना-महागामा, जिला-गोड्डा को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा इनके द्वारा उपयोग में लाये गये मोबाईल को विधिवत जप्त कर तकनीकी विश्लेषण किया गया।

### बीबीएमक्यू में हॉस्टल व क्वार्टर निर्माण को मिले 36 करोड़ लौट गए

**धनबाद।** धनबाद के बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में हॉस्टल व शिक्षकों के क्वार्टर निर्माण मद में सरकार से मिली 36 करोड़ रुपये की राशि उपयोग नहीं होने के कारण लौट गई. विवि के सीसीडीसी डॉ आरके तिवारी ने बताया कि उन्हें इस राशि के बारे में जानकारी नहीं दी गयी थी. यह राशि वापस हासिल करने के लिए झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड (जेएसबीसीसीएल) को पत्र लिखा जा रहा है. ज्ञात हो कि जेएसबीसीसीएल ने यह राशि वर्ष 2023 में तत्कालीन कुलपति डॉ सुखदेव भोई के कार्यकाल में स्वीकृत की थी. इस राशि से विश्वविद्यालय में शिक्षकों के क्वार्टर व छात्राओं के लिए हॉस्टल का निर्माण होना था. टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं होने के कारण राशि दो वर्ष तक पीएल अकाउंट में पड़ी रही और अब वापस लौट गयी. इधर, रजिस्ट्रार डॉ धनंजय कुमार सिंह ने पताया कि राशि वापस लौट गयी है।

### गोड्डा समाहरणालय भवन में खड़ी गाड़ियों में लगी आग

# चंद मिंटो में सब जलकर हुआ खाक




**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**
जिला गोड्डा के नए समाहरणालय भवन के समीप कर्मियों की कार में अचानक आग लग गयी और इसके साथ ही पास में रखी कई बाइक भी इसकी चपेट में आकर पूरी तरह जलकर खाक हो गयी. चिलचिलाती धूप के बीच गोड्डा समाहरणालय भवन के पास रखी कार अचानक से धू-धू कर जलने लगी. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि इसका गुबार समाहरणालय भवन के ऊपरी बिल्डिंग तक पहुंच रही थी. शुरूआत में लोगों को कुछ भी समझ में नहीं आ रहा था. देखते ही देखते आग की लपटें आस पास भी फैलने लगीं. जिसकी चपेट में स्टाफ की बाइक भी आ गयी. जानकारी के मुताबिक इस आग में दो बुलेट बाइक के अलावा अन्य दो बाइक भी स्वाहा हो गईं. हालांकि इसके बाद अग्निशमन वाहन को बुलाया गया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. इस दौरान समाहरणालय परिसर में अफरा तफरी का माहौल रहा. गर्मी के मौसम में वाहनों में अचानक आग लगने की वजह क्या रही इसका पता लगाया जा रहा है. लेकिन इस तरह घटना तेज धूप में रहने से हो जाती है. वहीं गर्मी में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं. ऐसे में जिला प्रशासन ने भी लोगों से सतर्कता की अपील की है जिससे ऐसी घटना कम हो सके. वहीं ज्वलनशील पदार्थों को सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने की बात कही है.

**जानकारी के मुताबिक इस आग में दो बुलेट बाइक के अलावा अन्य दो बाइक भी स्वाहा हो गया**

### विद्यालय में नहीं आए शिक्षक, बच्चों ने घंटो किया इंतजार

# ग्रामीणों का भी फूटा गुस्सा,कहा बच्चों को नहीं भेजेंगे विद्यालय



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय खिरोद में शनिवार को ताला लटका रहा। विद्यालय में कार्यरत दोनों शिक्षक विद्यालय से नादारत थे। जिस कारण विद्यालय आए दर्जनों बच्चों ने कई घंटो तक विद्यालय के प्रांगण में बैठकर शिक्षकों का इंतजार किया। लेकिन 10 बजे तक कोई भी शिक्षक विद्यालय नहीं पहुंचे थे। जिसके कारण मध्याह्न भोजन भी बंद रहा। इसे देख ग्रामीणों का भी गुस्सा फुट पडा। शिक्षकों की मनमानी के खिलाफ ग्रामीण भी विद्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है शिक्षक हमेशा ऐसा ही करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में शिक्षक अपनी मनमानी करते हैं और स्कूल में नहीं रहते हैं। यही हाल रहा तो हम अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजेंगें। ग्रामीण रंजीत यादव और कोलेश्वर यादव ने कहा कि स्कूल में बच्चों को न शिक्षा दी जा रही है और न ही मध्याह्न भोजन दिया जा रहा है। रसोइया ने बताया कि मध्यान भोजन बनता है, लेकिन कभी-कभी बच्चों को मेन्यू के हिसाब से खाना नहीं मिलता है। बच्चों ने बताया कि मध्याह्न भोजन मिलता है, लेकिन कभी-कभी बिस्कुट भी मिलता है। इसके अलावे कॉपी वितरण कम किया गया है और रबर कटर नहीं दिया गया है। वहीं ग्रामीणों ने रसोइया के घर से पिछले वर्ष का किताब भी बरामद किया है। जिसे दीमक खा चुका था, और आरोप लगाया कि यह बच्चों में वितरित न करके घर में रखा गया है। इसके अलावे स्कूल का बेंच भी एक रूम में उल्ट-पुल्ट कर रखा हुआ है।

### गिरिडीह में शुरू हुआ बैक टू स्कूल कैंपेन

# आउट ऑफ स्कूल 14 हजार बच्चों को जोड़ने का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
ग्रामीण क्षेत्र के सभी बच्चे स्कूल पहुंचे और शिक्षित बने, इसे लेकर बैक टू स्कूल कैंपेन की शुरूआत कर दी गई है. जिलास्तर पर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है जबकि जागरूकता वाहन भी गांव - गांव के लिए रवाना हो चुका है. जिलाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद और जिला जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज कैंपेन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं. वहीं जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि के अलावा जिले के प्रबुद्ध लोगों से विभाग ने अपील भी की है कि बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ा जाए. विभाग की तरफ से सभी शिक्षकों के अलावे सीआरपी - बीआरपी को भी दिशा निर्देश दिया गया है. डीएसई मुकुल राज ने बताया कि आंकड़ों के अनुसार जिले में लगभग 14 हजार बच्चे हैं, जो स्कूली शिक्षा से दूर हैं. इनमें वैसे बच्चे भी शामिल हैं, जिन्होंने नामांकन तो लिया लेकिन किसी कारणवश स्कूल नहीं आए. वैसे बच्चे भी शामिल हैं जिन्होंने कभी नामांकन लिया ही नहीं. डीएसई ने कहा कि इन सभी बच्चों को स्कूल से जोड़ना है ताकि शत प्रतिशत बच्चे शिक्षित हो सके. डीएसई ने बताया कि इसके अलावा शिशु पंजी के अनुसार 28 हजार नए बच्चों का नामांकन भी इस अभियान के दरमियान किया जायेगा. इनमें वैसे बच्चे भी शामिल हैं जो आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययन कर रहे थे. बताया कि आगामी 16 दिनों तक यह अभियान मिशन मोड में चलेगा. इस कार्यक्रम के तहत बच्चों की उपस्थिति अनुश्रवण भी किया जाना है, अनामांकित बच्चों का विद्यालय में स्वागत किया जाना है तथा उनकी उपस्थिति बनाए रखना सुनिश्चित किया जाना है.

### भरनो में रक्तदान शिविर का आयोजन

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 7 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं ने मानव सेवा में अपनी भागीदारी निभाई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह ने कहा कि ₹रक्तदान महादान है, इससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लें और मानवता की सेवा करें।

**राँची समाहरणालय,राँची।**
(जिला समाज कल्याण शाखा)
इच्छा की अभिव्यक्ति।

सरकार के अवर सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 2339, दिनांक 08.12.2021 तथा पत्रांक 746, दिनांक 25.03.2022 के निर्देशानुसार राँची जिलान्तर्गत हॉफ वे होम का संचालन स्वस्थ्य हो चुके मानसिक दिव्यांगजनों के किया जाना है। हॉफ वे होम का संचालन किए जाने हेतु सभी गैर सरकारी संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। हॉफ वे होम के संचालन के लिए पूर्व में सूचना का प्रकाशन किया गया था। पुनः हॉफ वे होम का संचालन हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए सूचना प्रकाशित की जा रही है।

इच्छुक स्वंयसेवी संस्था अपना प्रस्ताव दिनांक 07.05.2025 तक वांछित दस्तावेजों के साथ जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रस्ताव की शर्त्त जिला के NIC Website पर WWW.ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची। | उप विकास आयुक्त, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 351180 Social Welfare,Women and Child Development(25-26)D

# सफर से वापसी

ट्रेन स्टेशन छोडने वाली थी, तभी एक बीस-बाइस साल की लड़की चौकन्नी नजर से कुछ ढूँढ़ते हुए आ कर ट्रेन के गेट पर खडी हो गयी। ट्रेन धीरे- धीरे आगे बढ़ने लगी। लड़की ने बेचैनी से इधर-उधर सिर घुमाकर देखा, फिर अपने फोन से सीट नंबर मिला कर अपनी सीट पर आकर बैठ गयी।

सामने वाली बर्थ पर एक बीमार बुजुर्ग लेटे थे, उनके पैर के पास एक बुजुर्ग महिला थकी, उनींदी बैठी थीं, शायद उनकी पत्नी थीं। बुजुर्ग के बगल में फर्श पर रखे एक छोटे से बैग पर बैठी एक बाइस तेइस साल की लड़की उनका सिर सहला रही थी, शायद उनकी बेटी थी। दोनों लड़कियों की आपस में नजर मिली, शिष्टाचार की एक मुस्कान के बाद करीब आधे घंटे तक अकेली लड़की अपने फोन से बार-बार किसी को कॉल लगाती और कॉल किसी के नहीं उठाने से निराश हो कर रख देती। सामने की बर्थ पर लेटे बीमार बुजुर्ग सो गये थे। उनकी बेटी ने सामने बैठी लड़की को परेशान देख कर पूछा, तुम कुछ परेशान लग रही हो, क्या मैं तुम्हारी कोई मदद कर सकती हूँ? मेरा नाम इरा है, ये मेरे मम्मी-पापा हैं। पापा के ट्रीटमेंट के लिए हम मुंबई जा रहे हैं। तुम कहाँ जा रही हो? उसी वक्त अकेली लड़की के फोन पर रिंग बजने लगी। उसने झट से उठा कर देखा फिर शिकायत करते हुए कहा- मैं



मंजुला शरण

कब से तुम्हारा और तुम्हारे फोन का इंतज़ार कर रही थी, कहाँ हो तुम? दूसरी तरफ़ से कुछ कहा गया होगा,,, जिसके जवाब में लड़की ने कहा-- अगले स्टेशन पर? दूसरी तरफ से शायद कुछ पूछा गया तो लड़की ने जवाब दिया-- नहीं कुछ भी नहीं मेरे पास सिर्फ मेरा हैण्ड बैग है। शायद दूसरी तरफ से फोन डिसकनेक्ट हो गया था। लड़की हैलो...हैलो बोलती रही, पर कोई जवाब नहीं था। सामने बैठी इरा ने कहा परेशान मत हो ट्रेन में नेटवर्क का इश्यू हो सकता है। लेकिन क्या तुम्हारा सामान कहीं छूट गया है? तो तुम कंप्लेन करो हो सकता है मिल जाए। अकेली लड़की ने कोई जवाब नहीं दिया। बार-बार फोन लगाती और स्विच ऑफ सुन कर परेशान होती रही। अगले स्टेशन पर ट्रेन रुकी, पर वहाँ उससे मिलने कोई नहीं आया ना ही फोन से संपर्क हो सका। ट्रेन बढ़ने लगी और वो लड़की इरा के सामने रोने लगी। इरा ने पूछा - बताओ भी क्या हुआ है? अकेली लड़की ने कहा - मेरा नाम 'मीठी' है, अपने ब्यॉय फ्रेंड के साथ मुंबई भागने का पलान था। मैं घर से कैश और जेवर लाने वाली थी, पर मौका नहीं मिला, और खाली हाथ चली आई। शायद मेरे साथ धोखा हुआ है प्यार नहीं। इरा ने कहा- मीठी तुम धोखे से बच गयी हो।अगले स्टेशन से तुम घर वापसी का टिकट लो और और घर लौट जाओ।



मीठी ने कहा- घर जा कर क्या कहूँगी? इतनी देर कहाँ थी? इरा ने कहा, आज तुम सुरक्षित हो इसे अपने माता-पिता का आशीर्वाद समझो, सच बता सको तो उन्हें बताना, वरना कह देना अपनी किसी दोस्त की मुसीबत में उसके पास रुकी थी। मीठी ने भावुक हो कर कहा, ऐसा ही करती हूँ। आज के गलत सफर से वापस होने की तुम्हारी बात मैं जिंदगी भर याद रखूँगी, थैंक्स इरा...।

# जहां प्रकृति प्रेमी का जन्म हुआ था



अनिता रश्मि



यात्रा वृत्त

हमारे जीवन पर कई व्यक्तियों का प्रभाव पड़ता है। सशरीर उपस्थित न होकर भी महान लोग अपनी महानता से कई संवेदनशील मन को प्रभावित कर लेते हैं। मेरे जीवन-लेखन पर जिन लोगों का सर्वाधिक प्रभाव पड़ा, जिनके कारण लेखनी हाथों में आई, उनमें कविवर रवीन्द्रनाथ टैगोर भी हैं। बचपन से 'कादम्बिनी' 'कादम्बिनी' में शांतिनिकेतन के दोलोत्सव (वसंतोत्सव) के बारे में पढ़ा था। लाल पाड़ की पीली साड़ी में छात्राओं की नृत्यरत मुद्रा, आम्र कुंज के बीच वासंती छटा दिमाग पर हावी! शांतिनिकेतन आकाश कुसुम लगा था। कभी वहाँ जा पाऊँगी, कल्पना से परे थी यह बात। अचंभित और उत्कंठित मन।

कालांतर में बरहरवा (संथाल परगना) एवं पाकुड़ में रहने का सुअवसर मिला। 17-18 साल पहले बरहरवा में रहते हुए जाना, पास में ही है बोलपुर स्टेशन, जहाँ से शांतिनिकेतन पहुँचना आसान। बरसों का सोया प्यार जाग उठा। आकाश कुसुम इतना पास? पर नहीं जा पाई। 2013 के जून-जुलाई में पाकुड़ में थी। तय कर लिया था, सबसे पहले शांतिनिकेतन ही जाना है फिर अन्यत्र कहीं।

चिर-प्रतिक्षित स्थान पर जाकर जिस खुशी, उत्कंठा, उल्लास, बैचेनी, संतोष का कोलाज रचता है, उसे वही महसूस कर सकता है। जिसने आस की डोर लगभग छोड़ दी हो।

जब पाकुड़ से बोलपुर की ओर ट्रेन भागी जा रही थी, स्थानीय लोगों की भीड़ के बीच मन में उठ रहा था, बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में बंगला भाषा के बिना काम चलना मुश्किल! झारखंड के पाकुड़, बरहरवा तथा अन्य इलाकों में हर हिन्दू-मुसलमान बंगला समझता, बोलता है। गर्मी चरम पर। अचानक प्रकृति को हम पर दया आने लगी और वर्षा की फुहारें हमारा अंतस भिगोने लगीं। रास्ते भर हरियाली, पोखर, पोखरे के तट पर स्थित खजूर, केले या अन्य वृक्षों की कतारें बादल फुहारें, धूप, गर्मी की और मिचौली चलती रही। पर बोलपुर पहुँचने पर तपती धरती ने स्वागत किया। बादलों ने मुँह छिपा लिया।

थोड़ी ही देर में हम टेम्पो से शांतिनिकेतन के पास थे। गाइड ने टेगौर के द्वारा बनवाए गए परिसर में स्थित म्यूजियम जाने के लिए कहा। दोपहर में बंद होने वाले म्यूजियम में यायावरों की भीड़ कवीन्द्र की स्मृतियों को खंगाल रही थी। भीड़ पूरे जोश-खरोश, उत्सुकता के साथ उत्साह के घोड़े पर सवार हो आगे बढ़ती जा रही थी। वहाँ हर जगह जूते उतारकर ही प्रवेश करना है, जैसे वह किसी की स्मृतियों का खजाना नहीं, पूजा स्थल हो।

म्यूजियम में गुरुदेव की आदमकद तस्वीरों से झाँकती धीरे-गंभीर आँखें स्वागत कर रही थीं। गुरुदेव की अनगिन तस्वीरों संग उनके परिजनों, पत्नी मृणालिनी की जीवंत छवि जॉर्ज, बर्नाड शॉ, साइंटिस्ट आईंसटीन तथा कई देशों के राजनेताओं के साथ-साथ हमारे महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरू, पटेल आदि भी गुरुदेव के साथ नजर आ रहे थे। उन फोटों के साथ सभी जैसे उस कालखंड में जा पहुँचे।

असली नोबेल पुरस्कार चोरी हो गई है। वहाँ पर उसकी अनुकृति ही दर्शनार्थियों की उत्सुकता को शांत करने की कोशिश कर रही थी। सबके आकर्षण का केन्द्र वह अनुकृति! वहाँ पर रवीन्द्रनाथ के द्वारा प्रयोग में लाई जानेवाली चीजों के साथ विभिन्न देशों, विविध राजनायकों, भिन्न-भिन्न कलाकारों द्वारा भेंट स्वरूप दी गई वस्तुएँ म्यूजियम की शोभा में चार चाँद लगा रही थीं। चीन की प्लेटें, तो जापान की कला! गुरुवर एवं उनके परिजनों द्वारा उपयोग की जानेवाली रोजमर्रा की वस्तुएँ यथा उनका गाउन, चश्मा, तलवार, चप्पलें, पान बट्टा, पेन, कलमदानी, विभिन्न बर्तन और भी बहुत कुछ!

उस परिसर में पाँच अन्य भवनों का निर्माण गुरुदेव ने स्वयं करवाया था।प्रथम भवन है 'उदय', द्वित्तीय 'कोणार्क', तृतीय 'श्यामली', चतुर्थ 'पुनश्च' व पंचम 'उदिची'। ये पाँचों भवन उनकी देख-रेख में बने थे। 'कोणार्क' के बाद स्थित 'श्यामली' में अभी कुछ काम चल रहा था। अतः वह बंद कर दिया गया था।

इनमें से चार भवनों को देख पाने का सुख बड़ा था। चारों भवनों में आदमकद फोटोग्राफ, मीटिंग के लिए सजाई गई मेज, कुर्सी, सोफे या बिस्तर तथा अन्य जरूरत की वैसी चीजें, जिसे कवीन्द्र उपयोग में लाते थे, रखी गई हैं। उन सब चीजों को छूने की अनुमति एकदम नहीं है? आप देखकर आनन्दित हो सकते हैं कि कैसे बंगालवासी अपने लेखकों, कलाकारों का सम्मान करते हैं। पर्यटकों का श्रद्धा-विश्वास भी छलका पड़ रहा था। बंगाल के किस कोने-अंतरे से लोग नहीं आते। उस 'उदयन' में गुरुदेव मीटिंग किया करते थे। वहाँ अभी भी वही सोफे, मेज आदि लगे हैं पर अंदर जाने की इजाजत नहीं। 'कोणार्क' के सामने मधुमालती एवं माधवीलता लिपटी हैं। सभी भवनों को देखने के बाद हम गुरुदेव की जन्मस्थली और पेड़ों के नीचे क्लास चलते देखकर अभिभूत थे। पास ही उनके पढ़ने-लिखने और मेहमानों से मिलने का कक्ष और पत्नी की याद में बनवाया गया ग्राम्य परिवेश को प्रस्तुत करते मिट्टी के घर को देखना भी सुखद। डोलोत्सव स्थल देखकर तो आनंद की सीमा नहीं रही।

जगह-जगह कलात्मक मुर्तियाँ, पेंटिंग आदि शांतिनिकेतन परिसर को भव्यता प्रदान कर रहा था। चारों ओर उनकी याद दिलाती तस्वीरें, रिश्तेदारों संग शिशुपन की यादें, बचपन में पढ़ाई का बाग, नाट्य कलाकार तो कहीं कवि की भव्यता प्रस्तुत करती हुईं। प-पग पर कवीन्द्र, हर रूप-रंग में. अनगिन रूप नजर आए। महात्मा गाँधी ने यहीं कॉन्वोकेशन के समय उन्हें गुरुदेव की उपाधि दी थी। विश्व भारती विश्वविद्यालय में अद्भुत है सब। हर किसी को जाना चाहिए और ज्यादा वक्त बिताना चाहिए।

# अपने बाद भी

हरी घास में अपना
अस्तित्व ढूँढते
इक सूखे तिनके पर
लिखूँगी,
मैं फूल ख़ुशबू पर नहीं
बेवज़ह मसल दी गई
कलियों पर लिखूँगी,
मैं लिखूँगी उस नाव पर
जो बेकार हो गई और
जिसे मल्लाह छोड़ गए हैं
रेतीले किनारों पर,
उन सीपियों पर लिखूँगी
जिनमें भी
मोती हो सकते थे पर
नहीं हुए,
मैं उस तन्हा घोसले पर
लिखूँगी
जिसके पाखी उड़ गए
कभी न लौटने के लिए,
लिखूँगी शाख़ के उस
अकेले पत्ते पर
जो पतझड़ में जाने कैसे
बच गया,
उन रेल की पटरियों पर
लिखूँगी
जो मिलने की चाह में
अनंत तक कि
यात्रा पर हैं,
मैं हथेलियों पर रची सूखी
हिना की
ख़ुशबू पर लिखूँगी,
उन उँगलियों पर लिखूँगी
जो
रोटियाँ सेकते हुए बार बा
जली हैं
मैं लिखूँगी उस प्रेम पर
जो शिशु अपने साथ
लेकर आता है
माँ की गर्भ से,
उस बीज पर लिखूँगी
जो कभी अंकुर न ले
सका,
उन औरतों पर लिखूँगी
जो सब जानती हैं
बस ख़ुद को नहीं
पहचानती,
उन कुओं पर लिखूँगी
जहाँ पानी भरने अब कोई
नहीं आता,
अंतिम स्टेशन की उस
चाय की टपरी पर
लिखूँगी
जहाँ तक अब रेल नहीं
जाती,
मैं उन उदास रातों पर
लिखूँगी
जहाँ सासों की आवाज़
भी शोर लगती हो,
उन दुबली कलाइयों पर
लिखूँगी
जिन्होंने पूरे घर का बोझ
उठाया हो,
उन थके पैरों पर लिखूँगी
जिनके चलने से घर के
खर्च चले हैं,
मैं उन सरहदों की लकीरों
पर लिखूँगी
जो लोगों के खून से
खींची गईं हैं,
मैं उन बच्चों पर लिखूँगी
जो युद्ध में यतीम हो गए,
मैं उस नदी पर लिखूँगी
जो शहर से डरती है,
मैं लिखूँगी तब तक, जब
तक हूँ
मैं अपने न होने के बाद
भी लिखूँगी .



रीना सिन्हा सलोनी

# एक गिलास पानी



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

ठक- ठक.. ठक- ठक.. ठक-ठक...
'जेठ की दुपहरी में कौन दरवाजा खटखटा रहा है?'फूल सोचने लगी।
ठक- ठक की आवाज तेज हो गई।
ठक-ठक..ठक-ठक...
"क..क..कौन?..."
"मैं एक सैनिक हूँ। क्या एक गिलास पानी मिल सकता है?"
"मैं दरवाजा खोल नहीं सकती। क्या आपको दिखाई नहीं दे रहा है? दरवाजा बाहर से बंद है।" "क्षमा करना, मैं किसी तरह अपने आप को घसीट कर यहाँ तक लाया हूँ। मैं घायल हूँ और मेरे तन पर वस्त्र भी बहुत कम हैं।"
"दूसरी ओर बगल में एक खिड़की है। कृपया आप उधर की ओर आ जाइए।.... मैं तब तक आपके लिए पानी और वस्त्र लाती हूँ।"
"लीजिए.... आपको थोड़ा हाथ ऊपर करना होगा।"
"धन्यवाद।"
"यह कुछ मलहम और दर्द निवारक दवाइयाँ हैं। आप खाकर लगा लीजिए।.... कुछ वस्त्र पिताजी के हैं, आप पहन लीजिए।.... तब तक मैं आपके लिए और पानी ले आती हूँ।........ अंकल, आपकी यह हालत कैसे हो गई?"
"बॉर्डर के पास मैं गलती से पकड़ा गया था।......मुझे प्रताड़ित भी किया गया लेकिन मैं अवसर पाकर उनके चंगुल से निकलकर भाग आया हूँ।"
"अंदर क्यों बंद हो, बेटा? आपको किसने बंद किया है?"
"पिताजी काम पर जाते हैं तो मुझे बंद करके जाते हैं। मेरा शुभलग्न हो गया है।... मैं आगे पढ़ना चाहती हूँ लेकिन पिताजी कहते हैं, उनके पास पैसे नहीं है और लड़कियों को ज्यादा नहीं पढ़ना चाहिए। माँ का निधन हो गया है।... पिताजी सिर्फ भाई को पढ़ाना चाहते हैं, मुझे नहीं।"
"एक कागज और कलम देना।" उस पर सैनिक ने कुछ लिखा। "यह कागज अपने पिताजी को दिखाकर कहना, सूबेदार विक्रांत सिंह ने बुलाया है। .......पानी पिलाना पुण्य का काम होता है जो तुमने अभी -अभी किया। अब तुम पढ़ोगी। ...तुम्हारी पढ़ाई की जिम्मेदारी मेरी है।"
"क्या सच में!" फूल की आँखें चमक उठीं। कभी उस कागज को देखती, तो कभी उस गिलास को और कभी उसके सपने को सच करनेवाले व्यक्ति को।.......

# अच्छा लगता है



पूनम सिन्हा भावशिखा

भावुक हूँ ! चिंतन करना अच्छा
लगता है,
भावनाओं से
उभरे,शब्द
पिरोना अच्छा
लगता है ,
और बने
हार से तुम्हे
सजाना भी अच्छा लगता है।
चाँदनी में नदी का किनारा अच्छा
लगता है,
बागों में कोयल का कूकना
अच्छा लगता है,
और फूलों पर भंवरों का डोलना
भी तो, अच्छा लगता है।
अच्छा लगता है परीवार के बीच
में रहना,
अच्छा लगता है संग उनके,
कहना सुनना,
और अच्छा लगता उनके लिए
कुछ भी कर जाना।
अच्छा लगता है बच्चों को खेलते
देखना ,
अच्छा लगता है यौवनाओं को
गोलगप्पे खाते देखना,
और अच्छा लगता है, दोस्तों के
साथ गप्पें मारना।
सुबह- शाम पूजा जाप ! करना
अच्छा लगता है,
पढ़ना-लिखना और पढ़ाना
अच्छा लगता है,
और कभी-कभी बृद्धाश्रम जा
उनके संग रहना भी अच्छा
लगता है।

# दस्तावेज

पापा द्वारा ख़रीदा गया मकान जहाँ बचपन से लेकर किशोरावस्था बीता था। जहाँ से दोनों बहनों की डोली उठी थी और भाभियों की डोली आई थी।शहनाई की गूँज और ढोलक के थाप की मधुर यादें ताज़ा थी। घर के दस्तावेज भाइयों के कहे अनुसार वकील साहब ने तैयार कर लिए थे। कोर्ट की ठंडी सीट पर बैठे हुए सीमा के आँखों से गरम -गरम आँसू रह -रह कर लुढ़क रहे थे। आँखों के कोर सूख ही नहीं पा रहे थे। सीमा, पति निशांत के साथ रजिस्ट्री ऑफिस में अपनों संग घिरी बैठी हुई थी। वहाँ माँ थी, दोनों भाई,भाभी सभी रजिस्ट्रार के आने का इंतज़ार कर रहे थे। "दीदी ,कुछ खाइएगा?"बड़ी भाभी मुझसे दो तीन बार पूछ चूकी थी। आज भाभी की वाणी से शहद टपक रहा था। सीमा की भूख मर चूकी थी। बार- बार पापा की तस्वीर आँखों के सामने तैर जाती। क्या पापा होते तो ऐसा होता मन ही मन सीमा अंतर्मन के झंझावात से जूझ रही थी। जहाँ -जहाँ वकील ने साइन करने को कहा सीमा ने बिना कुछ देखे,सोचे हस्ताक्षर कर दिया। हस्ताक्षर की रस्म निभा कर घर आ गई। घर आ कर फट पड़ी थी सीमा- "भाइयों के आँख में ज़रा भी पानी नहीं बचा माँ भी तो मूक दर्शक बनी रही" निशांत ने सांत्वना देते हुए कहा-"अरे,सीमा अब छोड़ो गुस्सा थूक दो, ज़्यादा मत सोचो ज्यादातर ऐसा ही होता है।चाहे लाख कानून बन जाए। हमें तो कुछ लेना देना नहींतुम्हें किस चीज़ की कमी है" "नहीं ,निशांत मैं परेशान हूँ कि दीदी को बताया तक नहीं गया उन्हें कैसा लगेगा,जब पता चलेगा कि दस्तावेज में तो उनके नाम का ज़िक्र तक नहीं ।"



सविता गुप्ता

## काव्य कोना

### स्थाई- अस्थाई

इच्छा है, इच्छा तो होगी ही
उँगलियाँ है, उँगलियाँ तो उठेंगी ही।
अफवाहों का क्या करें हवा की तरह फ़ैल जायेगी
सत्य छुपेगा नहीं, सुरज-चाँद की ज्योत बन फैल
जायेगा।
बड़प्पन है ही ऐसा, हर अपना बखान खुद
करेगा
सर्वशक्तिमान की तरह स्वयंसिद्ध कहाँ बनेगा।
समान भरने को ज़मीं पर एक मकान चाहिए
अंतिम बिदाई के बाद हमारा प्रमाण चाहिए।
स्थाई-स्थाई करते-करते, अस्थाई हो जाना
फितरत है
देखना तात्पर्य की कहानी समय सापेक्ष हो
जायेगा।

नाग मणि

# पाती पिता के नाम

पापा क्या कहूं, कहां से शुरू करूं,और क्या छोड़ूं समझने में बहुत मुश्किल हो रही है।

आज पूरे 9 बरस हो गए आपको गए हुए। इन 9 वर्षों में न तो आपसे लड़ाई हुई, न झगड़ा, न आपने नसीहतें दी और नाही मैंने कोई शिकायत की। देखिए आपकी बिटिया बड़ी हो गई। पर सच कहूँ मुझे बड़ा होना बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता। बड़ों की दुनिया में बे मतलब के बहुत सारे द्वंद्व होते रहते हैं। मुझे आपकी बिटिया बनकर जितना सुकून मिला उतना शायद किसी दूसरे रिश्ते में जुड़कर नहीं।



पूनम शर्मा स्नेहिल

अब चीजें पहले जैसे दिल को लुभाती नहीं हैं बस ठीक लगती है।

सभी को मायके जाने का बहुत मन करता है। पर मुझे वहाँ जाने से आपकी कमी बहुत ज्यादा खलती है। अब आपकी आवाज से मेरा पीछा नहीं करती। अब हर जगह से कोई मुझे देखता नहीं है। नहीं आपके जैसे कोई खींची करता है।



मेरे कहे हुए शब्द लोगों को समझ में नहीं आते खामोशी तो बहुत दूर की बात है। मुझे भी पता है जाना सबको एक दिन है। पर आपसे शिकायत रह गई। आप समय से बहुत पहले चले गए बिना मुझे बड़ा किया। अभी तो मुझे आपकी बहुत जरूरत थी। पर शायद आपको जाने की बहुत ज्यादा जल्दी थी।

अब जब कहीं किसी चीज में फंसती हूँ तो रास्ते मुझे खुद निकालने पड़ते हैं। हाँ हाँ पता है अब आप कहेंगे, आपने सिखाया है मुझे रास्ते निकालना। मुस्कुराइए मत। आप भी जानते हैं कि आप से बेहतर मुझे कोई नहीं समझ सकता था।

आपकी दी हुई सीखें आज भी समय-समय पर मुझे मार्गदर्शन देती रहती हैं। पर जिंदगी का वह खालीपन नहीं भर पाती। बिटिया भी आपको बहुत याद करती है। उसकी यादों में कुछ धुंधली यादें जिंदा है अभी भी। पर बेटे की यादों में आप नहीं है वह अक्सर आपकी तस्वीर देखकर पूछता है यह कौन है। उसे खाली कोने की वीरानियां बहुत चुभती हैं। अब सुबह-सुबह कोई 5:00 मेरे कमरे में आकर मुझे जागने के लिए नहीं कहता। नहीं कोई दबे पांव कमरे में आकर मुझे डरता है। बहुत सारे शिकायतें हैं आपसे जो मिलने पर जरूर करूंगी। इंतजार करिएगा मेरा।

आपकी बेटी

# सिद्धी मामा द्वारा अनन्यप्रिया का त्याग



ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

त्रिवेणी मामा, सिद्धी मामा के चचेरे बड़े भाई थे। उन्हें डिहरी - ओन - सोन, जो गया से ढाई या तीन घंटे की सवारी गाड़ी की रेल यात्रा के पड़ाव पर पड़ता है, जाना था। उन्होंने सिद्धी मामा को भी साथ में ले लिया।

डिहरी में काम पूरा कर शाम की लोकल ट्रेन से दोनों लौट रहे थे। त्रिवेणी मामा ने सिद्धी मामा को टिकट कटाने के पैसे दिए। सिद्धी मामा टिकट कटा कर एक टिकट त्रिवेणी मामा को थमा दिए।

"तुहु अपना लगी टिकट ले लेलऽ हे न, सिद्धी?"

"अपने काहे ल चिंता करीत ही। चलऽ ट्रैन लग गेलै हे। तोरा बढ़िया सीट देख के बैठा दे हिओ।"

त्रिवेणी मामा को एक बढ़िया सा खिड़की वाला सीट पर बैठा दिए।

"तू, यहीं पर बैठ, हम आवित हिओ।"

"देख, सिद्धी जल्दी आ जै है।"

तब तक ट्रेन खुल चुकी थी। टिकट चेकर बाबू आये सबका टिकट चेक कर आगे बढ़ गए। अब त्रिवेणी मामा परेशान। जब तीसरा स्टेशन पार कर गया, तब सिद्धी मामा दिखाई दिए।

"सिद्धी कहाँ चले गए थे? तुम हमको बदनाम करके रहोगे।"

गया जिला (बिहार) का आदमी जब गुस्सा में होता है तब मगही से खड़ी बोली यानी शुद्ध हिन्दी बोलने लगता है।

"भैया, तू काहे ल परेशान होइत ह, हम हिएँ पर न हिए।"

"नहीं, नहीं तुम हिएँ बैठो।"

सिद्धी मामू को तो जैसे जेल हो गई।

"भैया टिटिया, चल गेलै न।"

"तू टिटिया से काहे ल परेशान होइत हैं, टिकट हो न, हम तो टिकट के पैसा तोरा देलिओ हल।"

"हाँ, भैया, तू परेशान मत होअ।"

गया जंक्शन आने के पहले ट्रेन थोड़ी धीमी हुई थी।

"भैया, हम तुरत आवित हिओ।"

कहकर सिद्धी मामू वहाँ से उठकर दरवाजे के तरफ बढ़े थे। फिर ट्रेन धीरे - धीरे गया जंक्शन प्लेटफार्म पर लग गई। त्रिवेणी मामा स्टेशन पर उतर गए। सोचे, सिद्धी टॉयलेट गया होगा। जब बहुत देर तक नहीं उतरे, तब मामा खुद टॉयलेट में देखने गए। वहां तो सिद्धी था ही नहीं।

'पता नहीं आउटर गुमटी आने के समय दरवाजे की ओर गया था। गिर गया क्या? किस मुहूर्त में मैंने सिद्धी को अपने साथ चलने के लिए कहा था। सारे दुष्परिणामों की जड़ मै ही हूँ।' त्रिवेणी मामा अपने को कोसते हुए काफी देर तक स्टेशन पर बैठे रहे। फिर एक हारे हुए जुआरी या एक ऐसे वैष्णव, जिसे धोखे से मांस खिलाकर मदिरापान करा दिया गया हो, की तरह लुटे - पिटे चेहरे लेकर अपने डेरा की ओर चले।



उन दिनों मेरे ममहर के कॉलेज में पढने वाले सारे लडके गया के 'दुःखहरणी माई के फाटक' से थोड़ी दूर पर 'रैन - बसेरा' नामक डेरे में रहते थे। वहीं मेरे बड़े मामा के बड़े लड़के महेश भैया भी रहते थे। वे उम्र में सिद्धी मामा से थोड़े बड़े ही होंगे। त्रिवेणी मामा डेरा पर रिक्शा से उतरते ही महेश भैया से रोते हुए कहने लगे, "देख ना महेश, सिद्धिया कहीं डेल्हा पर वाला गुमटी के पास गिर गया, क्या हुआ पता नहीं, स्टेशन पर उतरा ही नहीं। अब हम चाचा को क्या मुंह दिखाएंगे ?"

महेश भैया बोले, "चाचा, तू फ्रेश हो के खाना खा। रात बहुत हो गेलो हे।"

"महेश, का तू बोल हे, हमारा खाना ढुकतौ?" कहकर त्रिवेणी मामू रोने लगे। तब तक सिद्धी मामू एक फ़िल्मी धुन गुनगुनाते हुए डेरा में घुसे।

महेश भैया बोले, "देखअ॑ सिद्धिया आ गेलो न, तू बेकारे परेशान हो रहलअ॑ हल."

त्रिवेणी मामा तैश में थे। वे तैश में होते थे तो खड़ी हिन्दी बोलने लगते थे, "सिद्धी तुम कहाँ रह गए थे? हमको बदनाम करके छोड़ दोगे। चाचा क्या कहेंगे? सिद्धी के बिगाड़े में हम भी लगे हुए हैं। ऐसे ही तुम्हारा नाम बदनाम है।" सिद्धी मामा बिलकुल शांत स्थितप्रज्ञ की तरह बोले. "भैया तू बेकार परेशान हो रहला हल। हम तो आवते हलि न।"

महेश भैया बोले, "देख चाचा हम तो तोरा शांत रहे कहलियो हल। एकरा का होतो। इ तो केतना के चरा देतो।"

"ऐ महेश, देखो ज्यादा लट- पट मत बोलो।" सिद्धी मामू महेश भैया को अकेले कोने में ले गए, "अरे हम गुमटी के पास ट्रेन धीमा हुआ तब उतर गए थे।"

महेश, "टिकट नहीं कटाये थे न।"

सिद्धी मामू हँसने लगे। महेश भैया बोले, "टिकट का पैसा बचाकर सिगरेट पिए होगे।"

"भैया से मत कहना। महेश तुमको हम्मर किरिया।"

"अच्छा, ठीक है। लेकिन एक शर्त है। आज से तुम सिगरेट नहीं पीओगे।"

सिद्धी मामू बड़े सोच में पड़ गए। महेश भैया फिर पूछे, "जल्दी बोलो।"

"जाओ ठीक है आज से कसम खाते हैं कभी सिगरेट नहीं पीयेंगे। जाओ तुम्हारे नाम पर आज से सिगरेट पीना छोड़ रहे हैं।" और उसके बाद सिद्धी मामू ने सिगरेट कभी मुंह से नहीं लगाई। उन्हें अपनी अनन्यप्रिया, दुःख और दर्द में साथ देनेवाली प्रेयसी सिगरेट को त्यागने का कितना गम था उसे तो उन्होंने ही महसूस किया होगा। उन्होंने अपने पैंट की पॉकेट से सिगरेट की नई खरीदी गई डिबिया को टॉयलेट के क्लोसेट में खुद डालकर फ्लश चला दिया।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## आज का दोहा

क्यों बैठे हो राम जी, कलि में आंखें मींच।
युग तो बदला है मगर, बदले ना मारीच।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, भारी मात्रा में हथियार जब्त

## उत्तर कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी



**एजेंसी। श्रीनगर**

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से ही कश्मीर हाई अलर्ट पर है। आतंकवादियों को खोचने के लिए चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बलों और भारतीय सेना ने नजर बनाए रखी हैं। ताजा अपडेट आ रही हैं कि पुलिस ने आतंकवादियों के ठिकानों को खोज लिया है। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद जब्त किये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद यह हथियार जब्त किए गए हैं। मंगलवार, 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पर्यटन केंद्र पहलगाम के निकट बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए। इनमें अधिकतर पर्यटक थे।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने उत्तरी कश्मीर जिले के सेदोरी नाला, मुश्ताकाबाद माछिल के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का सफलतापूर्वक पता लगा लिया गया और उसे ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया है, जिसमें पांच एके-47 राइफलें, आठ एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, एके-47 के 660 राउंड, एक पिस्तौल का एक राउंड और एम4 के 50 राउंड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी सफलता है।

# 'टिकट खरीदने' का आरोप लगाकर घिरे प्रशांत किशोर

**एजेंसी। पटना**



राजनीतिक दल जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर इन दिनों 'जन सुराज उद्घोष यात्रा' के तहत बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस बीच, बिहार के मंत्री अशोक चौधरी के बारे में दिए गए बयान पर वह घिरते नजर आ रहे हैं। प्रशांत किशोर ने मंत्री अशोक चौधरी पर टिकट खरीदकर बेटी को सांसद बनाने का आरोप लगाया था। इस बयान को लेकर मंत्री अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर पर मानहानि का मामला दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जदयू नेता अशोक चौधरी ने शनिवार को कहा कि जन सुराज के प्रशांत किशोर ने जो कहा है, उसके लिए उनके खिलाफ मानहानि का केस करेंगे और लड़ेंगे। उन्होंने कहा, "हम दलित परिवार से आते हैं, हम तलवार लेकर तो लड़ नहीं सकते। हमारे पास जो भी सामान्य नागरिकों के संसाधन हैं, हम उन्हीं का प्रयोग करेंगे और हमें लगता है कि हमें न्याय मिलेगा।" दरअसल, प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को जमुई में मंत्री अशोक चौधरी पर जमकर निशाना साधा था। जन सुराज के संस्थापक ने कहा था कि उनका (अशोक चौधरी का) राजनीतिक चरित्र क्या है, यह सबको पता है। उन्होंने अपनी बेटी को "टिकट खरीदकर" सांसद बनवाया। बिहार के किसी नेता या पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह हम पर एक रुपया भी लेने का आरोप लगा सके। उन्होंने कहा था, "मैं न तो विधायक हूं, न सांसद, न ही बालू माफिया या शराब माफिया के लिए काम करता हूं। मैंने जो भी धन अर्जित किया है, वह अपनी बुद्धि और मेहनत से किया है।

### दिल्ली-एनसीआर के सात ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

# फिटजी धोखाधड़ी मामले में 250 करोड़ की ठगी का खुलासा

**एजेंसी। नोएडा**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में सात स्थानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान फिटजी से संबंधित है।

फिटजी के निदेशक डी.के. गोयल के अलावा सीईओ, सीओओ और सीएफओ के आवासों तथा संस्थान के आधिकारिक परिसरों पर छापेमारी की गई। ईडी ने नोएडा, लखनऊ, दिल्ली, भोपाल और अन्य शहरों में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर फिटजी और उसके वरिष्ठ प्रबंधन के खिलाफ जांच शुरू की है। इन एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों और अभिभावकों से गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सेवाएं देने के नाम पर भारी शुल्क वसूला, लेकिन इसके बदले में वादे के अनुरूप सेवाएं प्रदान नहीं की गईं और बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात तथा शैक्षणिक अनियमितताओं में लिप्त रहे। तलाशी के दौरान 10 लाख रुपए नकद और 4.89 करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण भी जब्त किए गए। ईडी के अनुसार, प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि संस्थान ने योजनाबद्ध तरीके से छात्रों और अभिभावकों को ठगने के लिए एक संगठित साजिश रची थी।

## 32 सेंटर अचानक बंद, 15,000 छात्रों को झटका




जांच के दौरान पता चला कि फिटजी ने वर्तमान बैच के छात्रों से लगभग 206 करोड़ रुपए शुल्क के रूप में वसूले, लेकिन वादे के अनुसार सेवाएं नहीं दी गईं। तलाशी के दौरान कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक 2025-26 में 9,823 छात्रों से 181.89 करोड़ रुपए वसूले गए थे। इसके बाद 2026-27 के लिए 3,316 छात्रों से 47.48 करोड़, 2027-28 के लिए 1,008 छात्रों से 17.07 करोड़ रुपए और 2028-29 के लिए 264 छात्रों से 3.76 करोड़ रुपए वसूले गए थे। कुल 14,411 छात्रों से इन चार साल के लिए 250.2 करोड़ रुपए लिए गए थे।

तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए, जिनसे गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का पता चला है। आरोप है कि एकत्रित धनराशि को निजी और अनधिकृत उपयोग के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि शिक्षकों के वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया। इस धोखाधड़ी के चलते उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, नोएडा और प्रयागराज, दिल्ली, मध्य प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर और इंदौर, हरियाणा के फरीदाबाद और गुरुग्राम तथा मुंबई सहित 32 कोचिंग सेंटर अचानक बंद कर दिए गए, जिससे लगभग 15,000 छात्रों और अभिभावकों को भारी नुकसान हुआ।

## महिला के पेट में ऑपरेशन के दौरान रह गया आधा मीटर कपड़ा

**ग्रेटर नोएडाः** ग्रेटर नोएडा के बेकसन हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान महिला के पेट में आधा मीटर कपड़ा छूट गया, जो डेढ़ साल बाद दूसरी सर्जरी में निकाला गया। महिला लगातार पेट दर्द से जूझती रही, लेकिन डॉक्टरों ने गंभीरता से नहीं लिया। परिजनों ने अस्पताल और डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, गौतमबुद्धनगर CMO ने जांच कमेटी गठित की है। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल से चिकित्सकीय लापरवाही का बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला के ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही से आधा मीटर लंबा कपड़ा उसके पेट में ही छूट गया। करीब डेढ़ साल तक पेट में ही रहा और महिला को लगातार पेट दर्द की पीड़ा से गुजरना पड़ा। दरअसल, मामला 14 नवंबर 2023 का है, जब महिला को डिलीवरी के लिए बेकसन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक, शुरुआत में नॉर्मल डिलीवरी की बात कही गई। लेकिन बाद में डॉक्टरों ने सी-सेक्शन ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद महिला को स्वस्थ बताकर छुट्टी दे दी गई। लेकिन डिस्चार्ज के कुछ ही दिनों बाद से महिला को तेज पेट दर्द होने लगा। परिजनों ने कई बार अस्पताल जाकर डॉक्टरों को दर्द की शिकायत की, लेकिन उन्हें हर बार सिर्फ पेनकिलर देकर लौटा दिया गया। डेढ़ साल तक महिला दर्द सहती रही, लेकिन कोई डॉक्टर असली वजह नहीं समझ सका।

# सीमा हैदर ने लगाई गुहार, जताई भारत में ही रहने की इच्छा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला पर्यटकों पर किया गया था। इस आतंकी हमले के बाद से ही भारत सरकार ने कई कड़े कदम उठाए है। पाकिस्तान से नापाक इरादों की कमर तोड़ने के लिए भारत ने पाकिस्तान के साथ कई समझौतों और रिश्तों को तोड़ने का ऐलान कर दिया है।

इसी कड़ी में पाकिस्तानी नागरिकों को भी भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल 2025 तक भारत छोड़ने का निर्देश मिला है। वहीं पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा भी रद्द कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अवैध तरीके से भारत आई पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर फिर सुर्खियों में आ गई है। सीमा हैदर जिन्होंने उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी सचिन मीना के साथ शादी की थी। दोनों की एक बेटी भी है।



सीमा हैदर ने भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के बाद कहा कि मैं पहले पाकिस्तान की बेटी थी मगर अब मैं भारत की बहू हूं। पाकिस्तान वापस भेजे जाने का डर सीमा को भी है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से भेजा रहा है, जिस कारण उनके मन में भी डर समाया हुआ है। सीमा ने कहा कि अन्य पाकिस्तानी नागरिकों की तरह उन्हें भी भारत छोड़ने को ना कह दिया जाए। भारत सरकार सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर चुकी है। पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने के निर्देश दिए गए है।

### मोदी और योगी से सीमा की अपील

पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाए जाने को लेकर सीमा हैदर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान वापस नहीं जाना चाहती हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करती हूं कि मुझे भारत में रहने दिया जाए। गौरतलब है कि सीमा हैदर वर्ष 2023 में चर्चा में आई थी जब वो पाकिस्तान को छोड़कर नेपाल के रास्ते अपने भारतीय प्रेमी सचिन मीना से मिलने नोएडा आई थी। उन्होंने यहां आने के बाद सचिन से शादी की थी। केंद्र सरकार के पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर लिए गए फैसले के बाद सीमा हैदर का वीडियो वायरल हो रहा है।

### पर्यटक वीजा पर भारत आई पाकिस्तानी महिलाओं ने कहा

# 10 साल बाद आए थे, अब लौटना पड़ रहा है, पहलगाम हमले के कारण

**एजेंसी। सहारनपुर**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए पर्यटक वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने का फैसला किया है। इसके चलते सहारनपुर में अपनी भांजी की शादी में शामिल होने आईं दो पाकिस्तानी महिलाओं, मस्क्रीन और वकीला बेगम, को बीच में ही वापस पाकिस्तान लौटना पड़ रहा है। आईएएनएस से बातचीत में मस्क्रीन ने बताया कि वह अपनी भांजी की शादी में शामिल होने 10 अप्रैल को सहारनपुर आई थीं। उनका डेढ़ महीने का वीजा था, लेकिन हमले के बाद उन्हें तुरंत वापस जाने को कहा गया। उन्होंने कहा, "दस साल बाद परिवार से मिलने आई थी। शादी की रस्में चल रही थीं, लेकिन तीन दिन पहले हमें वापस जाने का आदेश मिला। सारी खुशियां अधूरी रह गईं। दिल में बहुत तकलीफ है।"मस्क्रीन ने बताया कि उनके तीन रिश्तेदार आने वाले थे, लेकिन बच्चों का वीजा नहीं मिला, इसलिए सिर्फ वह और उनके पति आए। अब शादी की वीडियो ही फोन पर देख पाएंगे। वकीला बेगम ने भी अपनी पीड़ा साझा की। उन्होंने कहा, "मेरी सगे भाई की बेटी की शादी थी। 10 साल बाद भारत आई थी। खुशी का माहौल गम में बदल गया। हमने सोचा था शादी की सारी रस्में देखेंगे, लेकिन अब बॉर्डर पर तलाशी और वापसी का इंतजार है।" उन्होंने आतंकियों की निंदा करते हुए कहा, "जिन्होंने पहलगाम में लोगों को मारा, उनका कोई धर्म नहीं। कश्मीरी मुसलमानों ने हिंदू पर्यटकों की जान बचाई। यह इंसानियत है।" दोनों महिलाओं ने हमले के बाद बढ़े तनाव और कारोबारी प्रतिबंधों पर भी चिंता जताई। मस्क्रीन ने कहा, "पुलवामा हमले के बाद से ट्रेन और कारोबार बंद हैं। अब पहलगाम हमले के बाद अफगानिस्तान के रास्ते कारोबार भी बंद हो गया।




### वाराणसी पुलिस ने शॉर्ट टर्म वीजा वाले पाकिस्तानी नागरिक को भेजा वापस

**वाराणसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से वापस भेजने के निर्देश दिए। केंद्र के निर्देश के बाद वाराणसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शॉर्ट टर्म वीजा पर रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाकिस्तान भेज दिया है। वाराणसी पुलिस के अनुसार, शहर में कुल 10 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। इनमें से 9 के पास लॉन्ग टर्म वीजा है जबकि एक व्यक्ति शॉर्ट टर्म वीजा पर वाराणसी में रह रहा था। सरकार के ताजा निर्देशों के बाद शॉर्ट टर्म वीजा धारक पाकिस्तानी नागरिक को तुरंत शिवगंगा ट्रेन से दिल्ली रवाना किया गया, वहां से उसे वाघा बॉर्डर होते हुए पाकिस्तान भेजा जाएगा। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक, जिस घर में रह रहा था, उस परिवार के एक सदस्य और पुलिस के एक जवान को भी साथ में भेजा गया है। इसके अलावा, फिलहाल जिन 9 पाकिस्तानी नागरिकों के पास लॉन्ग टर्म वीजा है, उनके लिए केंद्र सरकार की ओर से कोई नया निर्देश नहीं आया है, लेकिन पुलिस सतर्क है और उन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें।

**सिंह :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा।

**तुला :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड़क्षचता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ड़क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

# असम में 'पाकिस्तान समर्थित' पोस्ट करने के आरोप में अब तक 11 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। असम**

असम पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद सोशल मीडिया पर कथित तौर पर भारत विरोधी सामग्री पोस्ट करने के आरोप में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में असम के विभिन्न जिलों के कई लोग शामिल हैं और उनमें से एक ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के विधायक अमीनुल इस्लाम भी हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर गिरफ्तारियों की पुष्टि करते हुए कहा कि यह राष्ट्र विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। सरमा ने चेतावनी दी कि और भी गिरफ्तारियाँ होंगी क्योंकि अधिकारी पहलगाम हमले से जुड़े भड़काऊ पोस्ट के लिए सोशल मीडिया पर निगरानी रखना जारी रखेंगे।



सरमा ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''भारत और पाकिस्तान के बीच कोई समानता नहीं है। दोनों देश दुश्मन राष्ट्र हैं और हमें ऐसे ही रहना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि कृषक मुक्ति संग्राम समिति के एक नेता को शुक्रवार को उसकी 'भारत विरोधी टिप्पणी' के लिए गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कोई भी ऐसा रुख अपनाएगा, उसे गिरफ्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''अगर जरूरत पड़ी तो हम उन पर रासुका के प्रावधान लगाएंगे। हम सभी (सोशल मीडिया) पोस्ट की समीक्षा कर रहे हैं और हमें जो भी राष्ट्र विरोधी लगता है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'' शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार रात श्रीभूमि जिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि आरोपी ने फेसबुक पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' लिखा था। सोशल मीडिया पर एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि कछार जिले में इसी तरह के आरोपों में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, ''कछार पुलिस ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है।'' मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि 'ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' (एआईयूडीएफ) के अमीनुल इस्लाम सहित दो लोगों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया जबकि शुक्रवार को राज्यभर में छह और गिरफ्तारियां की गईं।

# 'दुकानदार से पूछें धर्म और हनुमान चालीसा पढ़ने को कहें, फिर खरीदें सामान': नितेश राणे

**एजेंसी। मुबंई**

> भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज़्यादातर दूसरे राज्यों के पर्यटक थे। बचे हुए कुछ लोगों के अनुसार, आतंकवादियों ने पुरुष पर्यटकों को गोली मारने से पहले उनका नाम और धर्म पूछा।



महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि हिंदुओं को दुकानदारों से कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। यह विवादास्पद टिप्पणी पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आई है। भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज़्यादातर दूसरे राज्यों के पर्यटक थे। बचे हुए कुछ लोगों के अनुसार, आतंकवादियों ने पुरुष पर्यटकों को गोली मारने से पहले उनका नाम और धर्म पूछा। बचे हुए लोगों ने यह भी बताया कि आतंकवादियों ने कुछ पर्यटकों से 'कलमा' पढ़ने को कहा और जो ऐसा करने में विफल रहे, उन्हें गोली मार दी गई। रत्नागिरी जिले के दापोली शहर में एक सभा को संबोधित करते हुए मंत्री राणे ने कहा, "उन्होंने हमें मारने से पहले हमारा धर्म पूछा। इसलिए, हिंदुओं को भी कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। अगर वे आपका धर्म पूछ रहे हैं और आपको मार रहे हैं, तो आपको भी खरीदारी या कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। हिंदू संगठनों को ऐसी मांग उठानी चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि संभावना है कि कुछ दुकानदार अपना धर्म नहीं बताएंगे या फिर अपने धर्म के बारे में झूठ बोलेंगे। उन्होंने भीड़ से कहा, "जब भी आप खरीदारी करने जाएं, तो उनका धर्म पूछें। अगर वे कहते हैं कि वे हिंदू हैं, तो उन्हें हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए कहें। अगर वे हनुमान चालीसा का पाठ करना नहीं जानते हैं, तो उनसे कुछ भी न खरीदें।" औरंगजेब का जिक्र करते हुए श्री राणे ने कहा कि मुगल बादशाह ने अपने पिता और भाई को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा, "औरंगजेब को देखिए। उसने अपने पिता और भाई का भी सम्मान नहीं किया। अगर उसने अपने पिता और भाई का सम्मान नहीं किया, तो वे आप लोगों का कैसे सम्मान कर सकते हैं?"

# बिहार के वैशाली में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में 40 साल का अधेड़ गिरफ्तार

**एजेंसी। वैशाली**

बिहार के वैशाली जिले के बलिगांव थाना क्षेत्र में छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में एक 40 वर्षीय अधेड़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने एक मक्के के खेत में नाबालिग को ले जाकर दुष्कर्म किया था। महुआ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) दुर्गा शक्ति ने शनिवार को बताया कि छह साल की बच्ची के साथ एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत के सामने पेश किया है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति का आपराधिक इतिहास रहा है। इससे पहले भी बलिगांव थाना क्षेत्र के एक मामले में वह जेल जा चुका है। उस पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था।

गिरफ्तार व्यक्ति पर आरोप है कि उसने गुरुवार, 25 अप्रैल को छह वर्षीय बच्ची के साथ मक्के के खेत में दुष्कर्म किया। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। परिवार के अनुसार, बच्ची गुरुवार रात अपने घर से 10 रुपए लेकर पास की दुकान पर बिस्कुट खरीदने गई थी। वह अपने और अपने भाई के लिए बिस्कुट लेने जा रही थी। लेकिन, वह दुकान तक नहीं पहुंची। कथित तौर पर, आरोपी उसका मुंह दबाकर उसे जबरन पास के मक्के के खेत में ले गया। वहां उसने बच्ची का मोबाइल छीनकर फेंक दिया और उसका यौन उत्पीड़न किया।

## एक नजर

### ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन मैड्रिड ओपन से बाहर

**मैड्रिड।** चीनी टेनिस स्टार झेंग किनवेन शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से बाहर हो गईं, उन्हें एक घंटे 40 मिनट तक चले मैच में रूस की अनस्तासिया पोटापोवा से 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। राउंड ऑफ 64 में झेंग के बाहर होने से मैड्रिड में पुरुष या महिला एकल टूनामेंट में कोई भी चीनी खिलाड़ी नहीं बचा है। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता को आठवीं वरीयता दी गई थी, लेकिन गर्म और धूप वाली दोपहर में दुनिया की 87वीं रैंकिंग वाली पोटापोवा के खिलाफ उन्हें अपनी लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा।
सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, झेंग की मुख्य समस्या उनकी सर्विस को लेकर थी, क्योंकि वह पहले सेट में केवल 40 प्रतिशत अंक ही जीत पाईं, जबकि पोटापोवा ने बहुत अधिक निरंतरता दिखाई, उन्होंने पहले सर्विस पर 64 प्रतिशत अंक जीतकर झेंग को दबाव में रखा।
झेंग ने तब निर्णायक मोड़ पाया जब उसने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के दौरान पोटापोवा की सर्विस तोड़ी। हालांकि, पोटापोवा ने 10वें गेम में फिर से झेंग की सर्विस तोड़ी और पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया।

### आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन बनना भी संभव है: रिंकू सिंह



**नई दिल्ली।** भारत और कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने माना है कि आईपीएल इतना परिपक्व हो गया है कि मौजूदा टूनामेंट में 300 रन बनना भी संभव है।
आईपीएल दुनिया में फ्रेंचाइजी टी20 लीग का शिखर रहा है और 2008 में अपनी शुरूआत के बाद से इसने उस मानक को बनाए रखा है। दुनिया के शीर्ष प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस लीग में खेलते हैं और यह सबसे छोटे प्रारूप में सबसे प्रतिस्पर्धी टूनामेंटों में से एक है। रिंकू ने टीम के 300 रन के आंकड़े को पार करने की संभावना का समर्थन किया और पिछले सफल चेज को इस बात का सबूत बताया कि खेल कैसे विकसित हुआ है।

### भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 43 पदक पक्के किए



**अम्मान।** टीम इंडिया ने विश्व मुक्केबाजी के तहत नव मान्यता प्राप्त एशियाई मुक्केबाजी निकाय द्वारा आयोजित उद्घाटन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 43 पदक पक्के किए हैं, जिसमें 7वें दिन चार और मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।
भारत ने अब अंडर-15 श्रेणी में कम से कम 25 पदक और अंडर-17 में 18 पदक पक्के कर लिए हैं, क्योंकि सभी सेमीफाइनलिस्ट के कांस्य पदक पक्के हैं। अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने अंडर-17 लड़कों के वर्ग में बढ़त बनाई, दोनों ने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के आखिरी सेट में क्रमशः फिलीपींस और जॉर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) जीत हासिल की।]

## एमएस धोनी ने माना कि सीएसके का कम रन बनाना सबसे बड़ी कमजोरी



एजेंसी

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से हार के बाद, कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दावा किया कि चेन्नई सुपर किंग्स ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में टीम ने कई समस्याओं का सामना किया है, लेकिन शायद उनमें से सबसे बड़ी समस्या उनका लगातार कम स्कोर है।
पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे, मिड-सीजन में शामिल डेवाल्ड ब्रेविस और दीपक हुड्डा द्वारा देर से किए गए धमाकेदार प्रदर्शन के अलावा, चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज फिर से लड़खड़ा गए और केवल 154 रन ही बना पाए। दूसरे हाफ में कुछ पल के लिए खेल को अपने पक्ष में करने के बावजूद, यह स्कोर बहुत कम साबित हुआ और उन्हें लगातार चौथी बार घरेलू हार का सामना करना पड़ा।
एमएस धोनी ने मैच के बाद कहा, इस तरह के टूनामेंट में, अगर आपके पास एक या दो क्षेत्र हैं जहां आप कमियों को दूर कर सकते हैं तो यह अच्छा है, लेकिन अगर आपके अधिकांश खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है, क्योंकि आपको कुछ बदलाव करने पड़ते हैं, लेकिन अगर अधिकांश अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो आप उन खिलाड़ियों को कुछ अतिरिक्त मैच खेलने देते हैं और अगर यह काम नहीं करता है तो आप अगले मैच में चले जाते हैं, लेकिन अगर उनमें से 4 एक ही समय में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो आपको बदलाव करने ही होंगे, क्योंकि आप सिर्फ इसलिए नहीं खेल सकते क्योंकि हम बोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं बना पा रहे हैं, क्योंकि यह अभी जरूरी है, खेल बदल गया है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह हमेशा 180-200 होता है, लेकिन परिस्थितियों का आकलन करें और फिर बोर्ड पर रन बनाने की कोशिश करें।

## वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में चरनी के प्रदर्शन पर रहेगी नजर : हरमनप्रीत कौर



**कोलंबो।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि युवा बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरनी आगामी वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में कैसा प्रदर्शन करती हैं, जहां टीम रविवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगी। आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले से आने वाली चरनी ने डब्ल्यूपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए दो मैचों में चार विकेट लेकर ध्यान आकर्षित किया, जहां रन फ्लो को नियंत्रित करने और बीच के ओवरों में बल्लेबाजों को चकमा देने की उनकी क्षमता सबसे अलग थी। बाद में उन्होंने देहरादून में सीनियर महिला मल्टी-डे चैलेंजर ट्रॉफी के तीन मैचों में नौ विकेट चटकाए, जिसके बाद उन्हें पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया।

## डीसी और आरसीबी एक उच्च-दांव वाले मुकाबले में आमने-सामने होंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार शाम को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2025 के एक उच्च-दांव वाले मुकाबले में जब आमने-सामने होंगे, तो उत्साह और उम्मीद का माहौल रहेगा।
दोनों टीमें अच्छी स्थिति में हैं और यह इस बात से पता चलता है कि उनके पास 12-12 अंक हैं - हालांकि डीसी नेट रन रेट के आधार पर आरसीबी से आगे हैं और उनसे एक हार कम है। आरसीबी ने नई दिल्ली में डीसी के खिलाफ अपने दस मुकाबलों में से छह जीते हैं, दोनों टीमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपने प्रदर्शन के मामले में सचमुच एक-दूसरे से बराबरी पर हैं।
क्रिकेट-21 के आंकड़ों के अनुसार, बैटिंग पावर-प्ले में आरसीबी का स्ट्राइक-रेट (161) और रन-रेट (9.7) डीसी (क्रमशः 155 और 9.3) से बेहतर है, जिसका श्रेय



विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को जाता है जो शानदार फॉर्म में हैं। लेकिन जब बात मिडिल और डेथ ओवरों में बैटिंग की आती है, तो डीसी का पलड़ा भारी रहता है। केएल राहुल, अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा की दमदार बल्लेबाजी के साथ, डीसी का स्ट्राइक-रेट 152 और मिडिल ओवरों में रन-रेट 9.1 है, जो उस चरण में आरसीबी (क्रमशः 139 और 8.3) से ज्यादा है।

# प्रियांश-प्रभसिमरन के अर्धशतक कोलकाता को मिला 202 रन का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 का 44वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच ईडन गार्डन्स में शुरू हो गया है। यह सीजन का दूसरा मौका है जब ये दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। पिछले मुकाबले में पंजाब किंग्स ने मुल्लांपुर में 111 रनों का सबसे कम स्कोर डिफेंड करते हुए केकेआर को 16 रनों से हराया था, जो आईपीएल इतिहास का सबसे कम स्कोर डिफेंड करने का रिकॉर्ड है। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। प्रियांश ने 69, प्रभसिमरन सिंह 83 ने शानदार खेल दिखाया और टीम को 201 रन तक पहुंचा दिया।

**पंजाब किंग्स : 201/4 (20 ओवर)**

पंजाब के लिए ओपनिंग पर प्रियांश आर्य के साथ प्रभसिमरन सिंह आए। दोनों ने पहले 8 ओवर में 71 रन जोड़े। इस सीजन में ऐसा पहली बार हुआ है जब पंजाब ने पावरप्ले में विकेट नहीं गंवाया है। प्रियांश इस दौरान 150 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाते दिखे। प्रियांश ने 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं, प्रभसिमरन भी लय में दिखे। उन्होंने आईपीएल में अपना 1000 रन भी पूरा कर लिया। प्रियांश 12वें ओवर में आंद्रे रसेल की गेंद पर वैभव के हाथों कैप आऊट हो गए। उन्होंने 35 गेंदों पर 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 69 रन बनाए। इसी बीच प्रभसिमरन ने 38 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। प्रभसिमरन अपना दूसरा आईपीएल शतक लगाने से चूक गए। उन्होंने 49 गेंदों पर 6 चौके और 6 छक्कों की मदद से 83 रन बनाए। मैक्सवेल फिर फ्लॉप रहे। वह चक्रवर्ती की गेंद पर 7 रन बनाकर आऊट हो गए।



पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि हम पहले बल्लेबाजी कर रहे हैं। चूंकि हम उसी विकेट पर खेल रहे हैं जिस पर वे खेले थे। कुछ दरारें देखी जा सकती हैं, इससे अंदाजा लग जाएगा कि यह कैसे खेल रहा है। इस भीड़ के सामने खेलना हमेशा शानदार रहा है। यहां आकर खेलने का एक और दिन। हमें शानदार शुरूआत मिल रही है। हम कुछ स्थितियों के बारे में बात कर रहे हैं, हमें अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से खेलने और खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। मैं चाहता हूं कि गेंदबाज विकेट लें, इससे गति बदल जाती है। पावरप्ले में हम जितने अधिक विकेट लेंगे, दूसरे गेंदबाजों को मौका मिलेगा। मैक्सवेल और उमरजई आएंगे।



## अंजू बॉबी जॉर्ज का रिकॉर्ड तोड़ने पर लॉन्ग जंपर शैली सिंह ने कहा: 'यह मेरे सफर की बस शुरूआत है'

**नई दिल्ली।** फेडरेशन कप में 6.64 मीटर की जोरदार छलांग लगाकर अंजू बॉबी जॉर्ज का 23 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने के बाद लॉन्ग जंपर शैली सिंह ने कहा कि यह उनके सफर की बस शुरूआत है। 21 वर्षीय शैली ने एनार्कुलम के महाराजा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित नेशनल फेडरेशन कप एथलेटिक्स में अपनी कोच और दिग्गज अंजू बॉबी जॉर्ज का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शैली ने 6.64 मीटर की छलांग लगाई और अंजू के 2002 के 6.59 मीटर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।
शैली ने कहा, अंजू मैम के लंबे समय से चले आ रहे फेडरेशन कप रिकॉर्ड को तोड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। उनकी उपलब्धियां हमेशा से मेरी प्रेरणा रही हैं और उनके नक्शेकदम पर चलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह रिकॉर्ड 23 साल तक कायम रहा क्योंकि वह कितनी असाधारण थीं और अब मैं इस विरासत का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। यह मेरी यात्रा की शुरूआत है और मुझे उम्मीद है कि मैं आने वाले समय में कई और मील के पत्थर हासिल करके अपने देश को गौरवान्वित करती रहूंगी।

### अमित मिश्रा की बराबरी पर हर्षल पटेल

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स को मात्र 154 रन पर रोकने में हैदराबाद के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर्षल ने 28 रन देकर 4 विकेट लीं। वह आईपीएल इतिहास में पांच बार एक पारी में चार विकेट लेने के मामले में अमित मिश्रा की बराबरी पर पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में भुवनेश्वर, बुमराह, बालाजी, मोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव (4-4 बार) भी बने हुए हैं। बहरहाल, हर्षल ने सैम कुरेन, डेवाल्ड ब्रेविस, धोनी के महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। अपनी शानदार गेंदबाजी के कारण प्लेयर ऑफ द मैच बने हर्षल पटेल ने कहा कि बहुत ही सुखद जीत। हम 3-4-5 खेलों में भी यही कोशिश कर रहे थे, लेकिन हर एक खेल में कुछ न कुछ कमी रह जाती थी। जब हमें अपने सभी खेल जीतने की जरूरत होती है, तो यह सब एक साथ आना बहुत ही सुखद होता है। मुझे बहुत पहले ही पता चल गया था कि लेंथ पर हिट करना और उसे स्टिक पर रखना महत्वपूर्ण है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## ऑप्टिकल सेंसिंग प्लेटफार्म से कोलेस्ट्रॉल की जांच हो जाएगी आसान

### इसे मानव खून, चूहे के खून सीरम व दूध जैसे विभिन्न नमूनों पर सफलतापूर्वक परखा गया है

- यह सेंसर हृदय रोगों जैसे एथेरोस्क्लेरोसिस, थ्रोम्बोसिस, मायोकार्डियल इन्फार्क्शन, हाई ब्लड प्रेशर व कैंसर जैसे गंभीर रोगों के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने में मदद कर सकता है

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने एक अत्याधुनिक ऑप्टिकल सेंसिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो कोलेस्ट्रॉल की सूक्ष्मतम मात्रा को भी पहचानने में सक्षम है। यह अत्यधिक संवेदनशील व सटीक तो है ही, पर्यावरण के भी अनुकूल है। जो कि भविष्य में स्वास्थ्य जांच तकनीकों की दिशा बदल सकता है। इसे गुवाहाटी के इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएएसएसटी) के शोधकताओं ने विकसित किया है। यह तकनीक रेशम के फाइबर व फॉस्फोरीन क्वांटम डॉट्स के संयोजन से तैयार की गई है। इसके साथ ही इसे सेल्यूलोज नाइट्रेट झिल्ली में एकीकृत किया गया है, जिससे इसकी कार्यक्षमता व स्थायित्व में वृद्धि हुई है। शोध का नेतृत्व प्रो. नीलोत्पल सेन शर्मा, डॉ. आशीष बाला व सीनियर रिसर्च फेलो नसरीन सुल्ताना ने किया है। उनकी टीम ने प्वाइंट-ऑफ-केयर (पीओसी) डिवाइस तैयार की है, जो प्रयोगशाला में या जरूरत पड़ने पर कहीं भी तुरंत कोलेस्ट्रॉल की जांच कर सकती है। इस डिवाइस को मानव रक्त, चूहे के रक्त सीरम व दूध जैसे विभिन्न नमूनों पर सफलतापूर्वक परखा गया है। इससे यह तकनीक केवल चिकित्सा क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूध व खाद्य गुणवत्ता जांच जैसे अन्य क्षेत्रों में भी उपयोगी हो सकती है। यह डिवाइस पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित है, क्योंकि इसके उपयोग से ई-कचरे का उत्पादन नहीं होता। जो इसे पारंपरिक परीक्षण विधियों की तुलना में कहीं अधिक टिकाऊ और भविष्योन्मुख बनाता है। यह सेंसर हृदय रोगों जैसे एथेरोस्क्लेरोसिस, थ्रोम्बोसिस, मायोकार्डियल इन्फार्क्शन, हाई ब्लड प्रेशर और यहां तक कि कैंसर जैसे गंभीर रोगों के शुरूआती लक्षणों की पहचान करने में मदद कर सकता है। ये सभी बीमारियाँ कोलेस्ट्रॉल असंतुलन से जुड़ी होती हैं। जहां तक कोलेस्ट्रॉल की बात है तो यह एक आवश्यक लिपिड है, जो शरीर में लिवर बनाता है और यह विटामिन डी, हार्मोन और पित्त रस के निर्माण में सहायक होता है। कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार का होता है। एलडीएल, जिसे खराब कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। यह धमनियों में जमकर ब्लॉकेज का कारण बन सकता है। दूसरा एचडीएल यानी अच्छा कोलेस्ट्रॉल कहलाता है। यह धमनियों को साफ रखने में मदद करता है। स्वस्थ जीवन के लिए दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। असंतुलन होने पर गंभीर बीमारियों का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

## अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक नियुक्त, एक मई को संभालेंगे कार्यभार

**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति एक मई, 2025 से पांच साल की अवधि के लिए होगी। यह कंपनी के सदस्यों की मंजूरी के अधीन है। आरआईएल ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर विचार किया। कंपनी के निदेशक मंडल ने उन्हें कंपनी का कार्यकारी निदेशक नामित किया है। उनका कार्यकाल एक मई, 2025 से पांच साल के कार्यकाल के लिए होगा। अनंत अंबानी को 01 मई, 2025 से शुरू होने वाले पांच साल के कार्यकाल के लिए आरआईएल के गैर-कार्यकारी निदेशक अनंत एम. अंबानी को पूर्णकालिक निदेशक के तौर पर नियुक्त किया है। अभी गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत अनंत अंबानी अब आरआईएल की नेतृत्व टीम के हिस्से के रूप में कार्यकारी जिम्मेदारियां संभालेंगे।



## 625 'उड़ान' मार्गों का संचालन शुरू, 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों को मिला लाभ: केंद्र

**मंत्रालय ने कहा, उड़ान एक पॉलिसी से कहीं अधिक है। यह एक परिवर्तनकारी आंदोलन है, जिसने भारत में विमानन को फिर से परिभाषित किया है।**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि 625 'उड़ान मार्गों' का संचालन शुरू हो चुका है, जो पूरे भारत में 90 हवाई अड्डों को जोड़ते हैं। इसी के साथ उड़ान के तहत किफायती क्षेत्रीय हवाई यात्रा से 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ पहुंचा है।
उड़ान योजना 21 अक्टूबर, 2016 को शुरू की गई थी और पहली उड़ान फ्लाइट 27 अप्रैल, 2017 को शिमला और दिल्ली के बीच संचालित की गई थी।
भारत का हवाई अड्डा नेटवर्क 2014 में 74 हवाई अड्डों से बढ़कर 2024 में 159 हवाई अड्डों तक पहुंच गया है, जो एक दशक में दोगुना से भी अधिक है।
नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि वंचित और दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के रूप में 4,023 करोड़ से अधिक का वितरण किया गया है। व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) योजना के तहत सरकार सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उड़ान ने क्षेत्रीय पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और व्यापार को मजबूत किया, जिससे टियर-2 और 3 शहरों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला।
इस योजना ने रियायतों और वीजीएफ के माध्यम से एयरलाइनों को क्षेत्रीय मार्गों पर परिचालन करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे किफायती किराया और बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई।
भारत और इंडिया के बीच आसमान को जोड़कर इस योजना ने लाखों लोगों के लिए सस्ती हवाई यात्रा के सपने को सच बना दिया है। मंत्रालय ने आगे कहा, उड़ान ने न केवल दूरदराज के क्षेत्रों को राष्ट्रीय विमानन मानचित्र पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और पर्यटन को बढ़ावा देते हुए पूरे देश में रोजगार पैदा किया है।

**कोस्टल स्टेट्स मीट 2025**

## 255 करोड़ रुपए की लागत वाली मत्स्य परियोजनाओं को किया जाएगा पेश

**मुंबई।** केंद्र सरकार 28 अप्रैल को मुंबई में कोस्टल स्टेट्स मीट 2025 का आयोजन करने जा रही है, जिसमें समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 255 करोड़ रुपए की लागत वाली मत्स्य परियोजनाओं को पेश किया जाएगा।
शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत मत्स्य पालन विभाग, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत 255.30 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ सात तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के लिए प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। समुद्री मत्स्य पालन को मजबूत बनाने और सस्टेनेबल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्री कई महत्वपूर्ण पहलों को भी लॉन्च करेंगे। इनमें समुद्री मत्स्य पालन जनगणना संचालन, टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस (टीईडी) प्रोजेक्ट और वेसल कम्युनिकेशन और सपोर्ट सिस्टम के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया रिलीज करना शामिल है। भारत में मत्स्य पालन क्षेत्र ग्रामीण आजीविका का समर्थन करने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने में महत्वपूर्ण

# प्राचार्य व सचिव पर बिना चेक के 17 लाख रुपए का अवैध भुगतान का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला के लेखापाल अरुण कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर कालेज के प्राचार्य प्रेमनाथ व अंतरिम सचिव सुशीला मिश्रा पर कार्यालय की बिना किसी प्रक्रिया और बिना चेक के 17 लाख रुपए का अवैध भुगतान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कार्यालय का भुगतान रजिस्टर व पंजाब नेशनल बैंक का चेक बुक उनके अलमारी में है। इसके बावजूद छह कर्मचारियों के नाम पर 25 अप्रैल को अलग-अलग 441342 रुपए व 1193258 रुपए की निकासी की गई है। इस संबंध में उन्हें किसी तरह की जानकारी भी नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि पलामू के उपायुक्त ने कॉलेज में हो रही वित्तीय अनियमितता की जांच के बाद कॉलेज के छह कर्मचारियों का भुगतान रोक दिया था। उपायुक्त ने 13 मार्च 2020 के माध्यम जांच रिपोर्ट सचिव झारखंड अधिविध परिषद को भेजा था। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने 5 जुलाई 2022 को प्राचार्य व सचिव शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला को पत्र देकर झारखंड अधिविध परिषद के आदेश का हवाला देते हुए कई दिशा निर्देश दिया था। इस मामले में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आरोप बेबुनियाद है: प्राचार्य

हुसैनाबाद एसबीएस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रेमनाथ ने बताया कि 9 अप्रैल को शासी निकाय की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में भुगतान किया गया है। आरोप लगाना बेबुनियाद हैं। इसके लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। फिलहाल लेखापाल को निलंबित की कार्रवाई की गई है।

## चतरा में अपराधी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, फायरिंग में चौकीदार घायल

**चतरा।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के केवाल गांव में एक अपराधी ने जमकर तांडव मचाया। अपराधी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। अपराधी ने पुलिस पर फायरिंग की जिसमें वशिष्ठ नगर थाने का चौकीदार रामप्रवेश कुमार घायल हो गया। घायल चौकीदार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। दरअसल, पुलिस को सूचना में मिली कि केवाल गांव में एक अपराधी हथियार के साथ घूम रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस बिना विलंब किये गांव पहुंची और अपराधी की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच अपराधी ने पुलिस को देखकर गोली चलाना शुरू कर दिया जिसमें चौकीदार रामप्रवेश कुमार घायल हो गया, गोली उसकी बांह में जाकर लग गई। फायरिंग के बीच पुलिस ने अपराधी को दौड़ाकर धर दबोचा। पकड़े गए अपराधी की पहचान केवाल गांव के ही मुनेश्वर गंझू के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही चतरा के एसपी विकास कुमार पांडेय, एसडीपीओ संदीप सुमन और सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार सदर अस्पताल पहुंचे।

## अवैध पटाखा भंडारण को लेकर एक गोदाम सील

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार व संबंधित कर्मियों के साथ सोनपुरवा की एक भीड़ वाली गली में अवस्थित एक पटाखा गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। हालांकि यह गोदाम पहले से लॉक था। गोदाम मालिक को बुलाने के बावजूद वह मौके पर नहीं पहुंचा और न ही चाबियां उपलब्ध कराया। फोन पर उसने स्वीकार किया कि उसके गोदाम के अंदर बड़ी मात्रा में पटाखा रखा है। पड़ोसियों व स्थानीय लोगों ने भी गोदाम के अंदर बड़ी मात्रा में पटाखा रखे होने की पुष्टि की। इस पर तत्काल प्रभाव से नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने उक्त गोदाम को स्थानीय गवाहों की मौजूदगी में सील कर दिया। उक्त गोदाम को गोदाम मालिक या मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खुलवा कर उसके निस्तारण की नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीओ ने पेयजल योजनाओं का किया निरीक्षण

### पदाधिकारियों को अधूरे काम की जांच कर काम पूर्ण करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**
**गढ़वा।** पिछले दिनों 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में अचला के मुखिया मुखराम भारती द्वारा रखी गई शिकायतों के आलोक में गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अचला पंचायत अंतर्गत नारायणपुर गांव में अधूरी पांच नलकूप योजनाओं का निरीक्षण किया। मुखिया ने 'कॉफी संवाद' में एसडीएम के समक्ष मामला उठाया था कि उनकी पंचायत में 2022-23 की पेयजल योजनाओं को अब तक पूर्ण नहीं किया गया है। इस आलोक में एसडीएम द्वारा किए गए स्थानीय निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि डेढ़ वर्ष पहले से ये पांच बोरिंग किये हुए पड़े हुए हैं, किंतु न ही इनमें कोई पंप अधिष्ठापित किया गया और न ही जलमीनार बनाई गई। निरीक्षण में पाया गया कि नारायणपुर के रामू कुमार मेहता के घर के सामने, राजेंद्र कुमार मेहता के घर के सामने, श्याम मेहता के घर के सामने, लखन शर्मा के घर के सामने तथा सिमरिय टोला में कुल पांच बोरिंग फरवरी 2024 में किए गए थे। जलमीनार के लिए फाउंडेशन भी खोदा गया था, आसपास में गिट्टी, बालू भी पड़ी हुयी मिली, किंतु जलमीनार का निर्माण नहीं हुआ। इस पर उपस्थित ग्रामीणों ने एसडीएम से आगामी पेयजल संकट को देखते हुए शीघ्र सभी योजनाओं को फंक्शनल करवाने का अनुरोध किया। एसडीएम ने संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता व कनीय अभियंता को दो दिनों में वस्तुस्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया।

## पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए देश ने तैयारी कर ली : पूर्व मंत्री

**हुसैनाबाद।** पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर कहा कि आतंकवादियों का यह कृत माफ करने के काबिल नहीं है। उन्होंने सभी मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस घटना ने देश के 140 करोड़ लोगों को झकझोर दिया है। इसका करारा जवाब पाकिस्तान को मिलेगा। पाकिस्तान को सबक सिखाने की तैयारी देश ने कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत हाथों में देश की बागडोर है। इस बार पाकिस्तान कटोरा लेकर भीख मांगने के लायक भी नहीं बचेगा। घटना के बाद झारखंड में जश्न मनाने और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पहलाम आतंकवादी हमले की मानसिकता वाले लोग झारखंड में भी हैं।

# इलेक्ट्रिक लोको में वॉटरलेस यूरिनल की सुविधा, पायलटों को मिली बड़ी राहत



**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज।** दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विद्युत लोको शेड ने लोको पायलटों की सुविधा के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और मानव केंद्रित कदम उठाया गया है। रेलवे बोर्ड और आरडीएसओ के निर्देशों के अनुरूप अब इलेक्ट्रिक इंजनों में वॉटरलेस यूरिनल लगाए जा रहे हैं। जिससे ड्यूटी के दौरान लोको पायलटों (महिला व पुरुष दोनों) को इंजन से उतरकर बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह पहल संचालन में निरंतरता, सुरक्षा और समयबद्धता सुनिश्चित करेगी। यह जानकारी डीडीयू मंडल की ओर से शनिवार को जारी की गई है। इसमें इस संबंध में बताया गया है कि इस सुविधा का कार्य अप्रैल से तीव्र गति से प्रगति पर है। अब तक लगभग 18 इंजनों में यह व्यवस्था सफलता पूर्वक लगाई जा चुकी है। आने वाले समय में डीडीयू बेस के सभी थ्री फेस लोको में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह वॉटरलेस यूरिनल पीआइआर सेंसर आधारित है, जो केवल मानव गतिविधि पर सक्रिय होता है। इसमें सैनिटाइजर, परफ्यूम स्प्रे, यूवी एलईडी लाइट, एग्जॉस्ट फैन और स्पीड कंट्रोल ऑटोमैटिक डोर जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह यूनिट केवल तब खुलेगी जब इंजन पूर्ण रूप से रुका होगा।

## गुलबाग स्टेडियम का एक साल से जलमीनार खराब



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्र के गुलबाग स्टेडियम का पिछले एक साल से जलमीनार खराब पड़ा है। इससे लोगों को गर्मी के दिनों में पीने की पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस जलमीनार से चिकटोली मुहल्ले के करीब पांच हजार की आबादी प्रभावित हो रहे हैं। उक्त स्थान पर एक प्राथमिक विद्यालय भी अवस्थित हैं, जहां बच्चे पानी पीते थे। अन्य चापाकल का पानी खरा होने के कारण पीना पसंद नहीं करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन ने बताया कि पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत के द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व जलमीनार लगायी गयी थी। वह छह माह चलने के बाद खराब हो गई है। ग्रामीणों ने कहा कि जलमीनार में मोटर खराब होने के बाद छह माह से खराब होने के कारण पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या को लेकर पलामू डीसी व कार्यपालक पदाधिकारी को अवगत कराया है। बताया जाता है कि संवेदक तथा संबंधित पदाधिकारी की मिलीभगत से सरकारी पैसों का दुरुपयोग करके चालू सामान का उपयोग किया गया है। इसीलिए 6 महीना बाद खराब हो गया। जबकि इस जलमीनार पर लगभग 50 घरों के सौ लोग निर्भर थे।

### जपला रेलवे स्टेशन पर महिला आरक्षित बोगी में महिलाओं को यात्रा करने में होती हैं परेशानी

# आरपीएफ पुलिस सप्ताह में एक दिन महिला बोगी में यात्रियों पर कर रही कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑनसोन रेल खंड पर चलने वाली विभिन्न ट्रेन में महिला आरक्षित बोगी में पुरुषों को यात्रा करते देखा जा सकता हैं। रेलवे में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नियम-कानून भी है और कार्रवाई भी होती है, लेकिन सारे कायदे-कानून आरपीएफ जवानों की मौजूदगी में टूट रहे हैं। जपला में महिला बोगी में पुरुष यात्री बेहिचक यात्रा कर रहे रहे हैं। रेलवे पुलिस भी चेकिंग के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही है। किसी ओहदेदार की शिकायत और रेलवे के आलाधिकारियों के आदेश के बाद ही रेलवे सुरक्षा बल पुलिस महिला बोगी में चेकिंग कर पुरुष यात्रियों से जुर्माना वसूलती है। डेहरी ऑनसोन से बरवाडीह शटल सवारी गाड़ी, बरकाकाना से डेहरी ऑनसोन, रांची वाराणसी एक्सप्रेस, डीजीआर, बीडीएम जैसी ट्रेनों का मुख्य रूप से संचलन होता है। साथ ही 6-7 ट्रेन जपला से होकर गुजरती हैं। सभी को मिलाकर लगभग दो -तीन गाड़ियों में महिलाओं के लिए अलग बोगी है और लगभग हरेक में यही तस्वीर दिखती है, फिर भी जपला आरपीएफ पुलिस सप्ताह में एक दिन महिला बोगी में केवल 5-10 यात्रियों पर कार्रवाई कर रही है। कजरात की यात्री खुशी कुमारी ने बताया कि आरक्षित बोगी में अक्सर पुरुष यात्री जाते हैं। जब उनसे आरक्षित बोगी की बात की जाती है, तो अक्सर अन्य बोगी में भीड़ की बात कहते हुए अगले स्टेशन पर उतर जाने का बहाना बनाते हैं। जपला की यात्री काजल कुमारी ने बताया कि यात्रा के दौरान सुरक्षाकर्मी कहीं पर नजर नहीं आते हैं। महिलाओं के लिए आरक्षित बोगी में पुरुष यात्री चढ़ जाते हैं तो महिलाएं असहज महसूस करती हैं। कोई देखने वाला नहीं हैं। जपला आरपीएफ की लापरवाही से हर दिन दर्जनों यात्री महिला बोगी में सफर करते हैं।

### धारा 162 के तहत होती है कार्रवाई

राजेश कुमार मीणा,जपला आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला बोगी में पुरुष यात्री के पकड़े जाने पर धारा 162 के तहत कार्रवाई की जाती है। इसके तहत 500 रुपए जुर्माना का प्रावधान है। जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में छह माह की कैद का प्रावधान है, परंतु भीड़ के कारण दिव्यांग व महिला आरक्षित बोगी में यात्रा करते हैं। इससे महिलाओं को असुविधा होने के साथ ही सुरक्षा का खतरा भी रहता है।

## मुखिया पति पर हमला, रेफर

**भवनाथपुर।** बनसानी पंचायत की मुखिया इलायची देवी और उनके पति राजेश्वर पासवान के बीच आपसी विवाद में शुक्रवार की रात हिंसक रूप ले लिया। घर में हुए विवाद के दौरान मारपीट में मुखिया पति राजेश्वर पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान राजेश्वर पासवान को काफी रक्त स्राव हुआ, जिसके चलते उन्हें गढ़वा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल वहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। साथ ही पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पेज एक के शेष

### आतंकी संगठन हिज्ब...

साथ ही, ये धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देते हुए राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी लिप्त हैं।
एटीएस के अनुसार, यह बात भी प्रकाश में आई कि इन संगठनों से संबंधित व्यक्तियों के जरिए धनबाद जिला में अवैध आर्म्स के व्यापार के साथ-साथ राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए शनिवार को एक महिला सहित चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार संदिग्ध आतंकियों के पास से दो पिस्टल, 12 कारतूस, कई इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप के साथ-साथ भारी मात्रा में प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित दस्तावेज और किताबें बरामद किए गए हैं। इस संबंध में एटीएस, रांची में आपराधिक कांड दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### अलविदा पोप फ्रांसिस...

इनमें करीब 50 राष्ट्राध्यक्ष और 10 सम्राट भी शामिल हैं।
भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पोप को नमन किया। विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे भी अंतिम संस्कार समारोह के दौरान कुछ सैनिकों के बगल में खड़े नजर आए। वेटिकन प्रेस कार्यालय के अनुसार, इससे पहले रोमन कैथोलिक चर्च के 266वें ह्यपोपह्न पोप फ्रांसिस के ताबूत के अंतिम दर्शन बंद कर दिए गए। ताबूत को सील करने की रस्म शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे रोम के सेंट पीटर बेसिलिका में हुई। वेटिकन न्यूज के अनुसार, इस रस्म के दौरान नए पोप के चयन तक वेटिकन के अंतरिम प्रबंधक कार्डिनल केविन फैरेल ने दस्तावेज पढ़ा। दस्तावेज को इस समारोह के आखिर में ताबूत में रख दिया गया। वेटिकन प्रेस कार्यालय ने बताया कि तीन दिन में लगभग 250,000 लोग पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देने सेंट पीटर्स बेसिलिका पहुंचे। ताबूत को सील करने के अनुष्ठान के दौरान कार्डिनल जियोवानी बतिस्ता रे, पिएत्रो पारोलिन, रोजर महोनी, डोमिनिक मैम्बर्टी, मौरो गैंबेटी, बाल्डासारे रीना और कोनराड क्रेजवेस्की भी मौजूद रहे। आर्कबिशप एडगर पेना पारा, आर्कबिशप इल्सन डी जीसस मोंटानारी, मोनसिग्नोर लियोनार्डो सैपिएन्जा, वेटिकन चैप्टर के कैनन, वेटिकन के साधारण माइनर पेनिटेंटियरीज, दिवंगत पोप के सचिव और पोंटिफिकल लिटर्जिकल समारोह के मास्टर और आर्कबिशप डिएगो रवेली ने इस रस्म के दौरान मदद की।
सेंट पीटर बेसिलिका में अंतिम संस्कार की रस्म के वक्त भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और विदेशी प्रतिनिधिमंडल के नेता नजर आए। भारत की राष्ट्रपति मुर्मू पोप फ्रांसिस के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 25 अप्रैल को वेटिकन सिटी पहुंची थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने पोप के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने सरकार और भारत के लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त की। पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया था। उन्होंने कहा था कि भारत के लोगों के प्रति पोप का स्नेह हमेशा याद रखा जाएगा। भारत ने पोप के निधन पर तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया। भारत ने गुरुवार को घोषणा की कि 26 अप्रैल को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के सम्मान में राजकीय शोक मनाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि पूरे भारत में उन सभी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे नियमित रूप से फहराया जाता है और कोई आधिकारिक मनोरंजन नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि पोप फ्रांसिस 13 मार्च, 2013 को पोप बेनेडिक्ट (सोलहवें) से पदभार ग्रहण करने के बाद रोमन कैथोलिक चर्च का नेतृत्व करने वाले पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे।
आखिरी संदेश, मसीह जी उठे हैं... : पोप फ्रांसिस को परंपरा से हटकर बेसिलिका डी सांता मारिया मैगीगोर में दफनाया गया। आमतौर पर पोप को वेटिकन के भीतर सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे दफनाया जाता रहा है। पोप फ्रांसिस ने सादे मकबरे की इच्छा जताई थी। इस कारण यह बदलाव हुआ। पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार समारोह रोम के स्थानीय समयानुसार शनिवार सुबह लगभग 10 बजे शुरू हुआ और प्रार्थना सभा पूरी होने पर दोपहर बाद उनके ताबूत को दफनाया गया। पोप के आधिकारिक वाहन ह्यपोप मोबाइलह्न से उनके पार्थव शरीर को सम्मान के साथ बेसिलिका डी सांता मारिया मैगीगोर पहुंचाया गया। 88 वर्ष की आयु में अंतिम सांस लेने वाले पोप फ्रांसिस ने निधन से एक दिन पहले सोशल मीडिया पर अपना आखिरी संदेश दिया था, ह्यमसीह जी उठे हैं! इस बात में हमारे जीवन का सारा अर्थ छिपा है। हम मृत्यु के लिए नहीं, जीवन के लिए बने हैं।

### झारखंड में निवेश...

चाइना क्ले, ग्रेफाइट, सोपस्टोन, फायर क्ले, फॉस्फोराइट, एपेटाइट, क्वाट्र्ज, फेल्ड्सपार, सोना और पाइरोक्सीनाइट जैसे अनेकों बहुमूल्य खनिजों से परिपूर्ण है। निवेशकों को बताया गया कि झारखंड को कोकिंग कोल का एकमात्र उत्पादक होने का गौरव प्राप्त है। इसके अलावा राज्य देश में कोयला भंडार में दूसरा, लौह अयस्क में दूसरा, तांबा अयस्क में तीसरा और बॉक्साइट में सातवां स्थान रखता है। इन सभी तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि झारखंड देश के खनिज मानचित्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। झारखंड के विभिन्न प्रमंडलों में खनिज संसाधनों का व्यापक वितरण है। राज्य के कई जिलों में खनिजों का व्यापक भंडार मौजूद है। इससे राज्य को न केवल खनिज उत्पादन में बढ़त मिलती है, बल्कि उद्योगों के लिए भी बड़े अवसर उपलब्ध होते हैं। राज्य सरकार खनिज ब्लॉकों की नीलामी के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित कर रही है। खनिज अन्वेषण में भी अनेक तैयार अवसर मौजूद हैं।

### सरकार युवाओं के...

प्रधानमंत्री मोदी ने नारीशक्ति की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे हैं। ब्यूरोक्रेसी, स्पेस और साइंस में बेटियां नई ऊंचाइयां छू रही हैं। ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण पर भी सरकार का विशेष ध्यान है। बैंक सखी, कृषि सखी जैसी योजनाएं महिलाओं को अवसर दे रही हैं। आज भारत में 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह हैं। इनमें 10 करोड़ से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने सिविल सर्विसेज डे का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में ह्यनागरिक देवो भवःह्न मंत्र सर्वोपरि होना चाहिए। हर अधिकारी को नागरिकों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत सामर्थ्य और ईमानदारी से विकसित बनेगा। देश की समृद्धि में हर वर्ग का योगदान रहेगा। भारत दुनिया में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

### रक्षा अभियानों और...

संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा होने से सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले (26/11), और कंधार अपहरण कांड जैसी घटनाओं के दौरान अप्रतिबंधित कवरेज के कारण राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल परिणाम हुए।
सूचना मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के नियम 6(1)(पी) का पालन करना चाहिए। नियम 6(1)(पी) में कहा गया है कि ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं चलाया जाना चाहिए, जिसमें सुरक्षा बलों द्वारा किसी भी आतंकवाद विरोधी अभियान का लाइव कवरेज हो। टीवी चैनलों को सलाह दी गई है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान और आंदोलन का लाइव कवरेज न करें।

### जमीन के ऑनलाइन...

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भी मामले में कुछ नहीं कर रहा है। रिम्स रांची, सभी विश्वविद्यालय और सरकारी विभागों में आरक्षण रोस्टर संबंधी प्रावधानों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून के 23 प्रावधानों को यथावत लागू किया जाए। सरकारी पदों पर आरक्षण लागू करने के बजाए राज्य सरकार अनुबंध और आउटसोर्सिंग के माध्यम से युवाओं का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि एसएआर कोर्ट में हजारों मामले लंबित हैं और अनेक मामलों में रैयतों को अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए दौड़ लगानी पड़ रही है, जिस कारण डुमरी विधायक जयराम महतो ने अपनी अगवानी में दखल-देहानी करवाई। पड़हा समन्वय समिति के अध्यक्ष राणा प्रताप उरांव ने कहा कि सभी सरकारें झारखंड के आदिवासियों को प्राकृतिक न्याय से वंचित करती आ रही हैं और षड्यंत्र के तहत आदिवासियों को उनकी जमीन पर ऋण नहीं दिया जा रहा है, जिससे औने-पौने अपनी जमीन बेचने को मजबूर है। डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि हम राज्य सरकार से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं कि आदिवासियों से जुड़े मुद्दों की समीक्षा कर अबुआ राज्य की सार्थकता सिद्ध करे। डॉ एलएम उरांव ने कहा जनजातीय परामर्शदात्री समिति से राज्यपाल को हटाकर गैर संवैधानिक कार्य किया गया है, जिस कारण जनजातियों की इतनी दुर्गति हो गई है।

### ट्रंप पूरी तरह भारत...

वैसे तो पाकिस्तान का यह पुराना रवैया रहा है कि वह पहले तो अपने आतंकवादी चरित्र को नकारता है, लेकिन फिर खुद ही उसे कबूल भी कर लेता है। उसकी यह रणनीति 1947-48 से ही चल रही है। लगता है इसी का इनाम दे रहा है अमेरिका व ट्रंप। बीते शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पहलगाम हमले के बाद यह बयान देकर अमेरिका से लेकर भारत तक में सनसनी मचा दी है कि ह्यमैं भारत और पाकिस्तान के करीब हूं... कश्मीर का मुद्दा एक हजार सालों से चल रहा है, शायद उससे भी ज्यादा... उस सीमा पर लगभग 1,500 सालों से तनाव है... वे इसे किसी न किसी तरह सुलझा लेंगे।ह्न
ट्रंप के इस बयान में आतंकवाद का कहर झेल चुके अमेरिका का पुराना इतिहास छिपा है और शायद उसी की पोल पट्टी खुल रही है, तो वह अपने पुराने दोस्त को कूटनीतिक लॉलीपॉप देने की कोशिश कर रहा है! लेकिन जब खुद पर पड़ता है, तो अमेरिका क्या करता है? ट्रंप उसी अमेरिका के राष्ट्रपति हैं, जिसे 9/11 के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में गुपचुप तरीके से घुसकर मारना पड़ा। क्योंकि, उसे आशंका थी कि यदि वहां के हुक्मरानों को भनक लग जाएगी, तो अमेरिका के गुनहगार को सजा देना नामुमकिन होगा। जिस दिन ट्रंप ने पाकिस्तान व भारत को एक तराजू में बराबर तोलने की हिमाकत की, उसी दिन उनकी सरकार की डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस तुलसी गबार्ड ने पहलगाम हमले पर भारत से कहा, ह्यहम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने में आपका समर्थन करते हैं। हम इस भयानक इस्लामी आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ एकजुटता के साथ खड़े है। मेरी दुआएं और गहरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के सभी लोगों के साथ हैं।इसी वजह से गबार्ड के बयान का अर्थ निकाला गया कि चाहे गुनहगारों को सजा देने के लिए भारत पाकिस्तान में घुसकर ही कार्रवाई क्यों न करे, अमेरिका को कोई दिक्कत नहीं होगी। लेकिन, ट्रंप के नए बयान से तो लगता है कि उनकी मंशा साफ नहीं है। जब अमेरिका में 9/11 हुआ तो आतंकवाद के प्रति उसका नजरिया बदल गया। उसने पाकिस्तान में घुसकर उसका बदला लिया। अब जब भारत में उसे आतंकवाद के खिलाफ खुलकर खड़ा होने का मौका मिला है, तो वहां के राष्ट्रपति ट्रंप मुंह में ह्यरामह्न, बगल में ह्यछुरीह्नवाला पैंतरा दिखा रहे हैं। ये वही ट्रंप हैं,

## 'नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड' में तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित आईटी सेवाएं हो रहीं बहाल : एससी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को कहा कि नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एनजीसी) में तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण कई सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कोर्ट ने यह भी बताया कि प्रभावित सेवाओं को बहाल करने का काम जारी है। एक नोटिस के जरिए बताया गया कि रजिस्ट्री से जुड़ी विभिन्न सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एनजीसी में तकनीकी गड़बड़ी के कारण प्रभावित रहीं। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस में बताया, "सुबह से ही नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एनजीसी) में तकनीकी गड़बड़ी के कारण रजिस्ट्री द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सूचना संचार प्रौद्योगिकी-आधारित सेवाएं, जैसे वेबसाइट, ई-फाइलिंग, एससीआर और डिजीएससीआर पोर्टल पर प्रतिकूल असर पड़ा है।" कोर्ट ने आगे कहा कि सभी संबंधित टीम सेवाओं की शीघ्र बहाली पर काम कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, "आपको हुई किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है। हम आपके धैर्य, समझ और सहयोग की सराहना करते हैं।" नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड एक यूनिक क्लाउड सर्विस है। यह सर्विस एनआईसी के तहत विभिन्न सरकारी परियोजनाओं को दी जा रही है। यह संगठनों को सिंगल एंड यूज पोर्टल का इस्तेमाल कर कई निजी और सार्वजनिक क्लाउड सेवाओं को चुनने की अनुमति देता है। नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा संचालित एक सुरक्षित डेटा सेंटर में कंप्यूट, स्टोरेज, डेटाबेस और नेटवर्क जैसी विभिन्न ऑन-प्रिमाइस सेवाएं प्रदान करता है।

## भारत व चीन जैसे देशों ने 100-150% तक टैरिफ लगाकर खूब पैसा कमाया है, अब अमेरिका भी ऐसे ही कमाएगा

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने टैरिफ़ वार के समर्थन में नया तर्क दिये हैं कि अमेरिका व्यापार करने वाले देशों पर ज्यादा टैक्स लगाकर खूब पैसा कमाएगा।टाइम्स मैगजीन को दिए साक्षात्कार में कहा है - भारत व चीन जैसे देशों ने 100-150% तक टैरिफ लगाकर खूब पैसा कमाया है। अब उसी तरह 'अमेरिका खूब पैसा बनाएगा। देखिए, चीन ने हमारे साथ ऐसा ही किया। वे हमसे 100% चार्ज करते हैं। अगर आप भारत को देखें-भारत 100 से 150% चार्ज करता है। और भी कई देश ज्यादा टैरिफ लेते हैं। वे ऐसे ही अमीर बने हैं।' ट्रंप ने यह जवाब उस सवाल पर दिया जिसमें पूछा गया था कि क्या एक साल बाद विदेशी सामान पर 20%, 30% या 50% तक का ऊंचा टैरिफ लगाना अमेरिका के लिए जीत माना जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो कंपनियां अमेरिका में सामान बनाएंगी, उन पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे कंपनियां अमेरिका में ही फैक्ट्री लगाने के लिए प्रोत्साहित होंगी। ट्रंप के अनुसार कई कंपनियां अमेरिका में वापस आ रही हैं। यहां तक कि कई ने तो अमेरिका में अपना काम शुरू भी कर दिया है। ट्रंप ने टैरिफ पर 90 दिनों की रोक के दौरान बातचीत के बारे में बात करते हुए दावा किया कि 200 डील साइन हो चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने इन डील्स के बारे में कोई खास जानकारी नहीं दी। एक तरफ़ ट्रम्प यह कह रहे हैं , दूसरी तरह हालत यह है कि टैरिफ का असर दिखने लगा है। दुनिया भर की कंपनियों को इससे परेशानी हो रही है। कीमतें बढ़ रही हैं, कंपनियों के अनुमान गलत साबित हो रहे हैं। ट्रंप की व्यापार नीतियों से लागत बढ़ रही है। सप्लाई चेन में दिक्कतें आ रही हैं और आर्थिक अनिश्चितता बढ़ रही है।वर्ष 2025 की पहली तिमाही की रिपोर्ट में पता चला है कि दुनिया भर की कंपनियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कंपनियों के बड़े अधिकारियों को ट्रंप की बदलती व्यापार नीतियों के हिसाब से काम करना पड़ रहा है। रॉयटर्स के अनुसार, कंपनियां अब यह देख रही हैं कि उन्हें कितना नुकसान हुआ है और वे इससे कैसे निपटें।इस तरह ट्रम्प ने अपने मनमानेपन से विश्व की अर्थव्यवस्था को ही अस्थिर कर बर्बादी की तरफ धकेल दिया है। ऐसे तानाशाह प्रवृति के लोग अपना हनक दिखाने के लिए कुछ भी करते कहते रहते हैं।

### 26/11 हमले के आरोपी तहाव्वुर राणा ने झाड़ा पल्ला, कहा

# मुंबई में हमला मैंने नहीं डेविड हेडली ने कराया

- पूछताछ के दौरान कहा, मुंबई हमले की साजिश में मेरी कोई भूमिका नहीं

नई दिल्ली (आईएएनएस)



26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहाव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था।

पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

बता दें कि 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहाव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। राणा को लॉस एंजेल्स से एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की टीमों के साथ एक विशेष विमान से भारत लाया गया। अमेरिका में राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए कई कानूनी कोशिश की, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका भी शामिल थी। सभी याचिकाएं खारिज होने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो सका। भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को पूरा किया।

मुंबई हमले 26 नवंबर 2008 को हुए थे, जब 10 आतंकियों ने ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और नरीमन हाउस समेत कई जगहों पर हमला किया था। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। राणा पर लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर हमले की योजना बनाने का आरोप है।

#### वर्षों के प्रयास के बाद भारत प्रत्यर्पित हुआ है तहाव्वुर राणा

एनआईए ने राणा के प्रत्यर्पण के लिए वर्षों तक प्रयास किए। एजेंसी ने अमेरिका की एफबीआई, न्याय विभाग (यूएसडीओजे) और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया। राणा पर आरोप है कि उसने मुंबई हमलों की साजिश में अहम भूमिका निभाई थी।

## सिक्किम के लाचेन में फंसे पर्यटकों को आज सुबह से निकाला जाएगा

**गंगटोक (हि.स.)।** सिक्किम के उत्तरी जिले लाचेन में फंसे पर्यटकों को निकालने का काम आज सुबह से शुरू किया जाएगा जबकि लाचुंग में फंसे पर्यटकों को निकालने का काम जारी है। मंगन के जिलापाल अनंत जैन ने शनिवार को लाचुंग सड़क साफ करने की प्रगति का आकलन करने के लिए स्थलगत दौरा किया। यात्रा के दौरान जिलापाल के साथ चुंगथांग के एसडीएम, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंगन के प्रतिनिधि, लाचुंग जुम्सा के पिपन, ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन आफ सिक्किम और ड्राइवर्स एसोसिएशन के सदस्य भी थे। भ्रमण टोली ने ट्विन फॉल्स से अपना निरीक्षण शुरू किया, जहां जिलापाल ने मशीन ऑपरेटरों को सड़क साफ करने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम खिदुम चेकपॉइंट के लिए रवाना हुई और वहां चल रहे पुनर्स्थापना प्रयासों की निगरानी की। जिला प्रशासन ने बताया कि अब तक चुंगथांग और ट्विन फॉल्स के बीच दो बड़ी बाधाओं को सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। इसी तरह, खिदुम और लेमा में भी सड़कें खोल दी गई हैं। इन स्थानों के बीच शेष दो अवरोध बिंदुओं को भी जल्द ही हटा दिए जाने की उम्मीद है। उत्तरी जिला प्रशासन ने बताया है कि लाचुंग में फंसे पर्यटकों को निकालने का प्रयास चल रहा है। इसी प्रकार, लाचेन में फंसे पर्यटकों को भी कल सुबह से सुरक्षित निकाल का कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को भारी बारिश के कारण उत्तरी सिक्किम में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन हुआ था।

## लू से बचें, एक घंटे की धूप से भी हो सकता खतरा

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** इन दिनों धूप में एक घंटे बिताना बहुत नुकसानदेह हो सकता है। सूरज से आ रहीं अल्ट्रा वॉयलेट (यूवी) किरणें इतने ही देर में सनबर्न, ब्लैक स्पॉट व शरीर का पानी सूखा सकती हैं। मौसम का आकलन करने वाली एजेंसी के अनुसार, इन दिनों यूवी किरणों का स्तर 10 से 12 के आसपास दर्ज किया जा रहा है। जो कि बहुत उच्च खतरे की श्रेणी में आएगा। दिन में चार घंटे, सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक, सबसे ज्यादा यूवी किरणें धरती की ओर आ रहीं हैं। इससे आंख की रेटिना पर बहुत बुरा असर हो सकता है।इसके साथ ही शरीर की नमी सूख सकती है। डिहाइड्रेशन, त्वचा पर काले काले धब्बे और चक्कर आने की समस्याएं भी हो सकती हैं। इन दिनों आसमान साफ हो गया है, जिससे प्रकाश के आने की तीव्रता बढ़ जाती है। इस तरह से सीधे किरणें आती हैं।

तपती धूप में सूर्य से तीन तरह की यूवी किरणें ए, बी व सी निकलतीं हैं। इसमें से यूवी ए इंसानों तक पहुंचने से पहले ही अवशोषित हो जाती हैं। बाकी बी व सी धरती तक आती हैं, जो कि सीधे इंसानों को असर करती हैं। यदि इंडेक्स का स्तर 10 से ऊपर हो जाए तो फिर एक ही घंटे में शरीर के स्किन पर काले चकत्ते पड़ सकते हैं। आंख में जलन व खुजली हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से चक्कर आ जाएंगे। ये काफी खतरनाक हो सकता है। कपड़े पहनने के बाद भी अल्ट्रा वायलेट को फिल्टर करके बाहर नहीं रोक पा रहा है, क्योंकि शरीर की ऑब्जर्व करने की क्षमता कम हो जाती है। शरीर का तापमान बढ़ने के साथ ही पसीना आना, सिरदर्द होना या सिर का भारीपन महसूस हो सकता है। सबसे पहले बीमार को ठंडे व छायादार स्थान पर ले जाएं। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। व्यक्ति बेहोश न हो तो उसे ठंडा पानी पिलाएं, उसके कपड़े को निकाल कर शरीर पर गीले कपड़े या स्पंज रखें।

### ऐसे में लू से बचने के लिए करें ये उपाय

- धूप तेज हो जाए तो दोपहर 12:00 बजे से 3 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें।
- बीच -बीच में पानी पीते रहें।
- हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते व चप्पल का इस्तेमाल करें।
- यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें।
- यदि आपका काम बाहर का है, तो गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर रखें।
- चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- घर में बना पेय पदार्थ - लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना पीएं।
- अपने घर को ठंडा रखें, रात में खिड़कियां खुली रखें।
- शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें।
- धूप में खड़े वाहनों के अंदर बच्चों व पालतू जानवरों को न छोड़ें।
- खाना बनाते समय कमरे के खिड़की-दरवाजे खुले रखें, जिससे हवा का आना-जाना बना रहे।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## लश्कर ए तैयबा के 3 आतंकियों के घर ध्वस्त

- शोपियां, कुलगाम और पुलवामा जिलों में ढहाया गया है घर
- हमले में शामिल दो आतंकियों के घर एक दिन पहले ही गिराए गए थे

श्रीनगर (आईएएनएस)



जम्मू-कश्मीर के शोपियां, कुलगाम और पुलवामा जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों के घरों को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई शुक्रवार देर शाम और शनिवार को की गई। पुलवामा जिले के मुरान गांव में आतंकी एहसान-उल-हक शेख का घर ढहाया गया। कुलगाम जिले के मटालहामा गांव में आतंकी जाकिर अहमद गनी का घर तोड़ा गया, जो वर्ष 2003 से सक्रिय है। वहीं, शोपियां जिले के चोटीपोरा गांव में आतंकी शाहिद अहमद कुटे के घर को भी ध्वस्त किया गया, जो वर्ष 2002 से आतंकी गतिविधियों में शामिल है। इसके पहले, शुक्रवार को पहलगाम हमले में शामिल दो अन्य आतंकियों, आसिफ अहमद शेख (त्राल) और आदिल ठोकर (बिजबेहरा) के घरों को भी तोड़ा गया था।

पहलगाम आतंकी हमले पर पहली प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि आतंकियों, उनके समर्थकों और प्रायोजकों को ऐसी सजा दी जाएगी, जिसके बारे में उन्होंने सोचा भी नहीं होगा।

बिहार के मधुबनी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा था- आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

इस बीच, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी के साथ सुरक्षा समीक्षा की और सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन घाटी में निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वालों को पकड़ने के लिए हर जरूरी बल का उपयोग करें। पिछले छह दिनों से ड्रोन, हेलीकॉप्टर और अन्य तकनीकों की मदद से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है। खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि आतंकी कश्मीरी पंडितों और घाटी में काम करने वाले गैर-स्थानीय लोगों को टारगेट कर सकते हैं।

### पाक में सिंधु नहर परियोजना के खिलाफ प्रदर्शन तेज, प्रदर्शनकारी बोले

## प्रोजेक्ट रद्द होने तक जारी रहेगा धरना

- सिंधु नदी पर प्रस्तावित छह नहरों के निर्माण के विरुद्ध दिया जा रहा धरना
- प्रदर्शन में महिलाओं और बच्चों समेत दो लाख से ज्यादा लोग शामिल

सिंध (आईएएनएस)

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में केंद्रीय सरकार की सिंधु नदी पर छह नई नहरें बनाने की परियोजना के खिलाफ चल रहा प्रदर्शन और तेज हो गया है। वकील, राजनीतिक दल और कई नागरिक संगठनों ने खैरपुर जिले के बाबरलोई बाइपास पर पिछले हफ्ते से धरना जारी रखा है। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा है कि जब तक सरकार इस परियोजना को पूरी तरह रद्द नहीं करती, वे धरना खत्म नहीं करेंगे। आंदोलनकारियों के मुताबिक, इस प्रदर्शन में दो लाख से ज्यादा लोग शामिल हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह विरोध सिंधु नदी पर प्रस्तावित छह नहरों के निर्माण के विरुद्ध है। सिंध की जनता इसे अपनी आजीविका और पर्यावरण के लिए खतरा मानती है। बाबरलोई में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कराची बार एसोसिएशन (केबीए) के अध्यक्ष आमिर नवाज वाराइच ने पुलिस को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा, अगर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को परेशान किया या कोई कदम उठाया, तो पूरा सिंध बंद हो जाएगा और इसके लिए पुलिस जिम्मेदार होगी।

वाराइच ने कहा कि धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक परियोजना रद्द करने की अधिसूचना जारी नहीं हो जाती। उन्होंने केंद्र सरकार को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है कि वह परियोजना रद्द करने की अधिसूचना जारी करे। वाराइच ने कहा, अगर ऐसा नहीं हुआ, तो हम रोहरी में रेलवे ट्रैक जाम कर देंगे।

जमीअत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) सिंध के नेता अल्लामा राशिद महमूद सूमरो ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने गुरुवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के उस बयान को खारिज कर दिया।

#### प्रदर्शन के कारण प्रभावित हुई है आपूर्ति व्यवस्था

प्रदर्शन के कारण देश की आपूर्ति व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट गुड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तारिक गुज्जर ने बताया कि सक्कुर-लरकाना और बहावलपुर के आसपास 10,000 से 15,000 ट्रक, कंटेनर, और तेल टैंकर सड़क जाम होने के कारण फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सक्कुर-लरकाना क्षेत्र से बहावलपुर तक माल की आवाजाही पूरी तरह ठप है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को ब्लॉक कर रखा है, जिससे व्यापार और परिवहन पर भारी असर पड़ा है।

## एपस्टीन मामले में आरोप लगाने वाली वर्जीनिया गिफ्रे ने 41 वर्ष की आयु में आत्महत्या की



**कैनबरा (आईएएनएस)।** जेफरी एपस्टीन के शोषण और तस्करी नेटवर्क को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली वर्जीनिया गिफ्रे ने 41 साल की उम्र में आत्महत्या कर ली। उनके परिवार ने शुक्रवार को पुष्टि की कि उनका निधन ऑस्ट्रेलिया के नीर्गैबी में हुआ। गिफ्रे ने साहस के साथ एप्सटीन और उनके प्रभावशाली सहयोगियों के खिलाफ आरोप लगाए। उन्होंने यौन शोषण और तस्करी से प्रभावित लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और न्याय की लड़ाई लड़ी। अंत में उन्होंने ऐसे लोगों को सजा दिलाई। फ्लोरिडा में जन्मीं और पली-बढ़ीं गिफ्रे को बचपन में ही एक पारिवारिक परिचित से यौन शोषण का सामना करना पड़ा। इन शुरुआती आघातों ने उनकी किशोरावस्था को बहुत प्रभावित किया। वह बेघर भी हो गईं। इसी दौर में उनकी मुलाकात एप्सटीन की करीबी सहयोगी घिसलीन मैक्सवेल से हुई। 1999 से 2002 के बीच, यह आरोप लगाया गया है कि एप्स्टीन ने गिफ्रे को कई बड़े लोगों के पास गलत कामों के लिए भेजा था। उसने जिन लोगों के नाम लिए, उनमें ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू और फ्रांस के मॉडलिंग एजेंट जीन-ल्यूक ब्रनेल शामिल थे।

### कहानी फिल्म जगत की

## एआर रहमान पर लगा 'शिव स्तुति' धुन चोरी का आरोप, 2 करोड़ का जुर्माना, कोर्ट ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान एक बार फिर गलत वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने धुन कॉपी के आरोप में उनके और फिल्म प्रोडक्शन कंपनी मद्रास टॉकीज पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका है। मामला ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म 'पोन्नियन सेलवन 2' के गाने 'वीरा राजा वीरा' से जुड़ा है।



कोर्ट ने रहमान को इस मामले में नोटिस भेज दिया है। पद्मश्री से सम्मानित उस्ताद फैयाजुद्दीन वसीफुद्दीन डागर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि 'वीरा राजा वीरा' गाने की धुन उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा नासिर जाहिरुद्दीन डागर की कंपोज 'शिव स्तुति' से कॉपी की गई है। उन्होंने दावा किया कि बेशक गाने के बोल अलग हैं, लेकिन इस गाने की लय और बीट्स 'शिव स्तुति' से बिलकुल मिलती है और इसका श्रेय उनके परिवार को नहीं दिया गया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान माना कि गाना 'शिव स्तुति' की पूरी तरह नकल है। बस कुछ मामूली बदलाव किए गए हैं। रहमान और निर्माता कंपनी ने उनके काम को कोई श्रेय नहीं दिया।

कोर्ट ने साफ कर दिया कि डागर के काम को बिना उचित श्रेय के इस्तेमाल करना कॉपीराइट उल्लंघन है। कोर्ट ने 2 करोड़ का जुर्माना लगाते हुए निर्देश दिया है कि गाने में साफतौर से लिखा जाए कि यह दिवंगत उस्ताद नासिर फैयाजुद्दीन डागर और उस्ताद नासिर जाहिरुद्दीन डागर की 'शिवा स्तुति' पर आधारित रचना है। इसे सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन माध्यमों पर अपडेट किया जाए। यही नहीं, डागर परिवार को भी दो लाख रुपये का हर्जाना देना होगा। कोर्ट ने साफ किया कि हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की मूल रचनाएं कॉपीराइट कानून के तहत संरक्षित हैं। अगर कोई रचना संगीतकार की अपनी है तो उसे पूर्ण कानूनी अधिकार मिलेगा। वहीं एआर रहमान ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने तर्क दिया कि 'वीरा राजा वीरा' गाना एक मौलिक रचना है।

